जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें



# जागरूक टाइम्स

सिरोही, बुधवार, 22 जनवरी 2025 | वर्ष : 18 | अंक : 06 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 2.50 रू.





'छावा' में लोगों को नहीं भाई रश्मिका... पेज -09


## न्यूज ब्रीफ

### अस्पताल से डिस्चार्ज हुए सैफ अली खान

**मुंबई।** एक्टर सैफ अली खान को पांच दिन बाद मंगलवार को लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। 15 जनवरी की रात करीब ढाई बजे उन पर चाकू से हमला किया गया था।



सैफ के गले और रीढ़ में गंभीर चोटें आई थीं। इसके बाद सैफ ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे थे, जहां उनकी सर्जरी हुई और इलाज चला। सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल से घर पहुंचने में करीब 15 मिनट लगे। इस दौरान वे सड़क पर लोगों का हंसकर अभिवादन करते दिखे।

### बुलंदशहर में गैस रिसाव से दो मजदूरों की मौत

**बुलंदशहर।** सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र में बेटेक्स एनर्जीस बियोंड लिमिटेड कंपनी में मंगलवार को गैस रिसाव होने से हादसा हो गया। इसमें गुलावठी निवासी सतेन्द्र व मुरादाबाद निवासी अंकुश ठाकुर की मौत हो गई। गिरीश को बेहोशी की हालत में नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कंपनी में ओपनिंग से पहले ट्रायल चल रहा था। डीएम व एसएसपी मौके पर पहुंच गए।

### कांग्रेस नेता 'आप' में शामिल



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के दिग्गज नेता लोकेश बंसल ने मंगलवार को पार्टी का साथ छोड़ दिया। बंसल कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आप में शामिल हो गए हैं।

### न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार बने दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पद की शपथ ली। राजभवन में आयोजित समारोह में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भी मौजूद रहीं।

## नवीकरणीय ऊर्जा पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक

### केंद्रीय मंत्री जोशी बोले, भविष्य के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना हम सबका कर्तव्य

### सीएम शर्मा बोले, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हाइब्रिड ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा राजस्थान

**वर्ष 2030 तक अक्षय ऊर्जा का उत्पादन 500 गीगावाट तक बढ़ाने की प्रतिबद्धता को अवश्य पूरा करेंगे**

**विकसित राजस्थान 2047 का संकल्प पूरा करने में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र का रहेगा महत्वपूर्ण योगदान**

**मुख्यमंत्री ने पीएम कुसुम 2.0 की शुरुआत करने का केन्द्र सरकार से आग्रह किया**






जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** केन्द्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2030 तक देश में अक्षय ऊर्जा का उत्पादन 500 गीगावाट तक बढ़ाने, वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा से ऊर्जा आवश्यकता का 50 प्रतिशत पूरा करने तथा वर्ष 2070 तक देश को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन तक ले जाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इस प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में केन्द्र और राज्य सरकारें तेजी से काम कर रही हैं।

केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी मंगलवार को जयपुर के एक होटल में आयोजित नवीकरणीय ऊर्जा पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2032 तक देश की ऊर्जा आवश्यकता दोगुनी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था। सबसे तेज गति से प्रगति करते हुए देश आज 5 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र आगे बढ़ सकें, इसके लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। केन्द्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप 2026) के अनुसार आने वाले समय में कार्बन उत्सर्जन घटाने और पर्यावरण हितैषी ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिए आने वाले वर्षों में विश्व के कई देशों में जीवाश्म ईंधन के औद्योगिक उपयोग पर हरित टैक्स लगाने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में भारतीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने और ग्लोबल वार्मिंग से निपटते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना हम सबका कर्तव्य है।

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### सीएम शर्मा बोले, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा के दक्ष उपयोग, नवीकरणीय स्रोतों को अपनाने और नई ऊर्जा नीतियों को विकसित करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा में बड़ी भूमिका निभायेगा और विकसित राजस्थान 2047 का संकल्प पूरा करने में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024 जारी की है जिसमें वर्ष 2030 तक 125 गीगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसमें भी 28 लाख करोड़ से अधिक तो अकेले ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित है। इन एमओयू से स्थापित होने वाली परियोजनाओं से प्रदेश में सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान कुसुम योजना में देश का अग्रणी राज्य है। इस योजना में राज्य में 5 हजार मेगावाट से अधिक की सौर परियोजनाए विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कुसुम 2.0 की शुरुआत करने का केन्द्र सरकार से आग्रह किया ताकि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। उन्होंने राज्य को 5 हजार मेगावाट की नवीन क्षमता का आवंटन करने के लिये केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आगामी समय में कृषि विद्युत भार की पूर्ति सौर ऊर्जा से करने पर भी राज्य सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राज्य में 5 लाख घरों में रूफटॉप संयंत्र लगाए जाने की प्रक्रिया चल रही है और अब तक लगभग 25 हजार घरों पर संयंत्र लगाए जा चुके हैं। सभी राजकीय भवनों को सोलर एनर्जी से लैस करने का कार्य शुरू कर अब तक 489 मेगावाट के एलओए हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल पर जारी किए जा चुके हैं।


इन लक्ष्यों की प्राप्ति से ना केवल राज्य में निवेश बढ़ेगा बल्कि इससे नवीन रोजगार एवं व्यवसाय में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हाइब्रिड ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए 2000 मेगावाट के नवीन सोलर पार्क की स्वीकृति से राज्य में सौर परियोजनाओं को गति मिलेगी।

## प्रयागराज महाकुंभः 2025

# फरवरी में जा सकते हैं पीएम नरेन्द्र मोदी

### दस फरवरी को राष्ट्रपति के जाने की उम्मीद

### 27 को अमित शाह भी जाएंगे कुंभनगरी



**नई दिल्ली।** कुंभनगरी प्रयागराज में दुनियाभर से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। पीएम नरेन्द्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेले में दौरा करने की उम्मीद है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी 10 फरवरी को प्रयागराज आने की उम्मीद है। पीएम मोदी के आने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 जनवरी को महाकुंभ मेले में शामिल होने वाले हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी एक फरवरी को समारोह का हिस्सा बन सकते हैं। 27 जनवरी को गृह मंत्री शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने वहां पर सतर्कता बढ़ा दी है। उनके बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले हैं। उपराष्ट्रपति एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। अपनी यात्रा के दौरान उनके शहर में आयोजित होने वाले कई प्रमुख कार्यक्रमों में भी भाग लेने की उम्मीद है। इन नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है।

### सुरक्षाबालों की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

## छत्तीसगढ़ में 20 नक्सली ढेर

### एक करोड़ का इनामी भी मारा गया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में पिछले 36 घंटे से नक्सलियों और सुरक्षाबलों की मुठभेड़ जारी है। अब तक कुल 20 नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी सामने आई है। साथ ही भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह से कुल्हाड़ीघाट के भालुडिग्गी की पहाड़ियों पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। दो नक्सलियों के शव मिले थे, जिनमें से एक महिला है। आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा के मुताबिक, मंगलवार को 20 नक्सलियों के शव जवानों ने किया बरामद किए हैं। एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस समेत कई आटोमैटिक हथियार भी मौके से बरामद हुए हैं। जवानों का सर्च ऑपरेशन जारी है। एक करोड़ के इनामी नक्सली उड़ीसा स्टेट का चीफ जयराम उर्फ चलपती भी मारे गए नक्सलियों ने शामिल है।

## तुर्किये के रिसॉर्ट में आग से 66 लोगों की मौत



### चादरों की रस्सी बनाकर उतरे लोग, 51 लोग घायल

**अंकारा।** तुर्किये के बोलू राज्य में स्थित कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट में मंगलवार को आग लगने से 66 लोगों की मौत हो गई। आग घबराकर कई लोगों ने 11 वीं मंजिल से कूद गए। इससे कई घायल हो गए और कई की मौत हो गई। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। न्यूज एजेंसी के मुताबिक आग लगने के बाद भगदड़ मच गई थी।

अधिकारियों के मुताबिक होटल में स्थानीय समयानुसार रात में करीब 3.30 बजे लगी थी। इसने 11 मंजिला इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। तुर्किये के अखबार के मुताबिक कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट एक चट्टान पर है। इसकी वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को वहां तक पहुंचने में बहुत मुश्किलें आईं और राहत कार्यों में देर हुई।

बोलू के गवर्नर अब्दुल अजीज आयडिन ने बताया कि इस होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। 30 दमकल गाड़ियां और 28 एंबुलेंस मौके पर भेजी गईं। अधिकारियों ने आग पर काबू पाने के लिए 267 इमरजेंसी वर्कर्स को भी तैनात किया है।

### अदाणी का यूपी में बड़ा ऐलान...

## अडानी समूह अधिक निवेश करने को कमिटेड

### पति-पत्नी ने महाकुंभ में किया स्नान और पूजा अर्चना





**प्रयागराज।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश के लिए कमिटेड है। अपनी पत्नी प्रीति अदाणी के साथ महाकुंभ में आए।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारी अवसर मौजूद हैं और प्रदेश सरकार विकास को लेकर जिस दिशा में काम कर रही है, उसमें अदाणी समूह का निरंतर योगदान रहेगा। अदाणी समूह उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध है। महाकुंभ के अनुभव के बारे में उन्होंने कहा, कि यहां की भव्यता और व्यवस्था के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देशवासियों की तरफ से धन्यवाद देता हूं। इस मेले में करोड़ों लोग आते हैं और यहां सफाई और अन्य व्यवस्थाएं प्रबंधन संस्थान और औद्योगिक घराने के लिए शोध का विषय है। यहां आकर बहुत अद्भुत अनुभव हुआ। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि गौतम अदाणी ने अपनी पत्नी और अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन प्रीति अदाणी के साथ गंगा में स्नान किया और पूजा अर्चना की। वे गंगा तट पर स्थित शंकर विमानमंडपम मंदिर भी गए। अदाणी समूह ने महाकुंभ मेले में प्रसाद वितरण के लिए इस्कॉन के साथ गठबंधन कर रखा है।

## राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का रिजल्ट जारी

**पहली बार ऑनलाइन जांची गई कॉपियां** | **शिक्षा मंत्री ने जारी किया रिजल्ट**




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान स्टेट ओपन के इतिहास में पहली बार कॉपी जांच और मूल्यांकन का काम पूरी तरह ऑनलाइन किया गया। नतीजन रिकॉर्ड 15 दिन में प्रक्रिया पूरी कर रिजल्ट जारी कर दिया गया।

मंगलवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने राजस्थान स्टेट ओपन एग्जाम अक्टूबर-नवंबर 2024 की कक्षा 10वीं और 12वीं का परिणाम जारी किया। इस दौरान ऑनलाइन मूल्यांकन कार्य में श्रेष्ठ काम करने वाले 21 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। शिक्षा संकुल में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का रिजल्ट जारी किया। इस बार के रिजल्ट में 10वीं क्लास में 16317 छात्रों में से 7105 छात्र पास हुए। जबकि 9212 छात्र आंशिक पास हुए। इसी तरह 12वीं क्लास में 15714 छात्रों में से 7063 स्टूडेंट पास हुए। जबकि 8650 छात्र आंशिक पास हुए। शेष स्टूडेंट आशिक उत्तीर्ण रहे। जिन्हें दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा।

## विस. अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की एंजियोग्राफी रिपोर्ट नॉर्मल





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सीने में दर्द की शिकायत के बाद हॉस्पिटल में भर्ती हुए राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी (77) की मंगलवार को जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में एंजियोग्राफी की गई। देवनानी की एंजियोग्राफी रिपोर्ट नॉर्मल आई। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि उनकी आर्टरी में 40 से 45 परसेंट का ब्लॉकेज है। यह बहुत कम मात्रा में है। लिहाजा इसमें किसी तरह की समस्या नहीं आती है। फिर भी हमने भविष्य को देखते हुए उनको कुछ दवाइयां सजेस्ट की हैं।

### सीएम भजनलाल शर्मा ने स्पीकर देवनानी की कुशलक्षेम जानी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को एसएमएस अस्पताल पहुंचे। उन्होंने वहां विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने देवनानी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

### हेल्थ मिनिस्टर पहुंचे एसएमएस

मंगलवार सुबह करीब 10 बजे हेल्थ मिनिस्टर गजेन्द्र सिंह खींवसर एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचे। यहां वे आईसीयू में गए। देवनानी से मुलाकात कर उनकी तबीयत के बारे में जानकारी ली। करीब 15-20 मिनट की मुलाकात के बाद मंत्री ने देवनानी की हेल्थ को लेकर डॉक्टरों से भी चर्चा की।

# उत्साह से मनाई रामानंदाचार्य जयंती, निकली शोभायात्रा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** रेवतड़ा स्थित चारभुजा मंदिर में मंगलवार को वैष्णव वैरागी समाज द्वारा रामानंदाचार्य का 725वां जयंती महोत्सव संतों के सानिध्य में हर्षोल्लास से मनाया गया। सवेरे मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समाजबंधु पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर पहुंचे। शोभायात्रा में सुसज्जित अश्वों पर लाभार्थी परिवारों के सदस्य पताका फहराते हुए जयकारे लगा रहे थे। बैंड पार्टी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों पर युवा गुलाल उड़ाते हुए झूमते हुए चल रहे थे। रथनुमा वाहनों में स्वामी रामानन्दाचार्य की तस्वीर लेकर सेवंत्री महंत लक्ष्मणदास खाकी महाराज एवं लाभार्थी परिवार सवार थे। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः चारभुजा मंदिर प्रांगण पहुंचकर विसर्जित हुई। इसके बाद महाआरती का आयोजन हुआ। साथ ही विभिन्न चढावों के लाभार्थियों का सम्मान किया गया। इस दौरान रेवतड़ा, सायला, आलासन, बाकरा, नून, तवाव, मांडवला, भीनमाल सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## भजन संध्या में झूमे श्रोता

जयंती महोत्सव की पूर्व संध्या पर सोमवार को भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में गायक श्रवणदास ने एक से बढ़कर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रकाशदास रामावत ने गणेश वंदना व गुरू वंदना एवं छगन गोस्वामी ने भजनों की प्रस्तुति दी। नृत्य कलाकार मनीष मारवाड़ी एंड पार्टी द्वारा विभिन्न झांकियों द्वारा शिव-गौरी विवाह, भस्म स्नान, राधा-कृष्ण की झांकी की प्रस्तुति दी। जादूगर रिलांयस ने अपनी जादूकला से सभी को रोमांचित किया। भजन संध्या में वार्षिक चढावे भी बोले गए। जिसमें समाजबंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।



# जिला बहाली तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

## धरना 24वें दिन जारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में 24 दिन से चल रहे धरने को मंगलवार को चौरा के ग्रामीणों ने समर्थन देकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार गरीबों के हित को ध्यान में रखते हुए तुरंत जिला बहाल करें, ताकि जरूरतमंद लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, ग्रामीणों ने कहा कि जिला कलेक्टर व प्रशासन जब सांचौर जिले के रूप में कार्य कर रहे थे तो उनको खत्म करना अन्यायपूर्ण है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वे पिछले 24 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे है। किन्तु सरकार द्वारा कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। जिससे ग्रामीणों में रोष है। इस दौरान सीएम के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, भीमाराम चौधरी, केशाराम मेहरा, सुनील विश्नोई सरपच, गनीखान उप प्रधान चितलवाना, राणाराम विश्नोई, बीरबल शाऊ, घमडाराम चौरा, सतरसिंह राजपूत, सुखराम विश्नोई, नारनाराम, सतसिंह, कालूराम मांगीलाल, भागीरथराम, देवाराम, रामलाल, भूराराम, बाबुलाल सारण, किशनलाल, रामचन्द्र लेगा, प्रकाश माल, अशोक साहू, जगदीशकुमार, विकासकुमार, भीखाराम माली, जालमसिंह राजपूत, गोरधनराम, मसराराम, रमेशकुमार, भूराराम, भागीरथराम कुराडा, मनोज मेहरा, प्रकाश माली, सचिन, जगदीश, अशोक साहू, भीखाराम माली, अर्जुन भील, हरिराम सारण, देवाराम, मसराराम गर्ग सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सांचौर जिला बाहल करने की मांग को लेकर बुधवार को कीलवा के ग्रामीण धरना प्रदर्शन करेगें।

# रोजगार सहायता शिविर 29 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** शहर के राजेंद्र नगर स्थित जालोर क्लब में 29 जनवरी को रोजगार विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी ललित कुमार ने बताया कि शिविर में बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा मौके पर साक्षात्कार के उपरांत रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएं जाएंगे। शिविर में मुख्य रूप से सिक्युरिटी गार्ड, आइटीआइ उत्तीर्ण, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्स मैनेजर व बीमा क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएंगे।

# शिक्षा मंत्री दिलावर आज जिले के दौरे पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर गुरूवार को जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे। कार्यक्रमानुसर दिलावर गुरूवार को सांचौर आएंगे। 10 बजे सांचौर से रवाना होकर प्रातः 10.30 बजे रतनपुरा (चितलवाना) पहुंचेंगे। जहां राउप्रावि रतनपुरा में भामाशाह द्वारा निर्मित विद्यालय के नए भवन का शिलान्यास करेंगे।

# जलग्रहण को ग्रामीणों को किया जागरुक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 योजना के तहत गिरते भू-जल में सुधार एवं जलग्रहण विकास से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से जनजागरण के लिए पंचायत समिति सांचौर की ग्राम पंचायत चौरा एवं जसवंतपुरा पंचायत समिति की चांदूर ग्राम पंचायत में विभिन्न कार्यक्रम हुए। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने बताया कि इसके तहत 21 व 22 जनवरी को राज्य स्तर से आई वैन एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गिरते भू-जल में सुधार एवं जलग्रहण विकास के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं।

# महाकुंभ से लौटने पर किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** कलापुरा के खेतलाजी (सिन्दरथ खेतलाजी) मंदिर के उपासक व भोपाजी मफतलाल माली का प्रयागराज महाकुंभ, अयोध्या, गोकुल मथुरा, काशी विश्वनाथ, खाटू श्याम, मेंहदीपुर बालाजी, सांवरिया सेठ व बाणमाता चितौड़गढ़ की चार दिवसीय धार्मिक यात्रा कर लौटने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। खेतलाजी मंदिर परिसर में स्वागत समारोह के मौके पर महाप्रसादी का भी आयोजन किया गया। इस दौरान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के महंत सुखदेवगिरी, मोडाराम माली, मंछालाल माली, केराराम माली, लक्ष्मणभाई, बाबूभाई, रमेशकुमार, जीतू माली, अंबाराम प्रजापत, पप्पूभाई, उत्तम देवासी, थानाराम प्रजापत, दीपसिंह, भीमराज पुरोहित, गणेश माली, जब्बरसिंह, माधुराम चौधरी, भीमाराम, मगनलाल पुरोहित, लालसिंह, कालाराम चौधरी, भरत माली, दानाराम प्रजापत, शांतिलाल बी, चतराराम चौधरी, दलपतसिंह देवड़ा, विक्रम पुरोहित, अनिल राठी सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अब तक 443 कार्ड धारकों व 2219 सदस्यों ने हटवाए नाम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित अपात्र व्यक्तियों के नाम स्वेच्छा से हटवाने के लिए 31 जनवरी तक चलाए जा रहे गिव अप अभियान के तहत जिले में अब तक 443 कार्डधारकों व 2 हजार 219 सदस्यों ने स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़ दिया है। जिला रसद अधिकारी व जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने गिव अप अभियान का उद्देश्य उन सक्षम व्यक्तियों को प्रेरित करना है जो योजना की निष्कासन श्रेणियों में आते हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभााग द्वारा अपील की गई है कि सक्षम व्यक्ति समाज के गरीब भाई-बहिन एवं उनके परिवार के लिए योजना के लाभ को गिव अप कर गरीब कल्याण में अपनी भूमिका निभाएं। अभियान के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा से सक्षम व्यक्तियों द्वारा अपना नाम कटवाने पर उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

# जुआ खेलने के आरोप में 13 गिरफ्तार, 18 हजार रुपए जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** पुलिस ने विशेष कार्रवाई करते हुए जुए के अडड्े पर छापा मारकर 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से दाव पर लगाए 18 हजार 290 रुपए बरामद किए गए। थानाधिकारी दीपसिंह चौहान के अनुसार हैड कांस्टेबल अर्जुनराम ने मय टीम के साथ महाराणा प्रताप चौक पर एक खुले बाड़े मे चल रहे जुए के अड्डे पर कार्रवाई कर 13 जनों को गिरफ्तार किया। इस जगह पर लम्बे समय से अवैध जुए का कारोबार चल रहा था। जानकारी मिलने पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। सभी आरोपी रानीवाड़ा शहर के है।



# परमात्मा के नियमों की पालना ही छःरि पालित संघ यात्रा की पूर्णता : मणिप्रभसूरी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य मणिप्रभसुरी की निश्रा एवं साधु साध्वियों के सान्निध्य में चितलवाना से जीरावला छःरि पालित संघ यात्रा का प्रस्थान हुआ। प्रस्थान से पूर्व छःरी पालित संघ यात्रा के लाभार्थी शांतिदेवी जुगराज पंचाणमल मरडीया परिवार चितलवाना का विजय तिलक भूरीदेवी भूतमल पंचांणमल मरडीया परिवार द्वारा किया गया। संघ यात्रा में भगवान का रथ, धर्म ध्वजा, गजराज, बैंड की मधुर धुन के भक्ति गीतों के साथ युवाओं की नृत्य करती टोलियों से वातावरण कुछ अलग ही नजर आया। जैनाचार्य ने प्रवचन में कहा कि परमात्मा के नियमों का पालन करना ही छःरी पालित संघ की पूर्णता है। छःरी पालित संघ के सभी छह नियमों का सभी आराधकों को पालन करना चाहिए। आचार्य ने कहा कि सभी यात्रियों को दूध से दही बनने की प्रक्रिया का छःरि पालित संघ में पालन करना चाहिए। बिना कांटों के परमात्मा नहीं मिलते है। मंगलवार को प्रथम पड़ाव में प्रवचन करते हुए कहा कि परमात्मा कहते है कि झुककर चलो, देखकर चलो, धीरे चलो। उन्होंने कहा कि परमात्मा भी परीक्षा लेते है। जो कांटों को पार कर लेते है उनको फूल भी जल्दी मिलते है। हाड़ेचा नगर जैन संघ द्वारा गुरुदेव एवं सभा लाभार्थी परिवार को हाड़ेचा नगर में कीर्ति गुरु स्तंभ में आगमन की विनती की गई। हाड़ेचा संघ के शांतिलाल डोसी, समर्थमल मेहता, अशोक अरण्याई, घेवरचंद अरण्याई, लक्ष्मीचंद राठौड़ आदि मौजूद थे।

# बाइक का पीछा कर पेंथर ने किया युवक को जख्मी

- हो हल्ला मचाने पर भागा पेंथर, पंजे के झपट्टे से पीठ में आई चोट
- दूसरी घटना में बचने के प्रयास में तेज गति से भगाई बाइक के फिसलने से युवक हुआ घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर कथित तौर पर पेंथर की ओर से बाइक सवारों पर हमला करिने की घटनाएं सामने आई है। एक घटना में बाइक के पीछे बैठा युवक पेंथर के पंजे की चोट से घायल हो गया। इसी के साथ बाइक फिसल गई। लेकिन, चालक व पीछे बैठक युवक के शोर मचाने पर पेंथर जंगल की ओर भाग गया। दूसरी घटना में बाइक पर हमला किया गया। इस पर चालक तेज गति से बाइक भगा ले गया। आगे जाकर गिरने से युवक चोटिल हो गया। इस बीच पेंथर भाग गया। बहरहाल दोनों घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। सोमवार रात गुड़ा भोपसिंह मार्ग पर पेंथर के हमले में घायल नारायणलाल ने बताया कि वह अपने साले नेनाराम के साथ बाइक पर खेत से अपने घर गुड़ा भोपसिंह जा रहा था। इस दौरान बीच रास्ते में लेपर्ड ने उन पर हमला कर दिया। जिसके बाद बाइक चालक ने बाइक को तेज भगाने की कोशिश की। इस पर पेंथर ने पीछा करना शुरू कर दिया। एक स्थान पर दूरी कम होने पर पेंथर ने पीठ पर पंजे से वार कर दिया। ऐसे में बाइक गिर गई। दोनों के जोर जोर से शोर मचाने पर पेंथर जंगल की ओर चला गया। परिजनों ने उसे देसूरी के अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार किया गया। उधर मंगलवार सवेरे गुड़ा भोपसिंह निवासी राजूराम पुत्र पेमाराम भील बाइक पर घाणेराव की ओर जा रहा था। रास्ते में घात लगाए बैठे पेंथर ने बाइक का पीछा किया। मगर राजूराम बाइक को भगा ले गया। आगे जाकर बाइक फिसल गई। जिससे वो घायल हो गया। इस बीच पेंथर मौके से भाग गया। दोनों घटनाओं में बड़ी जनहानि हो सकती थी। पेंथर के मूवमेंट व हमले से हर कोई दहशत में है। वन विभाग को सूचना मिलने पर पेंथर को पकड़ने के लिए टीमें मौके पर पहुंच गई है।



# वेदलक्षणा गोमाता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**साचौर।** वेदलक्षणा गोमाता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को नंदराम, बलदेवदास एवं विट्ठल कृष्ण महाराज के सानिध्य में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोमाता मंदिर व सत्येश्वर महादेव मंदिर की प्रतिष्ठा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर अलग-अलग कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी गई। 29 जनवरी को शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान उदाराम वैष्णव, सत्येंद्र विश्नोई, आत्माराम पुरोहित, दलसुखराम पुरोहित, वासुदेव पुरोहित, हंसराज पुरोहित, राजगढ़, ओम माली, रमेश खेजडियाली, कपिल, रौनक राजगढ़, प्रकाश भडवल, नारायण दवे, मुकेश राजगुरु, तुलसाराम झोटड़ा, हंसराज पालड़ी, कमलेश पांडे, नरसीराम, रामनिवास नाबरिया, कांतिलाल पुरोहित मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा के बताए नियम, जीवन रक्षा का दिया गया संदेश




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात पुलिस के मार्गदर्शन में नेहरु युवा केंद्र जालोर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व इम्मानुअल सीनियर सैकेंडरी स्कूल जालोर के युवाओं द्वारा हरिदेव जोशी सर्किल और हॉस्पिटल चौराहा पर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। हरिदेव जोशी सर्किल से सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए स्वयंसेवकों की रैली निकाली गई। यातायात विभाग के कांस्टेबल नोपाराम, आइटीआइ के अनुदेशक कुलदीपसिंह, इम्मानुअल सीनियर सैकण्डरी स्कूल के गणपत गहलोत, प्रशिक्षक हितेन्द्र वैष्णव व नेहरु युवा केंद्र के खसाराम उपस्थित रहे।

# विषाक्त पदार्थ के सेवन से बंदरों की हुई मौत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री/सिलदर।** आमलारी में विषाक्त पदार्थ के सेवन से करीब 50 बंदरों की मौत हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अपनी फसल को पशुओं से बचाने लिए खाद्य पदार्थ में विषाक्त मिला लेते हैं। जिसको खाने से जंगली जानवर और पशु काल के ग्रास हो जाते हैं। घटना की जानकारी तब हुई जब विषाक्त पदार्थ सेवन कर बंदर पानी के लिए भटकते हुए पंचायत भवन की तरफ आए। इस बीच उनकी मौत हो गई। इतनी बड़ी संख्या में बंदरों की मौत को लेकर हर कोई अचंभित था। बंदरों की मौत को लेकर ग्राम पंचायत आमलारी द्वारा पुलिस थाना कालंद्री में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट देकर कार्रवाई की मांग की है।

# ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता के तत्वावधान में महिला एवं बाल विकास के सभा भवन में ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार एवं आत्मरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत नवाचार की जानकारी दी। महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक गायत्री विश्नोई ने सभी साथिनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं किशोरी बालिकाओं को मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं को भी जागरूक करने व महिला बाल विकास व महिला अधिकारिता विभाग की सरकारी योजना एवं कौशल प्रशिक्षण को प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने को प्रेरित कया। सुपरवाइजर सुंदर ने आइसीडीएस योजना की जानकारी दी। इसी दौरान सहायक लेखा अधिकारी कौशल्या विश्नोई, कनिष्ठ सहायक महेश कुमार सहित विभिन्न महिलाएं व कार्मिक उपस्थित रहें।

# विकास कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई: जिला प्रमुख

## जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला परिषद सभागार में मंगलवार को जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित की अध्यक्षता में जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रमुख पुरोहित ने अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए गंभीरता एवं पूर्ण संवेदनशीलता के साथ काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार की मंशा आमजन को अधिक से अधिक राहत प्रदान करने एवं विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की है। इसके लिए सभी अधिकारी राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं की जमीनी स्तर पर क्रियान्विति सुनिश्चित करते हुए सभी को राहत प्रदान करें। उन्होंने विकास कार्यों की उच्च गुणवत्ता को सुनिश्चित करते हुए स्वीकृत कार्यों को अति शीघ्र प्रारम्भ करवाने तथा विभिन्न लंबित कार्यों को भी तय समय में पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा राज्य व केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करें। साथ ही सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं का त्वरित निस्तारण करते हुए विभिन्न कार्यों का संयुक्त अवलोकन करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों को लेकर स्पष्ट कहा कि कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। विकास अधिकारियों को सरपंचों द्वारा कार्यों की एनओसी देने से पूर्व गुणवत्ता व अन्य आवश्यक मानकों पर कार्यों को परखनें संबंधी पत्र देने की बात कही। उन्होंने मंगला पशु बीमा योजना की जानकारी उचित प्रचार-प्रसार कर आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। साधारण सभा की बैठक में जिला प्रमुख सहित समस्त जनप्रतिनिधियों ने जिले के सभी विभागों से संबंधित विषयों पर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



### इन विभागों की परिवेदनों पर की चर्चा

बैठक में सदस्यों ने झुके हुए पोल, ढीले तारों को सही करने, ट्रांसफार्मर की उपलब्धता, पीएम सूर्य घर योजना, गारंटी पीरियड में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, जल जीवन मिशन, अवैध खनन, आधार केन्द्र, यूरिया व डीएपी की उपलब्धता, मंगला पशु बीमा योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा संबंधित को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। साधारण सभा में सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से सदन को अवगत करवाया गया जिस पर जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल ने सदन को पूर्ववर्ती बैठक के कार्रवाई विवरण एवं अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

साधारण सभा की बैठक में उप जिला प्रमुख मनीषा मीणा, पंचायत समिति सिरोही प्रधान हसमुख कुमार, जिला परिषद सदस्य दिलीपसिंह माडाणी, किरण कुमार, मगन कोली, पदमा मीणा, मधु, अर्जुनराम, सुकी देवी, कन्हैयालाल, जोशना माली, रतनाराम, रतन कंवर, रीना, डीएफओ कस्तुरी प्रशांत सुले, एएसपी देवाराम चौधरी, सीएमएचओ डॉ दिनेश खराडी, एसई वॉटरशेड संजय दवे, एसई पीएचईडी भोमाराम कुम्हार, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन अजित जैन, एक्सईएन जल संसाधन विभाग राज भंवरायत, जिला आबकारी अधिकारी अजय जैन समेत जिलास्तरीय अधिकारी, विकास अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# पीड़ित प्रतिकर स्कीम में 23.25 लाख का मुआवजा आदेश पारित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश सिरोही श्रीमती रूपा गुप्ता की अध्यक्षता में प्राधिकरण की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत लंबित प्रार्थना पत्रों पर विचार गया। प्राधिकरण के सचिव रामदेव सांदू (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) ने बताया कि इस बैठक में अपराध से पीड़ित व्यक्तियों के 11 मुआवजा प्रार्थना पत्रों पर विचार किए। जिसमें से छह 6 प्रार्थना पत्रों में पीड़ित, आश्रित, उत्तराधिकारी या सरंक्षक को तेईस लाख पच्चीस हजार की मुआवजा राशि देने का आदेश पारित किया। बैठक में पारिवारिक न्यायाधीश सुरेन्द्रसिंह सान्दू, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश चावला, एडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला, एएसपी अधीक्षक देवेन्द्र चौधरी, अध्यक्ष अभिभाषक संघ राजेन्द्रसिंह आढ़ा एवं लोक अभियोजक लक्ष्मणसिंह बाला उपस्थित रहे।

# दो मंदिरों में चोरी, चांदी के आभूषण गायब



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दांतराई।** रिदुआ चामुण्डा माता मंदिर व घांची समाज खिमज माता मंदिर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर मंदिर से चांदी के जेवरात व भंडारा गायब किया। जानकारी के अनुसा पुजारी प्रकाशदास वैष्णव ने बताया कि सोमवार शाम को वह पूजा अर्चना कर तालाब लगाने के बाद घर गया था। मंगलवार सवेरे आया तो मंदिर का दरवाजा खुला मिला। अन्दर जाकर देखा तो चामुण्डा माता मंदिर के ताले टूटे हुए थे। इस पर वैष्णव ने लोगों को इसकी जानकारी दी। सूचना पर दांतराई चौकी से हैड कांस्टेबल अनिल कुमार शर्मा, प्रकाश कुमार तथा हुकमाराम भी मौके पर पहुंचे तथा जांच की गई। घांची समाज मंदिर के मुख्य दरवाजा का ताला नहीं टूटा। लेकिन अन्दर से चांदी का हार, मुकुट, भण्डारा व चामुण्डा मताजी मंदिर से चांदी का मुकुट, आंख सहित गायब हो गए।

# नए मंदिर में शुभ मुहूर्त में स्थापित होंगे विघ्नहर्ता

## दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का आगाज 30 से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सदर बाजार के खारी बावड़ी स्थित 700 वर्ष प्राचीन गणेश प्रतिमा का नवनिर्माण मंदिर में विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठानों से स्थापना होगी। गणेश मण्डल की ओर से मंदिर जीर्णोद्वार कर दो दिवसीय प्रतिष्ठा का आयोजन 30 जनवरी से किया जा रहा है। महोत्सव के पहले दिन सवेरे भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद दिनभर धार्मिक कार्यक्रम होंगे। शाम को एक शाम भगवान गणेश के नाम भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें अंकुश गहलोत प्रस्तुतियां देंगे। समारोह के दूसरे दिन एंड पार्टी के सानिध्य में संध्या जागरण होगी। दूसरे दिन सवेरे नवनिर्माण मंदिर में भगवान विघ्नहर्ता समेत अन्य देवी देवताओं को स्थापित किया जाएगा। इसके बाद महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। महाप्रसादी फले चुन्दडी राजमहल में आयोजित होंगी। जिसमें शहर के 36 कॉम विभिन्न संगठनों को न्यौता दिया गया है। महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर गणेश मण्डल एवं सदर बाजार के व्यापारियों में काफी उत्साह है। महोत्सव को लेकर अध्यक्ष जीवाराम प्रजापत, राजेन्द अग्रवाल, अमृत खत्री, मनोहरसिंह, हरिश खत्री, गुरुमुख लखावानी, भरत डी छीपा, जितेन्द खत्री, संदीप परिहार, अभिषेक कंसारा, पुरुषोत्तमदास वैष्णव, मनोज सेन, विनोद सोनी, बंसीलाल सोनी, नरेश सोनी, गणेश खत्री, प्रवीण खत्री, मिनाल खत्री, भरत सोनी आदि तैयारियों में लगे हुए है। कार्यकर्ता एवं व्यापारियों ने घर घर जाकर पीले चावल वितरित किए है।

### आमजन एवं प्रशासन को किया आमंत्रित

गणपति मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर सिरोही जिला प्रशासन के समस्त आला अधिकारियों को प्राण प्रतिष्ठा निमित आमंत्रण न्यौता दिया गया। जिला सेशन एवं न्यायाधीश रूपा गुप्ता, जिला कलक्टर आल्पा चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश सापेला, जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक देवाराम चौधरी, मानव तस्करी विभाग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभु दयाल धानिया, एसडीएम हरीसिंह देवल, उप अधीक्षक मुकेश चौधरी, तहसीलदार जगदीश, डिस्कॉम के हेमंत प्रजापत, जिला स्वास्थ्य विभाग अधिकारी दिनेश खराड़ी समेत सभी को न्यौता दिया है।

# आदिवासियों को वितरित किए कंबल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** लब्धि सेवा संस्थान की प्रेरणा से खिवांदी की क्षमानंदी सेवा समिति के हिम्मतमल, सुरेश कुमार रमेश कुमार ताराचंद ने पिण्ड़वाड़ा के आदिवासी क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों एवं ग्रामीणें स्वेटर, कंबल, चप्पल एवं सेली तिलपट्टी वितरित की गई। लब्धि सेवा संस्था की सचिव मनीषा दिओल ने बताया कि पिण्डवाडा तहसील के रानेला, फुटेंला, मगरीफली, अजारी, मारकुंडेश्वर, सारणिया एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुरावतफजी इसरा में क्षमानंदी सेवा समिति खिवान्दी द्वारा 800 से अधिक कंबल,1000 स्वेटर 200 चप्पल, वेसलीन की डिब्बी एवं गुड तिल की सेली बच्चों एवं गांववासियों को वितरित की। संस्थान के सुरेश कुमार ने बताया कि उनकी संस्थान जीवों के लिए लम्बे समय से कार्य करती आ रही है। लब्धि सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंघी, शांतिलाल माली, निकेश शाह, रंजितसिंह बालिया, किरण प्रजापत, रेखा प्रजापत उपस्थित थें।

# एवीएम में संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** आदर्श विद्या मंदिर भटाणा में कक्षा तृतीया से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा दी। प्रधानाचार्य अगराराम कुम्हार के निर्देश में संस्कृति ज्ञान प्रमुख दिनेश कुमार प्रजापत ने सम्पन्न कराई। विद्या मंदिर के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# माउंट आबू में न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस पर

## » बादल छाए रहने से दिन में भी सर्दी जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**माउंट आबू।** हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में पड़ रही बर्फ का सीधा असर हिल स्टेशन माउंट आबू में दिखाई दे रहा है। शीत लहर चलने से लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। मंगलवार सवेरे से ही आसमान में बादलों ने डेरा डाल दिया। जिससे दिन में भी सर्दी का असर जारी रहा। लोगों ने सर्दी से बचाव को जगह.जगह अलाव तापते हुए चाय और कॉफी का सहारा लिया। बादलों का जमघट लगा रहने से सूरज के छिपने पर लोग धूप सेवन का आनंद नहीं ले पाए। लोगों को दिन भी भारी भरकम गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। तापमान में उतार चढ़ाव के चलते न्यूनतम तापमान छह व अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम ढलते ही लोगों ने सर्दी से बचने के लिए अलाव भी तापे और गर्म व्यजंनों का सहारा लिया। दिन में दर्शनीयस्थलों का अवलोकन करते हुए पर्यटकों ने फोटोभी खींचे। बदलते मौसमी मिजाज को देखते हुए मौसमी बीमारियों से भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



# पुलिस ने किया 57 किलो 130 ग्राम डोडा पोस्त बरामद, एक गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** रोहिड़ा पुलिस ने मंगलवार को एक कार्रवाई कर एक व्यक्ति के पास से से 57 किलो 130 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर उसे गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी माया पंडित ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भीमाना निवासी कमलेश कुमार जनवा के रहवासी मकान में दबिश देकर घर में बने टीन शेड के कमरे में चार कट्टों में भरा हुआ कुल 57 किलो 130 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर उसे गिरफ्तार किया। कार्रवाई में कांस्टेबल श्रवण कुमार, बजरंगलाल, रमेश कुमार, पुष्पेन्द्रसिंह एवं डीएसटी टीम का सहयोग रहा।

# त्रिशुल दीक्षा व हिन्दू धर्म सभा आज

## त्रिशुल दीक्षा लेने के लिए उत्साहित है युवक युवतियां

***जागरूक टाइम्स संवाददाता***

***सिरोही।*** *विश्व हिन्दू परिषद, बजरगं दल, दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में बुधवार को देश धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए त्रिशुल दीक्षा का आयोजन किया जाएगा। विहिप के जिला सह मीडिया प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने बताया कि बीस हजार स्• ायर फीट में बनाए गए विशाल पंडाल में प्रातः 51 कुण्डीय यज्ञ के बाद 2100 से अधिक दीक्षार्थी त्रिशूल धारण करेंगे। इसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी दीक्षा लेगी। वर्मा ने बताया कि सुबह 9 बजे पंडित विकास दवे जयेश ओझा,जेमिश व्यास एवं रोहित ओझा के मार्ग दर्शन में 51 कुण्डीय राम यज्ञ में सर्व समाज के लोग आहुतियां अर्पण करेगें। बजरगं दल के क्षेत्रीय संयोजक किशन प्रजापत मुख्य वक्त ा के रूप में भाग लेगें। वहीं साध्वी ऋतंभरा की शिष्या साध्वी समाहिता धर्म सभा को संबोधित करेंगी।विहिप के जिलाध्यक्ष शंकरलाल माली ने बताया कि त्रिशुल दीक्षा के आयोजन को लेकर लोगों में अथाह उत्साह है। नगर के साथ आस पास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। दोपहर 2 बजे से त्रिशुल दीक्षा लेने वाले कार्यकर्ताओं का दीक्षा स्थल पर पंजीयन शुरू होगा।*

### घर घर निमंत्रण

त्रिशुल दीक्षा के लिए विहिप,बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के कार्यकताओ ने प्रत्येक बस्ती में जाकर इस अयोजन में आने का न्योता दिया है। विहिप के हिमाशु पुरोहित, कपील त्रिवेदी, विक्रमसिंह सोलंकी, प्रशांतसिंह, राजेन्द्रसिंह, मदनलाल सेन, माणक प्रजापत, पिकीं राजपुरोहित, इंदिरा खत्री, रंजन बहन सहित कई कार्यकर्ता आयोजन को सफल बनाने में सहयोग कर रहे है ।

### कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

विहिप के हिमांशु पुरोहित ने बताया कि जिले के लोग व प्रवासी इस कार्यक्रम से सीधे जुड़े इसके लिए सोशल मीडिया के माध्यम से आयोजन के सीधा प्रसारण की व्यवस्था भी की गई है। उन्होने बताया कि रामझरोखा मेदान से लेकर सरजावाव दरवाजे तक धर्म सभा में साध्वी समाहिता का उदबोधन सुनने के लिए जगह जगह लाउडस्पीकर की व्यवस्था भी की गई है। उन्होने बताया कि आयोजन में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य महंत तीर्थ गिरी का सानिध्य, तथा गोसेवक दलपत पुरोहित कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।



उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका

# 35 नगर सेवक भाजपा में शामिल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** संभाजी नगर जिले के शहर अध्यक्ष विश्वनाथ स्वामी के साथ-साथ शिवसेना यूबीटी के 35 नगर सेवक मंगलवार, 21 जनवरी को भाजपा में शामिल हो गए। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि ये उद्धव ठाकरे की शिवसेना के लिए झटका है और भाजपा के लिए बड़ी उपलब्धि है। चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, "उद्धव ठाकरे ने उन विचारों के साथ समझौता किया जो उद्धव ठाकरे के पास थे। हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे के जो विचार थे वो सभी शिवसेना के साथ चले गए। उद्धव ठाकरे ने अपने विचारों को छोड़ दिया और कांग्रेस और राष्ट्रवादियों के विचारों को स्वीकार कर लिया।"



## 'महाराष्ट्र में बहुत निवेश होगा'

महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष ने आगे कहा, "मैं महाराष्ट्र के लोगों का आभार व्यक्त करता हूं और मुझे उम्मीद है कि अगले दो-तीन दिन में महाराष्ट्र में बहुत सारा निवेश होगा, बहुत सारा निवेश होगा और आगे जो समझौते आप देख रहे हैं, उससे महाराष्ट्र को बहुत ताकत मिलेगी और मुझे लगता है कि महाराष्ट्र के लोगों को रोजगार की दिशा में लाया जाएगा।"

## 23 जनवरी को बड़ा सियासी भूकंप!

इस बीच, शिवसेना (शिंदे गुट) नेता राहुल शेवाले ने 23 जनवरी को विपक्षी खेमे में बड़ी फूट होने की बात कहकर सूबे की सियासत में हलचल बढ़ा दी। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "सब जानते हैं कि विपक्षी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के कई सांसद और विधायक अपने ही गठबंधन के सहयोगियों के बीच विवादों के कारण परेशान हैं। इन विवादों का असर उनके क्षेत्रों के विकास कार्यों पर पड़ रहा है उनमें से कई सांसद और विधायक हमारे संपर्क में हैं। वे महायुति में शामिल होना चाहते हैंउनमें से कई ने निवेदन किया कि 23 जनवरी को बालासाहेब ठाकरे के जन्मदिन के मौके पर वह शिवसेना में आना चाहते है।

## 'महाराष्ट्र को नंबर वन बनाना चाहते हैं फडणवीस'

उन्होंने ये भी कहा, "देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र को देश का नंबर वन राज्य बनाना चाहते हैं और इसके लिए हमें जनता का आशीर्वाद मिला है। गढ़चिरौली जिला जो आदिवासी दुर्गम नक्सलवादी जिला है। वहां साढ़े पांच हजार करोड़ का पहला समझौता हुआ है, जिसमें निवेश पर हस्ताक्षर हुए है।"

## उद्धव की रैली में फहराए गए पाकिस्तानी झंडे : बावनकुले

■ बावनकुले ने दावा किया, "जब उद्धव ठाकरे कांग्रेस के साथ चले गए, तो उद्धव ठाकरे की लोकसभा चुनाव की जीत की रैलियों में पाकिस्तान के झंडे फहराए जा रहे थे। कार्यकर्ता पकड़े नहीं गए क्योंकि पाकिस्तान का झंडा उद्धव ठाकरे के एएच संसद सदस्य ने जीता था। जब वह रैली में उन्हें उकसा रहा था, तो उन्होंने कार्यकर्ता को हटा दिया, इसलिए सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में आ रहे हैं,

# दिल्ली वि.स. चुनाव में भाजपा को समर्थन : शिंदे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** नाराजगी की खबरों के बीच शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है। इस संबंध में उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को चिट्ठी लिखी है। पत्र में उन्होंने कहा, "उनकी पार्टी (शिवसेना) ने 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के सभी उम्मीदवारों को सक्रिय रूप से समर्थन देने का फैसला किया है।" उन्होंने कहा, "मैंने शिवसेना दिल्ली इकाई को भाजपा राज्य इकाई के साथ मिलकर चुनाव अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का निर्देश दिया है।" एकनाथ शिंदे ने कहा, "मेरे नेतृत्व में शिवसेना हिंदूहृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की हिंदुत्व विचारधारा का प्रतीक रही है। इस विरासत का अनुसरण करते हुए, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के एक सक्रिय और गौरवान्वित सदस्य हैं।" बता दें कि महाराष्ट्र में महायुति सरकार में शामिल अजित पवार की एनसीपी दिल्ली में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ रही है।

# भुजबल को राहत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी को लेकर छगन भुजबल की याचिका के बाद उनको 2018 में जमानत पर रिहा किया गया था। मौजूदा समय में उनकी गिरफ्तारी की अवैधता के सवाल पर विचार करना आवश्यक नहीं है। जमानत देने संबंधी आदेश वर्ष 2018 में ही पारित कर दिए गए थे। इसलिए संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत इस स्तर पर हस्तक्षेप का कोई मामला नहीं बनता है। याचिका खारिज की जाती है। नई दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन घोटाला, आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग समेत 11 मामलों में फंसे महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री छगन भुजबल को 2016 में ईडी ने गिरफ्तार किया था। इस मामले में भुजबल के भतीजे समीर भुजबल को भी पकड़ा गया था।

**जमानत के खिलाफ ईडी की याचिका खारिज**

## महाराष्ट्र भवन के निर्माण में पक्षपात का आरोप

■ आरोप है कि भुजबल ने नई दिल्ली में महाराष्ट्र सदन के निर्माण सहित निर्माण और विकास कार्यों से संबंधित ठेके एक विशेष फर्म को दिए। इसके बदले में उन्होंने अपने और अपने परिवार के लिए रिश्वत ली। केंद्रीय जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि भुजबल और उनके भतीजे समीर भुजबल इस धन को अपने स्वामित्व वाली अवैध कंपनियों में भेजते थे। मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने 4 मई 2018 को भुजबल को जमानत दे दी थी।

एनएबी का 74वां स्थापना दिवस

# कई दृष्टिहीनों को मिल सकती नई दृष्टि : राधाकृष्णन



**राज्यपाल ने की अपील : अधिकाधिक लोग लें नेत्रदान का संकल्प**
**राज्यपाल ने कई पुरस्कार भी वितरित किए**



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मैंने स्वयं और मेरे परिवार के सभी सदस्यों ने नेत्रदान का संकल्प किया है। नेत्रदान से कई दृष्टिहीन व्यक्तियों को नई दृष्टि मिल सकती है। इसलिए अधिकाधिक लोगों को नेत्रदान का संकल्प करना चाहिए, यह अपील राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने की। नैशनल असोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (एनएबी), जो दृष्टिहीन व्यक्तियों की शिक्षा, पुनर्वास और रोजगार के लिए कार्य करने वाली संस्था है, का 74वां स्थापना दिवस 20 जनवरी को संस्थान के वर्ली, मुंबई स्थित सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल ने यह विचार व्यक्त किए।

## पीएम के जन्मदिन पर 73 लोगों ने लिया था संकल्प

झारखंड में राज्यपाल रहते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन पर 73 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प किया था। वहीं, 2024 में महाराष्ट्र आने के बाद प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आपकी अपील पर 740 व्यक्तियों ने नेत्रदान का संकल्प किया। इस वर्ष प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर 7500 लोगों से नेत्रदान का संकल्प कराने का लक्ष्य रखा गया है, यह जानकारी राज्यपाल ने दी। राज्यपाल ने कहा कि एनएबी की स्थापना में क्रिकेट खिलाड़ी विजय मर्चेंट का योगदान जानकर उनके प्रति उनके मन में सम्मान कई गुना बढ़ गया है।

## एनएबी के साथ हमेशा खड़ा रहेगा राजभवन



पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने ब्रेल प्रिंटिंग प्रेस खरीदने के लिए आर्थिक सहायता का उल्लेख करते हुए कहा कि आगे भी राजभवन आपके खड़ा रहेगा। एनएबी नेत्रहीनों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने में सक्षम बना रहा है, इसके लिए राज्यपाल ने संस्था की सराहना की। एनएबी के अध्यक्ष हेमंत टकले, मानद महासचिव हरिंदर कुमार मलिक, कार्यकारी महासचिव डॉ. विमल देंगडा, कार्यकारी निदेशक पल्लवी कदम, संस्था के संरक्षक और छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने विभिन्न पुरस्कार भी वितरित किए।

# एक अफवाह और समाज से बाहर एक परिवार

बीड। महाराष्ट्र के बीड जिले में एक मजदूर ने दावा किया कि उसके परिवार को एक अफवाह के चलते सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ रहा है।

गांव में अफवाह ये फैली कि उसकी विवाहित बेटी की मौत एचआईवी संबंधी कारणों से हुई है। जिले के बीडसांगवी गांव के रहने वाले मजदूर ने अपनी दुर्दशा के लिए एक पुलिसकर्मी और एक सरकारी चिकित्सक को जिम्मेदार ठहराया है। पूरे मामले पर कार्रवाई की मांग की है।

■ **मजदूर की बेटी के एचआईवी संक्रमण से मरने की फैली अफवाह**

उन्होंने इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने दावा किया कि उनकी बेटी को मई 2023 से उसके ससुराल वालों द्वारा परेशान किया जा रहा था।

# सैफ ने लिया 35 लाख रुपए का मेडीक्लेम



**बीमा क्लेम पर डा. प्रशांत मिश्रा ने उठाए सवाल**
**बीमा कंपनी ने अधिक क्लेम किया मंजूर**

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान, जिनका हाल ही में इलाज चल रहा था मंगलवार को लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए। हालांकि, उनके हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम को लेकर सोशल मीडिया पर विवाद छिड़ गया है। मुंबई के एक कार्डिएक सर्जन डा. प्रशांत मिश्रा ने सैफ अली खान को मिले बीमा क्लेम पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि बीमा कंपनी ने अभिनेता को जिस राशि का क्लेम अप्रूवल दिया है, उतना आमतौर पर किसी सामान्य व्यक्ति को नहीं दिया जाता। एक रिपोर्ट के अनुसार, डा. मिश्रा का कहना है कि मिडिल क्लास पॉलिसी होल्डर्स को पांच लाख रुपए से अधिक का बीमा क्लेम प्राप्त करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लेकिन सैफ अली खान के मामले में इतनी बड़ी राशि का क्लेम आसानी से स्वीकृत हो गया। डा। प्रशांत ने एक्स पर कहा कि आम बीमाधारकों को बीमा कंपनियों से छोटी-छोटी राशि के लिए भी कई तरह की औपचारिकताओं और समस्याओं का सामना करना पड़ता है। "एक आम व्यक्ति को पांच लाख रुपए तक के क्लेम के लिए लंबे समय तक लड़ाई लड़नी पड़ती है, जबकि सैफ अली खान को इतनी बड़ी राशि का अप्रूवल तुरंत मिल गया। यह दर्शाता है कि बीमा कंपनियों का रवैया खास और आम लोगों के लिए अलग-अलग है।

# भांडुप: मॉल के बेसमेंट में मिला महिला का शव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** मुंबई के भांडुप इलाके में स्थित एक मॉल के बेसमेंट में मंगलवार सुबह एक महिला का शव बरामद किया गया है। मृतका की पहचान मनीषा गायकवाड़ (30) के तौर पर हुई है। हैरान कर देने वाली बात है कि ये मॉल 2021 से ही बंद है। इस मॉल में आग लगने के कारण कुल 11 लोगों की मौत हो गई थी। उसके बाद से ये मॉल बंद है। अब इस मॉल के बेसमेंट में युवती के शव मिलने से सनसनी फैसल गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि महिला का शव सबसे पहले मॉल के एक कर्मचारी ने देखा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सुबह के करीब 9.30 बजे मॉल के बेसमेंट में जमा पानी में शव तैरता हुआ मिला। महिला की मौत कैसे हुई इसको लेकर अभी कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम की रिपोर्ट आने के बाद वजह का खुलासा हो सकेगा। शुरुआती जांच में पुलिस ने बताया कि ये महिला भांडुप की रहने वाली थी। अभी तक पुलिस को उसके बारे में कोई गुमशुदगी की शिकायत नहीं मिली है। वहीं, यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है कि ये महिला मॉल में कब और क्यों आई थी।

# दो पॉकेटमार गिरफ्तार

**आठ हजार के मोबाइल चोरी का आरोप**




**विरार।** पश्चिम रेलवे अंतर्गत विरार रेलवे स्टेशन से रेलवे सुरक्षा बल ने आठ हजार रूपए के मोबाइल चोरी करने मामले में दो चोर को गिरफ्तार कर उसे जीआरपी वसई के हवाले किया है। चोरों ने मोबाइल चोरी करने का अपराध स्वीकार किया है। यह कार्रवाई विरार स्टेशन के आरपीएफ निरीक्षक जे.पी.मीणा के मार्गदर्शन में आरपीएफ अधिकारी-कर्मचारी ने 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' और सीसीटीवी फुटेज के जरिए की है। जानकारी के अनुसार ,20 जनवरी को विरार स्टेशन पर एक यात्री का मोबाइल चोरी हुई थी। इस संबंध में जीआरपी वसई में अपराध पंजीकरण किया गया था। उक्त मामले को निरीक्षक जे.पी. मीणा ने गंभीरता से लिया और अपराध दस्ते टीम को दिशा निर्देश दिया। जिसके बाद टीम ने विरार स्टेशन के आस-पास के क्षेत्र में लगातार निगरानी और तेज कर दी। नतीजतन, 20 जनवरी को अपराध दस्ते के एचसी कैलाश जाधव, सीटी राकेश तंवर और प्रधान चौधरी द्वारा विरार स्टेशन से दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा,उन्हें पोस्ट पर लेकर आए, जहां एएसआई हरफूल सिंह द्वारा पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम जगत दीप सोनार (24) और साजिद सईद खान (29 वर्ष),दोनों नालासोपारा पूर्व के रहने वाले है।आरपीएफ की पूछताछ में आरोपी ने चोरी के मामले में दोषी होने की बात स्वीकार की। फिलहाल, आरपीएफ ने दोनो चोरों को जीआरपी वसई के हवाले कर दिया है।

# मीरा भायंदर अलग जिला बनने की खबर बेबुनियाद : किशोर शर्मा

■ **सोशल मीडिया पर 26 को बनेगा जिला, खबर हो रही वायरल**

राकेश विश्वकर्मा/ जागरूक टाइम्स

**मीरा भायंदर।** 26 जनवरी को मीरा भायंदर शहर नया जिला घोषित किया जाएगा सोशल मीडिया पर चल रही इस खबर को मीरा भायंदर भाजपा जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा ने बेबुनियाद बताते हुए इस खबर को एक सिरे से खारिज कर दिया। शर्मा ने कहा कि जिला घोषित करने की अपनी एक प्रक्रिया है। मीरा भायंदर की आबादी बढ़ी जरूर है, पर अभी जिला बनाने की कोई सुगबुगाहट सरकारी महकमे में या पार्टी में नहीं है। शहर का अपना पुलिस आयुक्तालय है। कोर्ट की इमारत बन गई है। जल्द ही इसमें मामलों की सुनवाई होने वाली है लेकिन मीरा भायंदर को जिला का दर्जा दिए जाने की अफवाह पर ध्यान देने की जरुरत नहीं है।



मीरा भायंदर भाजपा जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा



शिवसेना के मीरा भायंदर विधानसभा प्रमुख विक्रम प्रताप सिंह

## शहर का विकास हो यह जरूरी

■ महायुति सरकार में शहर का विकास हो यह जरुरी है इसलिए जनता अफवाहों पर ध्यान ना दे। गौरतलब है कि अलग जिला बनाए जाने की खबर सोशल मीडिया पर आते ही चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया और लोग एक दूसरे को बधाई देने लगे थे। शिवसेना के मीरा भायंदर विधानसभा प्रमुख विक्रम प्रताप सिंह ने इस मामले को लेकर कहा की कोरी अफवाह है ना तो शासन के पास कोई प्रस्ताव है ना ही इसकी कोई चर्चा है।

## जनता को किसी ने गुमराह किया

■ नाहक ही किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लोगों को गुमराह करने का काम किया है। सिंह ने कहा कि मीरा भायंदर में जिलाधिकारी जैसे पद की फिलहाल जरुरत नहीं है। सोशल मीडिया पर वायरल खबर के अनुसार नए जिलों की घोषणा 26 जनवरी को की जाने वाली है जिसमे मीरा भायंदर भी शामिल है। स्थानीय नागरिकों की मानें तो उनको सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी देने वाले कुछ नेता ही थे इसलिए उन्हें यह खबर सही लगी।

# दक्षिण मुंबई में 'सी विभाग' का स्वछता अभियान



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई क्षेत्र के भूलेश्वर, कालबादेवी रोड, दादीशेठ आग्यारी लेन, आत्माराम मर्चेंट रोड व तीनों भोईवाड़ा में 'सी विभाग' की ओर से स्वछता अभियान चलाया गया। जिसमे नगरसेवक आकाश पुरोहित, सी विभाग आयुक्त विधाते, सहायक अभियंता डोंगरे, दुय्यम अभियंता पाटिल, सहायक मुख्य पर्यवेक्षक तलेकर, पर्यवेक्षक अरविंद जाधव, राठौड़ व जूनियर पर्यवेक्षक लक्ष्मी कोली, मुकादम, महाप्रज्ञा पब्लिक स्कूल के शिक्षक,विधार्थी एवं समाजसेवी दिपक सालूखे, उपशाखा प्रमुख बालू मांडवे आदि शामिल हुए।

**अभियान में सभी का महत्वपूर्ण सहयोग**

# अवनी ताई शाह सम्मानित



**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के 'संघटन पर्व' अभियान के तहत पार्टी की सदस्य संख्या बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए भाजपा जैन प्रकोष्ठ, महाराष्ट्र प्रदेश की सचिव अवनी ताई शाह को सराहा गया हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और महाराष्ट्र के महसूल मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने पत्र के माध्यम से अवनी शाह के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उल्लेख किया कि शाह ने 250 से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया हैं, जो पार्टी के अंत्योदय विचार और राष्ट्रनिर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं। बावनकुले ने इस प्रयास को पार्टी की वैचारिक पहुंच और संगठनात्मक मजबूती के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने शाह को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी पार्टी के विस्तार और जनसंपर्क में इसी तरह सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी। इस अभियान के तहत भाजपा महाराष्ट्र में हर वर्ग और समुदाय तक अपनी विचारधारा को पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। शाह जैसे कार्यकर्ताओं का योगदान इस अभियान को गति देने में मील का पत्थर साबित हो रहा हैं।

श्री अंतरिक्ष पार्श्वनाथ दादा की 940वीं जयंती

# वाशिम में दो फरवरी को महोत्सव का आयोजन

सुरेश भंसाली/ जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य के राजा, विदर्भ देश के महाराजा, शिरपुर नगर के राजाधिराजा, अंतरिक्ष तीर्थ के महाराजाधिराजा, दिव्य प्रभावी देवाधिदेव श्री अंतरिक्ष पार्श्वनाथ जिनालय की 940वीं सालगिरह पर भव्य महोत्सव श्री अंतरिक्षजी तीर्थरक्षक युगप्रधान आचार्यसम पन्यास प्रवर श्री चंद्रशेखर विजयजी महाराजा के शिष्यरत्न प.पू. मुनिराज श्री रत्नवल्लभ विजयजी महाराज एवं श्री अंतरिक्ष तीर्थ अभ्युदय प्रेरक पन्यास श्री विमलहंस विजयजी महाराज एवं पन्यास श्री परमहंस विजयजी महाराज आदी ठाणा का पावन निश्रा में माघ शु.05 , दो फरवरी (रविवार) को शिरपुर जैन ता. मालेगाव जि. वाशिम में आयोजित किया जा रहा है। श्री अंतरिक्ष पार्श्वनाथ महाराज संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव के तहत प्रातः नौ बजे अंतरीक्ष पार्श्वनाथ परमात्मा की दैनिक अष्टप्रकारी पूजा, 10 बजे अंतरीक्ष पार्श्वनाथ परमात्मा की सत्तरभेदी पूजा, दोपहर 11 बजे अंतरीक्ष पार्श्वनाथ परमात्मा की ध्वज दंड एवं महाआरती तथा दोपहर 1 बडे सकल श्री संघ का स्वामीवात्सल्य रखा गया है। श्री अंतरिक्ष पार्श्वनाथ दादा के 940वीं सालगिरह महोत्सव के लाभार्थी श्रीमान सरेमल भोमाजी भंसाली देवड़ा (सांचोर), मुंबई हैं।

■ **संपूर्ण महोत्सव के लाभार्थी सरेमल भोमा भंसाली देवड़ा परिवार सांचौर (मुंबई)**

# कंचन जूनियर कॉलेज में छात्रों को पुलिस प्रशिक्षण



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय द्वारा चलाए जा रहे पुलिस राइजिंग डे अभियान के तहत नालासोपारा पूर्व के कंचन जूनियर कॉलेज में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद जाधव की अध्यक्षता में तुलिंज पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय जाधव, पुलिस निरीक्षक राहुल प्रकाश पेड़नेकर, हेड कांस्टेबल विक्रम पन्हालकर द्वारा विद्यार्थियों को कई रोचक बातें बताई। जिसमें शहर में हो रहे अपराध, नशाखोरी, मादक पदार्थो के सेवन तथा उससे होने वाली हानि, महिलाओं के खास अधिकार, विद्यार्थियों को भयमुक्त, आपराधिक गतिविधियों से सावधान, माता-पिता और गुरू का सम्मान आदि की जानकारी दी गई।

■ **मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय का पुलिस राइजिंग डे अभियान**
■ **तुलिंज पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई विजय जाधव ने किया संबोधित**

जनता की आवाज फाउंडेशन

# मुंबई टीम का जनजागरण अभियान शुरू



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** 'जनता की आवाज' फाउंडेशन मुंबई टीम ने मंगलवार को हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष सुंदर बोथरा के मार्गदर्शन में मरीन ड्राइव पर टाटा मैराथन के धावकों को प्रोत्साहित करते हुए हमारे मुख्य उद्देश्य 'भारत कहे' को हजारों मुंबईकरों के साथ अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर सांचौर के प्रतिष्ठित मॉर्निंग वॉक ग्रुप फिट-फाइन ग्रुप का सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर फाउंडेशन से लॉयन प्रकाश पाटनकर, निमेश सोनी, गौतम लुकड़, मीठालाल मूनोत, संपत भंडारी, शिखरचंद जैन सहित असंख्य मुंबईकर उपस्थित थे। जनता की आवाज फाउंडेशन के मुंबई अध्यक्ष दिलीप माहेश्वरी ने इस अवसर पर टाटा मैराथन के प्रतिस्पर्धकों का उत्साहवर्धन किया। आगामी समय में पूरे मुंबई में यह अभियान गतिमान होगा। इस जनजागरण अभियान में कई बड़ी सामाजिक संस्थाओं ने सहभागी होने हेतु समर्थन प्रदर्शित किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुंदरजी बोथरा ने कहा कि एक फरवरी को महाकुंभ प्रयागराज में शिक्षा संस्कृति संस्थान न्यास एवं वैश्विक हिन्दी सम्मेलन के साथ में पूरे भारत से पधारे भक्तों में यह अभियान बृहदस्वरूप में होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्य मन्त्री आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में यह अभियान संपन्न होगा।

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### उदावास सरपंच और वीडीओ समेत 12 के खिलाफ फर्जी पट्टा बनाने का मामला दर्ज

दीपलवास में फर्जी तरीके से जारी किए थे आवासीय पट्टे

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** उदावास सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी समेत 12 जनों के खिलाफ फर्जी पट्टा बनाने का मामला सदर थाने में दर्ज कराया गया है। पुलिस के मुताबिक दीपलवास निवासी कैलाशचंद्र पारीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उदावास की सरंपच सुमन देवी व पूर्व सरपंच महावीर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी पीयुष भारद्वाज, राजेंद्र महला, अमित कड़वासरा, मनोहर सिंह, श्रवण सिंह, अमरचंद भूरिया, कंचन, रामनाथ गढ़वाल, सुरेंद्र गढ़वाल, महरचंद गढ़वाल के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। रिपोर्ट में बताया कि दीपलवास में भूमि खसरा नम्बर 188 में सरपंच द्वारा फर्जी तरीके से पट्टे जारी कर दिए। यह जमीन पूर्वजों की है। बरसों से उनका परिवार आबाद है। चार दीवारी बनी हुई है। पिता व उनके भाइयों के मकान बनाए हुए है। 1978 से बिजली कनेक्शन है। ग्राम पंचायत उदावास की सरंपच सुमन देवी व सरपंच पति महावीर व ग्राम विकास अधिकारी पीयूष भारद्वाज ने मिलकर दिसंबर 2024 में कुछ फर्जी पट्टे राजेंद्र सिंह, अमित कुमार, मनोहर सिंह, श्रवण सिंह, कंचन कुमारी, रामनाथ गढ़वाल, सुरेंद्र गढवाल, मेहरचंद गढवाल व अमरचंद भूरिया के नाम से बना लिए। इनमें कुछ पट्टों का पंजीयन भी करवा दिया। वहीं कुछ पट्टों का पंजीयन करवाने की तैयारी है। रिपोर्ट में तत्काल पंजीयन रूकवाने तथा आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### अंजू तेतरवाल का असिस्टेंट प्रोफेसर में चयन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** सीगड़ा निवासी अंजू तेतरवाल पत्नी डॉ. सुधेश तेतरवाल का कॉलेज शिक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी साहित्य के पद पर चयन



हुआ है। अंजू के चाचा ससुर कमलेश तेतरवाल ने बताया कि अंजू इससे पूर्व केंद्रीय विद्यालय में व वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग में राउमावि रींगस में व्याख्याता अंग्रेजी के पद पर कार्यरत है। अंजू ने सफलता का श्रेय सास बनारसीदेवी, माता पिता श्रीमती व श्री अशोक गढ़वाल सीकर के आशीर्वाद एवं पति डॉ. सुधेश तेतरवाल व मार्गदर्शक गुरु जीत सर की लगातार प्रेरणा व प्रोत्साहन को दिया है।

### बारवा के ग्रामीण पहुंचे झुंझुनूं, कलेक्टर को दिया ज्ञापन

पहाड़ी में चल रहे खनन कार्य को बंद करवाने की मांग

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिले के नवलगढ़ उपखंड की मोहनवाड़ी पंचायत के बारवा गांव में हो रहे खनन कार्य का विरोध हो रहा है। मंगलवार को ग्रामीण बड़ी संख्या में बारवा गांव से झुंझुनूं जिला मुख्यालय पहुंचे। जिन्होंने जिला कलेक्टर और माइनिंग के अधिकारियों को लिखित शिकायत करते हुए इस खनन को बंद करवाने, अब तक हुए खनन का सीमा ज्ञान करवाने की मांग की। साथ ही कहा कि नियम विरूद्ध ब्लास्टिंग और खनन के कारण आए दिन बस्ती में बने मकानों में पत्थर आते है। साथ ही पहाड़ी पर स्थित 500 साल पुराना महात्मा जी का मंदिर भी टूटने की कगार पर पहुंच गया है। मंदिर पर जाने के लिए गांव के लोगों ने आपस में चंदा इकट्ठा कर चार बार रास्ता बना लिया। लेकिन लीज धारक द्वारा यह रास्ता तोड़ दिया जाता है। इसलिए इस खनन को बंद करवाया जाए। खनन बंद ना करवाने की सूरत में आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

### स्वावलंबी भारत का डिजिटल हस्ताक्षर अभियान शुरू

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय पर स्थित श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को स्वावलंबी भारत अभियान के तत्वावधान में स्वावलंबी भारत का डिजिटल हस्ताक्षर अभियान शुरू आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने की। प्रत्येक युवा को रोजगार देने, बेरोजगारी की समस्या का स्थाई समाधान के लिए स्वावलंबी भारत अभियान अंतर्गत उद्यमिता आयोग के गठन को लेकर डिजिटल हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ 12 जनवरी युवा दिवस पर किया गया था। डिजिटल हस्ताक्षर के लिए प्रेरित करने के साथ अभियान के उद्देश्य और महत्व से अवगत कराया गया।

### पृष्ठ 1 का शेष...सीएम शर्मा बोले....

केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना से देश में एक करोड़ परिवारों का बिजली बिल लगभग शून्य हो जाएगा जो उन्हें ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार पीएम कुसुम योजना किसानों की डिस्कॉम पर निर्भरता कम कर उनकी ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में कारगर पहल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए आरपीओ लक्ष्यों को प्राप्त करने के उपायों, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में वृद्धि और पुराने विंड एनर्जी पार्कों की क्षमता बढ़ाने की रणनीति बनाने के लिए यह समीक्षा बैठक महती पहल है। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि राज्य की स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024 वर्ष 2030 तक राजस्थान की अक्षय ऊर्जा क्षमता को 125 गीगावाट तक लाने में अहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कुसुम योजना तथा हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल को मिला कर विकेंद्रित सोलर की 17 हजार मेगावाट की परियोजनाओं पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कुसुम योजना के घटक ए एवं सी के तहत प्रदेश में स्थापित विकेन्द्रित सोलर प्लांटों से जुड़े ग्रिड सब स्टेशनों में इन प्लांटों की क्षमता के अनुरूप कृषि कनेक्शन जारी करने का हमने निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक किसानों को कृषि कार्य के लिए दिन में बिजली देने के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संकल्प को पूरा करने की दिशा में यह बड़ा कदम है। पूर्व में किसानों को कृषि कनेक्शन के लिए बरसों तक इंतजार करना पड़ता था। लेकिन अब इन स्थानों पर ऑन डिमांड कृषि कनेक्शन जारी किए जा सकेंगे। ऊर्जा राज्यमंत्री ने कहा कि जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण निगम द्वारा कुसुम योजना में 405 मेगावाट के सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। डिस्कॉम्स ने कंपोनेंट ए में 602 मेगावाट क्षमता के 487 संयंत्रों के बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही कंपोनेंट सी में 4 हजार 547 मेगावाट क्षमता के 1791 सोलर प्लांटों के लिए अवॉर्ड जारी किए जा चुके हैं। पीएम सूर्य घर निशुल्क बिजली योजना के माध्यम से प्रदेश के तीनों डिस्कॉम्स में अब तक 23 हजार 400 घरों में 114 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर लग चुके हैं। इससे इन घरों में बिजली का बिल लगभग शून्य हो गया है। उन्होंने प्रदेश में रूफटॉप सोलर के फायदों तथा 78 हजार रूपए की सब्सिडी की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। समीक्षा बैठक के उद्घाटन सत्र में हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज, हिमाचल प्रदेश के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, आवास प्रबंध मंत्री राजेश धर्माणी, जम्मू-कश्मीर के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री सतीश कुमार शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर केन्द्रीय सचिव एमएनआरई निधि खरे, केन्द्रीय अतिरिक्त सचिव एमएनआरई सुदीप जैन सहित राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत, आधा दर्जन घायल

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में आंगई थाना क्षेत्र से गुजर रहे करौली-धौलपुर एनएच 11बीं पर बीते सोमवार को धौलपुर जिले के आंगई थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। जिनका आज मंगलवार को आंगई थाना पुलिस ने बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी पर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिये है। जानकारी के अनुसार पहली घटना आंगई थाना क्षेत्र में करौली-धौलपुर एनएच 11बीं पर जोरघड़ी हनुमान मंदिर के पास हुई। जिसमें 26 वर्षीय मुकेश पुत्र रामसिंह कुशवाह निवासी वार्ड नंबर- 4 शेरगंज के सामने,तवेला गुमट थाना बाड़ी जिला धौलपुर सड़क दुघर्टना में घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने आंगई राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया,लेकिन घायल मुकेश की गंभीर हालत को देख ड्यूटी चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसे 108 एम्बुलेंस द्वारा बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय लाया गया,जहां से भी उसे उपचार देकर जिला चिकित्सालय धौलपुर रेफर कर दिया, लेकिन जब तक परिजन घायल मुकेश को धौलपुर ले जाते उससे पहले ही घायल मुकेश ने दम तोड़ दिया। वहीं सूचना पर पहुंची बाड़ी कोतवाली थाना पुलिस ने चिकित्सालय कर्मचारियों की मदद से मृतक मुकेश के शव को चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया और घटना की सूचना आंगई थाना



पुलिस को दी। वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र में करौली-धौलपुर एनएच 11बीं स्थित चिलाचौंद के पास हुई। जिसमें तीन पहिया टेंपो चालक द्वारा अचानक सामने से वाहन आ जाने के कारण टेंपो के ब्रैक लगा दिए जिससे टेंपो पलट गया और टेंपो में सवार करीब दो दर्जन से अधिक सवारियां चोटिल हो गई। जिसमें से करीब आधा दर्जन गंभीर घायल महिला पुरुषों को हाईवे की एंबुलेंस द्वारा बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय पर भर्ती कराया गया जहां से कुछ सवारियों को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय धौलपुर रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान 45 वर्षीय घायल राजेन्द्र पुत्र फोदलिया जाटव निवासी झिन्ना का पुरा थाना आंगई जिला धौलपुर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची आंगई थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने आज मंगलवार को परिजनों की मौजूदगी में दोनों मृतकों के शवों का बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी पर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करा कर शव उनके परिजनों को सौंप दिये है। आंगई थाना पुलिस के हैंड कांस्टेबल जगदीश ने बताया कि आंगई थाना क्षेत्र में बीते सोमवार को करौली-धौलपुर एनएच 11बीं पर दो अलग-अलग स्थानों पर हुई। दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में घायल मुकेश पुत्र रामसिंह कुशवाह की इलाज के दौरान बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में मौत हो गई। वही घायल राजेन्द्र पुत्र फोदलिया जाटव की इलाज के दौरान धौलपुर जिला चिकित्सालय में मौत हो गई। दोनों मृतक लोगों के शवों का पोस्टमार्टम करा कर उनके शव उनके परिजनों को सौंप दिये है। उन्होंने बताया कि घटनाओं को लेकर परिजनों द्वारा जैसे ही पुलिस को तहरीर दी जाएगी उसी हिसाब से पुलिस द्वारा कार्यवाही की जायेगी।

# पिता की मौत का इंसाफ मांगते दो मासूम, मां हुई प्रेमियों के साथ फरार

### पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ कर कोर्ट में किया पेश बाकी आरोपियों की महिला सहित तलाश जारी



**अलवर।** राजगढ़ उपखंड क्षेत्र में स्थित तालाब गांव का देवेंद्र उर्फ रामावतार प्रजापत जयपुर में अपनी पत्नी के साथ रहकर मेहनत मजदूरी कर जीवन ज्ञापन कर रहा था। देवेंद्र उर्फ रामावतार प्रजापत की पत्नी नीतू प्रजापत के अवैध संबंध किसी और व्यक्ति से थे। पत्नी व उसके दो प्रेमियों ने उसके पति को 30 दिसंबर को मारपीट कर आत्महत्या करने को मजबूर कर दिया। पति ने आत्महत्या कर ली और उसकी पत्नी 30 दिसंबर को दो बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। आत्महत्या करने की सूचना मिलने पर तालाब गांव से उसका पिता बहन परिवार वाले पहुंचे और खो नागौरिया पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी, जिसमें एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश करने पर उसे जेसी भेज दिया गया। शेष आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। महिला भी 30 दिसंबर से फरार बताई जा रही है। इस घटना के बाद से ही दोनों मासूम अपने मां के आने का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही पिता को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपियों में को सजा की भी पुलिस से कई बार व मांग कर चुके हैं।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झुंझुनूं ने किया नगर खेल कुंभ का आयोजन



**झुंझुनूं।** मंडावा रोड पर स्थित द टैगोर स्कूल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में तीन दिवसीय खेल कुंभ का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी व खो-खो जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री राजकुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी रुचि दिखानी चाहिए। जिससे मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी हो, खेलों के प्रति जागरुकता बड़े खेलों में भी विद्यार्थी अपने देश समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। अगर किसी खेल को आप समय देते हैं तो वह आने वाला समय आपको देता है। शिक्षाविद् प्रमेंद्र कुल्हार ने बताया कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं। विद्यार्थी के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल बहुत जरूरी बन गया हैं। साथ ही बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाना सुखद भविष्य के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि एबीवीपी ऐसे विभिन्न प्रकार के आयाम गतिविधि कार्यों के तहत विद्यार्थियों को अपनी रुचि अनुसार प्लेटफार्म उपलब्धि करवाती है। अभी खेल कुंभ का आयोजन पूरी देशभर की नगर इकाइयों पर चल रहा है। जिसमें विद्यार्थी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है।

# धमकी देने वाले बदमाशों ने कान पकड़कर मांगी माफी, कहा आगे से बदमाशी नहीं करेंगे

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**गुढ़ागौड़जी।** थाना इलाके के बड़ की ढाणी में हिस्ट्रीशीटर रोहित महला के घर पर 13 जनवरी व 14 जनवरी की दरमियान रात को 25 राउंड फायरिंग कर सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले बदमाश मंगलवार को बीच बाजार माफी मांगते नजर आए। दरअसल इस फायरिंग के मामले में पुलिस ने मेहाड़ा थाने के हिस्ट्रीशीटर और ब्लेकिया गैंग के मुखिया कुड़ी की ढाणी तन बांसियाल निवासी लोकेश गुर्जर उर्फ लक्की शूटर और इसी गांव के लक्की के साथी सुनिल खटाना के साथ मेहाड़ा थाना इलाके के ही इलाखर गांव निवासी सगे भाई हिमांशु और हेमंत मान को गिरफ्तार किया था।

इन चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें 24 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मंगलवार को आरोपियों से मौका तस्दीक करवाने के लिए डीएसपी राजवीर सिंह तथा सीआई राममनोहर थाने से चारों को पैदल ही लेकर बड़ की ढाणी के लिए निकले। इस दौरान बाजार में चारों बदमाश कान पकड़े रहे और गलती हो गई आगे से बदमाशी नहीं करेंगे ही रटते रहे। बाजार में व्यापारियों ने डीएसपी राजवीर सिंह, सीआई राममनोहर सहित पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों का माला पहनाकर स्वागत भी किया। डीएसपी राजवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। वहीं घटना में शामिल अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। बदमाशों को किसी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। आपको बता दें कि ब्लेकिया गैंग के हेमंत मान और गुढ़ा थाने के हिस्ट्रीशीटर रोहित महला निवासी बड़ की ढाणी की आपसी रंजिश चल रही है। जिसके चलते ब्लेकिया गैंग ने पहले हांसलसर और बाद में बड़ की ढाणी में हिस्ट्रीशीटर रोहित महला के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। फायरिंग के बाद सोशल मीडिया पर रोहित महला को धमकी दी थी कि सामने मिल गया तो अंजाम बुरा होगा। पुलिस ने इस तरह की फायरिंग की वारदात को चुनौती के रूप में लिया। जिसके बाद आरोपियों को दिल्ली व जयपुर से दबोचा गया।

## गर्भवती महिलाएं प्राइवेट सोनोग्राफी सेंटर पर निःशुल्क करा सकती है सोनोग्राफी

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 'मां वाउचर योजना' की शुरुआत 17 सितम्बर 2024 को पूरे प्रदेश में किया गया। मां वाउचर योजना राजस्थान सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी सेवाएं उपलब्ध कराना है। योजना विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए फायदेमंद है जो दूर-दराज के क्षेत्रों में रहती हैं और जिनके लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचना कठिन है। यह योजना उन महिलाओं के लिए भी उपयोगी है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और सोनोग्राफी जैसी महंगी सेवाओं का खर्च वहन करने में असमर्थ है। योजना के अंतर्गत अलवर जिले में 17 सितम्बर 2024 से 19 जनवरी 2025 तक 2472 सोनोग्राफी की जाकर गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। गर्भावस्था के 84 दिन या उससे अधिक की अवधि वाली महिलाएं इस योजना के तहत निःशुल्क सोनोग्राफी करवा सकती हैं। यह सुविधा सरकारी और सूचीबद्ध निजी सोनोग्राफी केंद्रों पर उपलब्ध है। योजना के तहत गर्भवती महिला को अपना जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन लेकर नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाना होगा। चिकित्सा संस्थान में ओटीपी के माध्यम से महिला के मोबाइल पर एक स्रूस्‌ द्वारा क्तक्र वाउचर जारी किया जाएगा। वाउचर की वैधता 30 दिनों की होगी। यदि महिला निर्धारित 30 दिनों में सोनोग्राफी नहीं करवा पाती है, तो वह दोबारा चिकित्सा संस्थान पर जाकर वाउचर की अवधि एक बार 30 दिनों तक बढ़ा सकती है। महिलाओं को बेहतर सेवाएं देने के लिए 1,161 निजी सोनोग्राफी केंद्रों और अस्पतालों को योजना में शामिल किया गया है। अलवर जिले में 26 निजी सोनोग्राफी सेंटर्स पर मां वाउचर योजना चालू है। गर्भवती महिला अपने नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाकर जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन के माध्यम से वाउचर प्राप्त कर सकती है। यह वाउचर सरकारी और सूचीबद्ध निजी पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्रों पर निःशुल्क सेवा के लिए मान्य होगा।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सादुलपुर में संचालित चारों आदर्श विद्या मंदिर में विद्या भारती संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। संकुल प्रमुख नारायण सिंह गुर्जर ने बताया कि संचालित चारों आदर्श विद्या मंदिर में विद्या भारती संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी भैया बहनों ने भाग लिया व राजगढ़ नगर व तहसील के अन्य 50 विद्यालयों के 965 भैया-बहनों ने परीक्षा में भाग लिया। प्रधानाचार्य किशन लाल, रूक्मानंद, कांता टेलर, आचार्य रवि यादव, सुरेश शर्मा,आचार्या मिनाक्षी, संजीता, पूजा, पूनम, लता, सिलोचना, सोनिया, नीलम,मोनिका, राजेश, रणवीर, बबिता आदि का सहयोग रहा।

## शहीद रामसिंह के 25वें शहादत दिवस पर होंगे कार्यक्रम

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**गुढ़ागौड़जी।** क्षेत्र के चंवरा गांव की शहीद रामसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयोजनकर्ता राजेंद्र प्रसाद दौराता ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन शहीद सम्मान समिति एवं चंवरा ग्रामवासियों के द्वारा शुक्रवार 24 जनवरी को सुबह 9-15 बजे से शाम पांच बजे तक रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर एवं विशिष्ट अतिथि श्री श्री 1008 लक्ष्मणदास महाराज होंगे। इस अवसर पर शहीद वीरांगना एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान किया जाएगा।

## भर्ती मे बोनस अंक की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन समिति की जिला कार्यकारिणी ने सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर को मुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री के नाम का ज्ञापन दिया। ज्ञापन मे मांग की है कि आगामी नियमित भर्ती में बोनस वर्षवार बोनस के 10, 20, 30 अंक देकर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। इस दौरान संयुक्त यूनियन समिति की ओर से 108 ईएमटी कुशल कुमार, नवीन बराला, सलमान खान सहित 108 के अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

## आज होगा पूर्व छात्राओं का सम्मेलन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** सेठ नेतराम मगराज टीबड़ेवाला राजकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को पूर्व छात्राओं का सम्मेलन आयोजित होगा। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. रामकुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूर्व छात्रा परिषद की अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित सभी पूर्व छात्राओं को आमंत्रित किया गया है व कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। सभी पूर्व छात्राएं एक दूसरे के साथ बातचीत कर पाएंगी व एक दूसरे से अपने विचार-विमर्श कर पाएंगी।

[redacted]

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, शिवगंज (सिरोही) राज.**
Tel No. 02976-270113, Fax No. 272270 Email : shegnp@yahoo.in

क्रमांक : न.पा.शि./चुनाव/2024-25/5575 दिनांक : 20.01.2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

श्रीमान निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर के पत्रांक : एफ. 10( )चुनाव/जन/स्वाशा./2024/6079 दिनांक 22.11.2024 एवं श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, सिरोही के पत्रांक :चुनाव/परिसीमन/नपा/2025/933 दिनांक 31.12.2024 के अनुसार जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर नगर निकायों में वार्डो का परिसीमांकन किया गया है। जिसके अनुसार नगर पालिका क्षेत्र शिवगंज में वार्डो की संख्या 35 निर्धारित की गई है। उक्त आदेश की पालना में नगरपालिका शिवगंज द्वारा 35 वार्डो के प्रस्ताव तैयार किये गये है। जिनके परिसीमन का वार्डवार विवरण नगरपालिका शिवगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है।

अतः वार्डो के परिसीमन के संबंध में किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 21.01.2025 से 09.02.2025 तक अपनी आपत्ति लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी
नगर पालिका आम चुनाव (एस.डी.एम.), शिवगंज

राज.संवाद/सी/24/10611

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल आबूपर्वत, सिरोही (राज.)**
E-Mail :- palikaabu@yahoo.in, फोन नं. :- 02974-235172

क्रमांक :- न.पा.आबू/स्टोर/2024-25/7327 दिनांक :- 17/01/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगरपालिका आबूपर्वत द्वारा 26 जनवरी 2025 गणतन्त्र दिवस का कार्यक्रम हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई जिसकी निविदा संबंधी जानकारी व अन्य शर्तें पालिका कार्यालय एव वेबसाइट http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा का यू.बी.एन. नम्बर क्रमशः निम्नानुसार है :— DLB2425SSRC15277, DLB2425WSRC15282

राज.संवाद/सी/24/10606 प्रशासक आयुक्त

प्रारूप-10
(नियम-6 (7) देखिए

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका, पिंडवाड़ा**

पत्रांक : न.पा.पि/भूमि/2024-25/8474-75 दिनांक : 21.01.2025

**लोक सूचना**

इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| क्र. स. | आवेदनकर्ता का नाम मय पता | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री प्रदीप्त कुमार व श्री भूपेन वैष्णव पुत्र जर्नादनजी वैष्णव, निवासी- सदर बाजार, पंचायत भवन के सामने सरुपगंज, तहसील-पिण्डवाड़ा, जिला-सिरोही | जिला-सिरोही तहसील-पिण्डवाड़ा | ग्राम- झाडोली जिला-सिरोही तहसील-पिण्डवाड़ा | 3475/2055 | कुल नाप 72128.96 वर्गफीट |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिवृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता को समवा समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 21.01.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, पिण्डवाड़ा

## सुविचार

ख़ुद को धोखे में मत रखो कभी सच्चाई को अपनाओ नहीं तो ज़िंदगी ख़त्म हो जाएगी और आपको पता ही नहीं चलेगा।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

# अब अमेरिकी होना नहीं आसान

डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में दूसरी बार शपथ लेने के साथ ही कई शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसमें कैपिटल हिल हिंसा के दोषियों को माफी देने के साथ-साथ पेरिस जलवायु समझौते और विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका को बाहर करने का फैसला भी शामिल है। इसके साथ ही ट्रंप ने एक ऐसे कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य अमेरिका में जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करना है। यह ऐसी नीति है जो अमेरिका में 150 से अधिक वर्षों से लागू है। राष्ट्रपति ट्रंप का यह फैसला अमेरिकी आव्रजन नीति में एक बड़े बदलाव को दर्शाता है। इसका असर वैसे लाखों बच्चों की नागरिकता पर पड़ेगा, जिनका जन्म अमेरिका में हुआ हो और उस दौरान उनके माता-पिता वर्क वीजा पर वहां रह रहे हों या कुछ ऐसे माता-पिता जो अपने बच्चों को जन्म देने के लिए ही अमेरिका में प्रवास कर रहे हों। इस तरह की यात्रा को बर्थ टूरिज्म कहा जाता है और लंबे समय से अमेरिका में बढ़ते बर्थ टूरिज्म की आलोचना होती रही है। अमेरिकी संविधान अपने 14वें संशोधन के आधार पर उन सभी को जन्मसिद्ध नागरिकता की गारंटी देता है, जिसका जन्म अमेरिकी धरती पर हुआ हो। चाहे जन्म लेने वाले बच्चे के माता-पिता की नागरिकता कहीं की हो या उसका माइग्रेशन स्टेटस वैध हो या अवैध हो। इन स्थितियों की परवाह किए बिना अमेरिकी धरती पर जन्म लेने वाले हरेक बच्चे को अमेरिकी नागरिकता का अधिकार देने का यह प्रावधान 1868 में अधिनियमित किया गया था। इस प्रावधान का उद्देश्य संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्मे सभी व्यक्तियों को नागरिकता देने के लिए डिजायन किया गया था। खासकर गृहयुद्ध के बाद पूर्व दासों की दशा को सुधारने के लिए अमेरिकी संविधान में 14वां संशोधन किया गया था। इस अधिकार ने लाखों लोगों को अमेरिकी नागरिकता दी है। इनमें अवैध अप्रवासियों के बच्चे भी शामिल हैं। ट्रंप के नए कार्यकारी आदेश में ऐसी नागरिकता को खत्म करने का कदम उठाया गया है। आदेश में कहा गया है कि अमेरिका में जन्मे उन्हीं बच्चों को जन्मसिद्ध नागरिकता दी जाएगी जिनके माता-पिता में से कोई एक अमेरिकी नागरिक हों या उनमें से किसी एक के पास कानूनी स्थायी निवासी का प्रमाण यानी ग्रीन कार्ड धारक हों या अमेरिकी सेना के सदस्य हों। ट्रंप के इस आदेश को अवैध आव्रजन या बर्थ टूरिज्म पर अंकुश लगाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। इस आदेश से भारतीय और चीनी समुदाय पर खासा असर पड़ने वाला है क्योंकि इन दोनों देशों के प्रवासी बड़ी संख्या में अमेरिका में रहते हैं और वहां उनके बच्चे जन्म लेते रहे हैं। अब ट्रंप के आदेश से उन पेशेवर माता-पिता से पैदा हुए बच्चों की जन्मसिद्ध नागरिकता समाप्त हो जाएगी जो अस्थायी कार्य वीजा यानी H-1B वीजा पर वहां रह रहे हैं।

## डोनल्ड ट्रंप का अलग अंदाज

# सौ एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स के मायने



नरेंद्र शर्मा

डोनल्ड ट्रंप को 'थोड़ा सा अलग ... थोड़ा सा क्रूर' होने की लत है। इसलिए अपने पहले कार्यकाल में वह अमेरिका के ग़ैर-परंपरागत राष्ट्रपति के रूप में सामने आए थे। इस बार उन्होंने हर किसी को असहज कर दिया है। जब वह 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में लौटे तो उन्होंने वाशिंगटन में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स पर हस्ताक्षर किए; उन्हें एक एक करके आर्डर दिया गया, वह हस्ताक्षर करते और उसे तालियां बजाती उत्साही भीड़ को दिखाते। इन एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स के माध्यम से जहां बाइडेन युग की 78 नीतियों को पलट दिया गया है, वहीं इनमें मुख्य रूप से दो बातों का अधिक महत्व है। एक, अमेरिका को पेरिस क्लाइमेट ट्रीटी से अलग कर दिया गया है, जिस पर विवाद होना लाज़मी है।

- इमेज

अमेरिका में जो हाल ही में भयंकर आग लगी थी, उसके बारे में अनेक विशेषज्ञों का कहना है कि वह क्लाइमेट चेंज का ही परिणाम थी। लेकिन ट्रंप तो 'ड्रिल' करने के समर्थक हैं, भले ही क्लाइमेट चेंज से पूरी दुनिया के लिए कितनी ही बड़ी समस्या खड़ी हो जाए। दूसरा यह कि जिन प्रवासियों के पास वैध कागज़ात नहीं हैं, उन्हें वापस उनके मूल देश भेजने को प्राथमिकता दी जाएगी। जिन अवैध आप्रवासियों के बच्चों को पहले अमेरिका में जन्म लेने के कारण नागरिकता मिल जाती थी, उस अधिकार को भी समाप्त किया जाएगा, हालांकि इस संदर्भ में संवैधानिक बाधाएं बरकरार हैं।

अमेरिका में लाखों की तादाद में बिना कागज़ात के आप्रवासी हैं, जिनमें से लगभग 7,25,000 भारतीय हैं। ट्रंप की वाइट हाउस में वापसी से इन सभी की सांसें थम सी गई हैं। ट्रंप इस बार अधिक कठोर स्वदेशी एजेंडा के साथ लौटे हैं और अवैध घुसपैठियों को घर वापसी फ्लाइट पर बैठाना चाहते हैं। दोपहर में आरामदायक कैपिटोल रोटोंडा में शपथ लेने के बाद ट्रंप ने अवैध आप्रवासियों के विरुद्ध एग्जीक्यूटिव आर्डर पर यह कहते हुए हस्ताक्षर किए कि 'अपनी सीमाओं को हम ऐसी आक्रमकता से सुरक्षित रखेंगे जिसे दुनिया ने पहले कभी देखा न होगा'। हालांकि बाहर माइनस चार डिग्री सेंटीग्रेड के तापमान में तेज़ ठंडी हवाएं, रूह तक में कंपकंपी लाने के लिए पर्याप्त थीं, लेकिन ट्रंप के एग्जीक्यूटिव आर्डर से अवैध आप्रवासी पसीने पसीने हो रहे थे। ट्रंप ने कहा, "हम अवैध घुसपैठ हमेशा के लिए रोक देंगें। हमारे यहां कोई घुसपैठ नहीं करेगा, कोई कब्जा नहीं करेगा। हम एक बार फिर आज़ाद और गौरवशाली देश होंगे।" ट्रंप, दरअसल वही शब्द दोहरा रहे थे जो वह अपने चुनाव अभियान के दौरान बोले थे। क्यों? चूंकि अब एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स नए राष्ट्रपति के लिए वह औज़ार बन गए हैं, जिनके ज़रिये वह अपने चुनावी वायदों पर जल्द से जल्द अमल करते हुए दिखाई देना चाहते हैं और अपनी नीति को दिशा देते हैं। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स की संख्या चुनावी वायदों की संख्या पर निर्भर करती है और यह भी कि वह सभी विषयों को कवर करते हों, जैसे विदेशी मामले, जहां राष्ट्रपति के पास आदेश के अनुसार कार्य करने का अधिक अधिकार होता है। लेकिन यह भी होता है कि अगर एक राष्ट्रपति ने एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स पर अधिक निर्भरता दिखायी है तो उसका उत्तराधिकारी यही तरीका अपनाकर उसके आदेशों को निरस्त करता है। ट्रंप ने बाइडेन के 78



आदेशों को ठंडे बस्ते में डाला। बहरहाल, सभी एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स समान महत्व के नहीं होते हैं। कुछ से नीतियों में नाटकीय परिवर्तन आ सकता है, जबकि अन्य रूटीन मामलों को ही कवर करते हैं। हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स व निर्देशों का इस्तेमाल अपने कार्यक्रम लागू करने व नीति को आकार देने के लिए करते हैं, लेकिन अमेरिका के संविधान में कोई प्रावधान या कानून विशिष्ट रूप से इन शक्तियों के बारे में कुछ नहीं बताता है। यह स्वीकार कर लिया गया है कि राष्ट्रपति के पास जो पॉवर है उसमें ऐसे आदेश जारी करने के अधिकार स्वतः ही निहित हैं। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स की वैधता राष्ट्रपति प्राधिकरण (अथॉरिटी) के वैध स्रोतों से हासिल करनी होती है- संविधान के तहत राष्ट्रपति को सीधे तौरपर प्राप्त पॉवर्स और कांग्रेस द्वारा प्रदान किया गया प्रत्यायोजित प्राधिकार। इसका अर्थ यह हुआ कि अगर कांग्रेस ऐसा कानून पारित करती है, जिससे राष्ट्रपति को किसी मामले में फैसला लेने का अधिकार प्रदान कर दिया जाए, तो राष्ट्रपति संबंधित मामले में एग्जीक्यूटिव आर्डर जारी कर सकते हैं। फिर राष्ट्रपति के पास कुछ संवैधानिक पॉवर्स होती हैं, जिनके तहत वह एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स जारी कर सकते हैं। कानूनन वैध एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स में कानून का बल व प्रभाव होता है। लेकिन उन्हें कांग्रेस या न्यायिक एक्शन द्वारा निरस्त या वापस लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त संविधान के तहत कांग्रेस को दी गईं पॉवर्स को एग्जीक्यूटिव आर्डर के प्राधिकार से सीमित किया जा सकता है। मसलन, कांग्रेस की विनियोग पॉवर का अर्थ है कि एग्जीक्यूटिव आर्डर के माध्यम से अमेरिकी ट्रेज़री से गठित विनियोग से अधिक फण्ड नहीं निकाला जा सकता। अमेरिकी संविधान पर आधारित एग्जीक्यूटिव पॉवर्स को लेजिस्लेटिव प्रक्रिया से संशोधित किया जा सकता था। प्रत्येक राष्ट्रपति को एग्जीक्यूटिव आर्डर में संशोधन करने, निरस्त करने या उसकी जगह दूसरा आर्डर लाने का अधिकार है, जिसमें पूर्व राष्ट्रपतियों के एग्जीक्यूटिव आर्डर भी शामिल हैं। इसलिए एग्जीक्यूटिव आर्डर से जो नीतियां बनती हैं, उनकी अल्प आयु होती है उन नीतियों व कानूनों की तुलना में जो अन्य माध्यमों से गठित होते हैं। अप्रैल 1992 में राष्ट्रपति जॉर्ज एचडब्लू बुश ने एग्जीक्यूटिव आर्डर 12,800 के ज़रिये फ़ेडरल ठेकेदारों को आदेश दिया कि वह अपने कर्मचारियों को नोटिफाई करें कि कानूनन उन्हें किसी यूनियन का सदस्य बनने की ज़रूरत नहीं है। फरवरी 1993 में बिल क्लिंटन ने एग्जीक्यूटिव आर्डर 12,836 से इस आर्डर को पलट दिया। फिर फरवरी 2001 में जॉर्ज डब्लू बुश ने एग्जीक्यूटिव आर्डर 13,201 से क्लिंटन के आदेश को बदल दिया, जिसे बराक ओबामा ने जनवरी 2009 में एग्जीक्यूटिव आर्डर 13,496 से एक बार फिर पलट दिया। इसका अर्थ यह है कि अगर कोई नीति एग्जीक्यूटिव आर्डर से गठित होती है, तो उसे एग्जीक्यूटिव आर्डर से ही बदला भी जा सकता है। फ़िलहाल ट्रंप ने जो कुछ बेतुके एग्जीक्यूटिव आर्डर जारी किए हैं जैसे पेरिस क्लाइमेट ट्रीटी से अमेरिका को बाहर निकाल लेना तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन को फंड न देना।

## पंचांग

22 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | - | 2081 |
| शक संवत् | - | 1946 |
| ऋतु | - | शिशिर |
| माह | - | माघ |
| पक्ष | - | कृष्ण |
| तिथि | - | अष्टमी 15.18 तक |
| वार | - | बुधवार |
| नक्षत्र | - | स्वाति 26.34 तक |
| योग | - | शूल 28.38 तक |
| करण | - | तैतिल 28.32 तक |
| सूर्योदय | - | 07.16 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - | 06.24 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - | 07.27 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - | 06.17 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - | तुला |
| अभिजित् मुहूर्त | - | नहीं |
| राहु काल | - | 12.50 से 14.13 |
| व्रत, त्यौहार | - | व्यतिपात महापात 23.21 से 28.48 |
| दिशा शूल | - | उत्तर |

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### महाशिवरात्रि पर विधि-विधान से करें भोलेनाथ की पूजा, पाएं आशीर्वाद

मासिक शिवरात्रि का दिन देवों के देव महादेव को समर्पित होता है। इस दिन विधि-विधान से पूजा-पाठ करने से व्यक्ति को मन की शांति व सुख समृद्धि प्राप्त होती है। मान्यताओं के अनुसार मासिक शिवरात्रि के दिन व्रत रखने से मनुष्य समस्पत पापों से मुक्त हो जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, मासिक शिवरात्रि हर माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन मनाई जाती है। मासिक शिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा करने से उनका आशीर्वाद मिलता है और भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। लेकिन क्या आपको पता है कि मासिक शिवरात्रि पर शिव जी को विशेष प्रकार का भोग लगाने से भी उन्हें जल्द प्रसन्न किया जा सकता है और मनोकमाना पूर्ति का आशीर्वाद लिया जा सकता है।

**मासिक शिवरात्रि**

वैदिक पंचांग के अनुसार, माघ महीने के कृष्ण पक्ष के चतुर्दशी तिथि इस बार 26 जनवरी को रात 8 बजकर 34 मिनट से शुरू होगी। इस साल मासिक शिवरात्रि का व्रत में पड़ने वाली मासिक शिवरात्रि 27 जनवरी को मनाई जाएगी।

**इन चीजों का भोग**

**मखाने की खीर:** मासिक शिवरात्रि के दिन भगवान शिव को मखाने की खीर का भोग लगाना चाहिए। इसे आपको सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होगी।

**मालपुआ:** मासिक शिवरात्रि के दिन शिव जी को मालपुए का भोग लगाना चाहिए। मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव को मालपुआ बहुत पसंद है। इसलिए आप चाहें तो सादा या फिर भांग के साथ भी इसे भोग में लगा सकते हैं।

**ठंडाई:** मासिक शिवरात्रि के दिन भगवान शिव को ठंड़ाई का भोग लगाना चाहिए। कहा जाता है कि शिव जी को दही, दूध, मसाले और मेवे से बनी ठंडाई का भोग लगाने से वे प्रसन्न होते हैं।

**लस्सी:** मासिक शिवरात्रि के दिन भगवान शिव को दूध-दही मिश्रित लस्सी का भोग लगा सकते हैं। आप इसे मीठा या नमकीन दोनों ही बना सकते हैं। दूध या उससे बनी चीजें भोलेनाथ को बहुत प्रिय मानी जाती है।

भगवान शिव को पूजा में बेलपत्र, बेलपत्र, धतूरा एवं धतूरे का फूल अर्पित करना बेहद शुभकारी माना जाता है।

## तारीख विशेष

### महारानी विक्टोरिया

विक्टोरिया यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड की रानी 20 जून 1837 से 1901 में उनकी मृत्यु तक थी। विक्टोरियन युग के रूप में जानी जाती हैं, उनका 63 साल और सात महीने का शासनकाल लंबा है। उसके किसी भी पूर्ववर्ती की तुलना में यह



यूनाइटेड किंगडम के भीतर औद्योगिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक और सैन्य परिवर्तन का काल था और इसे ब्रिटिश साम्राज्य के एक महान विस्तार द्वारा चिह्नित किया गया था। 1876 में, संसद ने उन्हें भार की महारानी का अतिरिक्त खिताब दिया। विक्टोरिया प्रिंस एडवर्ड, ड्यूक ऑफ केंट और स्ट्रैथर्ने (किंग जॉर्ज III का चौथा बेटा) की बेटी थी, और सक्से-कोबर्ग-सालेफेल्ड की राजकुमारी विक्टोरिया। 1820 में ड्यूक और उसके पिता दोनों की मृत्यु हो जाने के बाद, उसकी मां और उसके साथी जॉन कॉनरॉय ने उसकी देखरेख में उसका पालन-पोषण किया। अपने पिता के तीन बड़े भाइयों की वैध मुद्दे के बिना मृत्यु हो जाने के बाद उन्हें 18 वर्ष की आयु में राजगद्दी मिली। हालांकि एक संवैधानिक सम्राट, निजी तौर पर, विक्टोरिया ने सरकारी नीति और मंत्रिस्तरीय नियुक्तियों को प्रभावित करने का प्रयास किया। सार्वजनिक रूप से, वह एक राष्ट्रीय आइकन बन गई, जिसे व्यक्तिगत नैतिकता के सख्त मानकों के साथ पहचाना गया। विक्टोरिया ने 1840 में सक्से-कोबर्ग और गोथा के अपने चचेरे भाई प्रिंस अल्बर्ट से शादी की। 1861 में अल्बर्ट की मृत्यु के बाद, विक्टोरिया गहरे शोक में डूब गई और सार्वजनिक दिखावे से बचने लगीं। उसके एकांत के परिणामस्वरूप, यूनाइटेड किंगडम में गणतंत्रवाद ने अस्थायी रूप से ताकत हासिल की, लेकिन उसके शासनकाल के उत्तरार्ध में, उसकी लोकप्रियता पुनः प्राप्त हुई। उनकी गोल्डन और डायमंड जुबली सार्वजनिक उत्सव के समय थे। 22 जनवरी 1901 को इस्ले ऑफ वाइट में उनकी मृत्यु हो गई। हनोवर हाउस के अंतिम ब्रिटिश सम्राट, उन्हें हाउस ऑफ सक्से-कोबर्ग और गोथा के उनके बेटे एडवर्ड सप्तम द्वारा सफल बनाया गया था।

## भारतीय गणतंत्र के 75 वर्ष

# सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़कर अबला बनीं सबला

वीना गौतम

**एक गणतंत्र के रूप में हमने 75 साल पूरे कर लिए हैं। 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ था, तब से लेकर अब तक यानी पिछले 75 सालों में भारतीय महिलाएं बहुत सशक्त हुई हैं। भले उन्हें अभी कई क्षेत्रों में पुरुषों से मुकाबला करना भारी पड़ता हो, लेकिन इन 75 सालों में कई क्षेत्रों में महिलाएं पुरुषों से भी आगे निकली हैं। लेकिन यह सब एक दिन या एक झटके में नहीं हुआ। भारत के स्वाधीन गणतंत्र बनने के बाद महिलाओं को एक के बाद एक मिले संवैधानिक अधिकारों से यह सब संभव हुआ है**

- इमेज

सदियों से भारतीय महिलाओं की कहानी यही थी-

अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी।
आंचल में है दूध और आंखों में पानी।।

पिछले 75 सालों में मिले संवैधानिक अधिकारों की सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़कर आज कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर न चल रही हों। भारत के साथ या उसके आगे पीछे दुनिया के दो दर्जन देश अलग अलग तरह की गुलामियों से मुक्त हुए थे। लेकिन भारतीय महिलाओं जैसी सशक्त स्थिति इस दौरान स्वतंत्र हुए किसी भी दूसरे देश की महिलाओं की नहीं है। इसलिए भारतीय महिलाओं की इस स्थिति का सबसे बड़ा आधार भारतीय संविधान है, जो कि दुनिया के सबसे ताकतवर और व्यापक संविधानों में से एक है। विशेषकर महिलाओं के अधिकारों की दृष्टि से। भारतीय संविधान में महिलाओं को विशेष सुरक्षा और समानता प्रदान करने वाले कई ऐसे प्रावधान हैं, जिनकी वजह से भारतीय गणतंत्र के पिछले 75 सालों में महिलाओं ने भरपूर उन्नति की है। ऐसे कुछ अधिकारों को हम एक नजर में देख सकते हैं।

**समानता का अधिकार**

26 जनवरी 1950 के पहले भारतवर्ष के पिछले कई सौ सालों के इतिहास में महिलाओं को पुरुषों जैसी समानता नहीं मिली थी। लेकिन 26 जनवरी 1950 को भारत का जो संविधान लागू हुआ उसके अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत भारतीय महिलाओं को पहली बार पिछले एक हजार सालों में पुरुषों से समानता हासिल हुई है। उदाहरण के लिए सदियों से महिलाओं और पुरुषों के समान काम का समान वेतन नहीं मिलता था। लेकिन भारतीय संविधान ने समान वेतन अधिनियम लागू करने के बाद महिलाओं और पुरुषों को समान काम के लिए समान वेतन वैधानिक रूप से सुनिश्चित हो गया, व्यवहार में भले आज भी महिलाओं के साथ कई तरह के भेदभाव किए जाते हों, जिसमें पुरुषों के समान वेतन का अधिकार भी शामिल है, लेकिन व्यवहार में भारतीय संविधान से महिलाओं की मिली यह बराबरी की बहुत बड़ी ताकत है। यही वजह है कि आज कम से कम सरकारी नौकरियों में कानून की नजरों में भारतीय पुरुष और भारतीय महिलाएं एक समान हैं।

**भेदभाव विरोध**

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 15 (3) राज्य को महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रावधान बनाने की अनुमति देता है और यहां पर संविधान महिलाओं को पुरुषों से भी एक सीढ़ी ऊपर ले जाता है। उदाहरण के लिए मातृत्व लाभ अधिनियम (मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट) 1961 के तहत महिलाओं को मातृत्व अवकाश और विशेष मातृत्व लाभ दिए जाते हैं, इसी के चलते महिलाओं को अब 26 हफ्तों तक सवेतन छुट्टी का अधिकार मिल गया है यानी मातृत्व लाभ के रूप में महिलाओं को 6 महीने तक घर में रहते हुए भी वेतन मिलता है। भारतीय संविधान के अंगीकार किए जाने के पहले किसी भी दौर में महिलाओं को यह लाभ हासिल नहीं था।

**शोषण से सुरक्षा**

महिलाओं को मानव तस्करी, बंधुवा मजदूरी और बच्चों से संबंधित अन्य शोषण से बचाव के लिए अनुच्छेद 23 और 24 के तहत विशेष सुरक्षा मिली हुई है। इसी क्रम में साल 2013 में महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए 'यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम' 2013 जिसे पॉश एक्ट भी कहते हैं,मिला है। महिलाएं कार्यस्थलों पर सुरक्षित हैं, फिर चाहे वे कार्यस्थल घरेलू काम करने वाली महिलाओं के लिए कोई घर हों या प्रोफेशनल नौकरी करने वाली महिलाओं के कार्यस्थल यानी उनके दफ्तर हों।

**संपत्ति में बराबरी का अधिकार**

भारतीय संविधान में किए गए संपत्ति में अधिकार संशोधन के तहत हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 2005 में बेटियों को पैतृक संपत्ति में बेटों जितना समान अधिकार दिया गया है, जो महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**राजनीतिक अधिकार**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243डी और 243टी के तहत पंचायती राज, नगरपालिका के बाद अब लोकसभा और विधानसभाओं में भी महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है। नगरपालिका और ग्राम पंचायत में कई सालों पहले से ही यह अधिकार महिलाओं को हासिल थे और अब 2029 के बाद लोकसभा और विधानसभाओं में भी महिलाएं कम से कम 33 फीसदी होंगी। जो उनकी राजनीतिक ताकत में चार चांद लगा देगा। ग्राम पंचायत और नगर पालिकाओं में महिलाओं की ताकतवर उपस्थिति है, वैसी उपस्थिति अगले कुछ सालों में लोकसभा और विधानसभाओं में भी देखने को मिलेगी।

**कार्यस्थल और श्रम अधिकार**

साल 2019 में संसद में महिला श्रमिकों के लिए उनकी रात्रिकालीन ड्यूटी के नियमों में बदलाव कर दिया है। अब सिर्फ सुरक्षित माहौल में ही महिलाएं को रात में काम करने करने अनुमति है।

## गीता सार




श्रीभगवानुवाच इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम्।
विवस्वान्मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत्॥4-1॥

-: हिंदी भावार्थ :-

श्री भगवान कहते हैं – पहले मैंने इस अविनाशी योग को सूर्य से कहा था, सूर्य ने अपने पुत्र वैवस्वत मनु से कहा और मनु ने अपने पुत्र राजा इक्ष्वाकु से कहा॥

## बोले तो...




ब्राह्मण समाज ने देश के विकास में बहुत योगदान दिया है। संविधान की ड्राफ्टिंग में ब्राह्मणों का इतना योगदान था कि भीमराव आंबेडकर ने खुद कहा था कि बीएन राव ने यदि संविधान की ड्राफ्टिंग नहीं की होती तो उसे तैयार करने में 25 साल और लग जाते।

-कृष्ण एस. दीक्षित

महाकुंभ स्नान की मैंने तीन दिन की मन्नत मानी थी। कल पवित्र संगम में स्नान किया, आज भी करूंगी और कल फिर करूंगी। मुझे यहां आकर बहुत अच्छा लगा। मेरे नाना, नानी, दादा जी कोई नहीं आ सका। इसलिए मुझे उनके नाम पर तर्पण करना है।



- सुधा मूर्ति



आज के दौर में लगभग हर रोज शिकायतें आती हैं कि वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग नहीं हो रहा है। कई संपत्तियों का वक्फ होना था। लेकिन बाद में कुछ दूसरा हो जाता है। पीलीभीत में पांच हजार एकड़ जमीन है। कहीं एक जमीन 70 हजार एकड़ की है।

- जगदंबिका पाल

## कुछ अलग | अजब गजब

# नीली आंखें, सात फीट ऊंची कद काठी, बाहुबली जैसे मसल्स, इंटरनेट पर छा गए 'रशियन बाबा'

महाकुंभ मेले में आम आदमी से लेकर साधु-संतों तक का जमावड़ा लगा हुआ है। गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के त्रिवेणी संगम पर भक्त पवित्र स्नान कर रहे हैं और भगवान शिव की भक्ति में रमे हुए हैं। इसी क्रम में अब रूस का एक शिव भक्त सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच रहा है। महाकुंभ के मेले में दुनिया भर से शिवभक्त आए हुए हैं। अलग-अलग तपस्वी और साधुओं के यहां दर्शन हो रहे हैं। ऐसे ही एक रूस के शिव भक्त का वीडियो और तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं हैं। वे अपनी अद्वितीय कद-काठी और तेज की वजह से चर्चा में बने हुए हैं। इनका नाम आत्माप्रेम गिरी महाराज है, जिनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। कई लोग उनकी आध्यात्मिकता की यात्रा को जानने के लिए उत्सुक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इनका नाम अचापा था, जो रूस के मूल निवासी हैं। सनातन धर्म में रुचि के कारण उन्होंने 30 साल पहले हिंदू धर्म अपना लिया था। तब से, वह आध्यात्मिक मार्ग का अनुसरण कर रहे हैं। एक समय में शिक्षक के रूप में काम करने वाले ये संत अब



पूर्ण रूप से हिंदू प्रचारक है। वे फिलहाल नेपाल में रह रहे हैं। वहां के लोगों में हिंदू धर्म के प्रति आस्था का प्रसार कर रहे हैं। जूना अखाड़े के सदस्य ये संत हिंदू रीति-रिवाजों और परंपराओं से अपना रिश्ता मजबूत कर रहे हैं। महाकुंभ मेले में हिस्सा लेने आए हजारों साधु-संतों के बीच अपने-अपने अंदाज में कई साधु-संत दिलचस्प नजर आ रहे हैं। हर कोई अलग-अलग रास्ते से भगवान शिव तक पहुंचने के लिए यात्रा कर रहा है। यहां तमाम हठयोगियों से लेकर अलग-अलग संतों ने लोगों का ध्यान खींचा है। वे शिव भक्ति के मार्ग को अपने-अपने अंदाज में परिभाषित कर यात्रा कर रहे हैं। इस कुंभ मेले में मस्कुलर बाबा के साथ-साथ कुछ गोल्डन बाबाओं ने भी दर्शन दिए। उन्होंने अपनी पीठ पर करोड़ों रुपए की कीमत के कई किलो सोने के आभूषण पहने हुए हैं और हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ मेला 26 फरवरी तक 45 दिनों तक चलेगा।

## पाठक पाती

### पशुपालकों की सहायता की घोषणा

प्रदेश शासन द्वारा दूध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को 5 प्रति लीटर राज सहायता देने की घोषणा एक स्वागत योग्य कदम है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन के प्रति जागरुकता बढ़ेगी और राज्य सहायता के चलते उन्हें उत्पादन फायदे का सौदा होगा। राज्य सहायता से पशुपालकों को अपने पशुओं की देखभाल में मदद मिलेगी और वे अधिक दूध उत्पादन कर पाएंगे। पशुपालन से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार आएगा। अधिक पशुपालन से ऑर्गेनिक खेती को भीप्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश सरकार वर्तमान वर्ष को ,'गोरक्षा वर्ष', के रूप में मना रही है। इसी कड़ी में गोपालकों के लिए यह सहायता राशि देने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने इसी वर्ष जनवरी में अहमदाबाद में अमूल का मॉडल देखा था। इसके अनुरूप उत्पादन बढ़ाने पर जोर है। अधिक दूध उत्पादन से आम जनों को पर्याप्त मात्रा में शुद्ध दूध उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा, देश के अन्य राज्यों को भी दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राज सहायता उपलब्ध करवानी चाहिए। साथ ही, प्रदेश में पशु वध पर रोक लगनी चाहिए ताकि पशुपालन को बढ़ावा मिल सके और पशुओं की सुरक्षा हो सके।

-मधु सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम, एमपी

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# ठिमाऊ बड़ी गांव में शहीद को सैनिक सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई, शव यात्रा में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

## हवाई फायर कर गार्ड ऑफ ऑनर की दी सलामी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सादुलपुर तहसील के गांव ठिमाऊ बड़ी में शहीद सतीश स्वामी का सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वही गांव में दिनभर शोक की लहर छाई रही तथा देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए जवान की शहादत का जैसे ही गांव में पता चला तो गांव में सन्नाटा पसर गया तथा चूल्हा तक नहीं जला हर व्यक्ति की आंखें नम थी। शहीद का पार्थिव शरीर सेना के अधिकारी लेकर जब गांव में पहुंचे तो भारत जिंदाबाद के नारों के साथ सतीश स्वामी अमर रहे के जयकारों से गांव गूंज उठा। शहीद के पिता के पास शब्द नहीं थे। अधिकारियों सहित ग्रामीण उनको सांत्वना दे रहे थे। मां सावित्री अपने लाडले को देखने के लिए बिलख रही थी घर में कोहराम मचा हुआ था। ग्रामीण महिलाएं शहीद परिवार को ढाढ़स दे रही थी। सेना के जवान, अधिकारियों जनप्रतिनिधियों ने उनके पार्थिव शरीर पर तिरंगा अर्पित कर पुष्पचक्र एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।मोक्ष भूमि में जवानों ने मातमी धुन बजाकर शहीद कर्नल रमेश सिंह राठौड़ को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया तथा हवाई राउंड फायर कर शहीद को अंतिम विदाई दी गई। शहीद को मुखंगानी उनके भाई रविंद्र ने दी। ठिमाऊ बड़ी गांव के वीर सपूत नायक सतीश पुत्र बुधराज स्वामी 3/5 गोरखा रेजीमेंट पार्थिव शरीर को सुबेदार रायबहादुर गुरुंग व तीन जवान लेकर शहीद स्मारक पर पहुंचे बीकानेर से पहुंचे सैना के जवान जिसमें मेजर शोरव थापा नायब सूबेदार जितेन्द्र सिंह एवं 12 जवानों ने शहीद को सलामी दी। इस मौके पर सुबेदार महासिंह पूर्व अध्यक्ष केप्टेन विद्याधर पूनिया पुर्व अध्यक्ष,केप्टेन धर्मपाल रणवां, सुबेदार जेपी डुडी, महताब पूनिया, उमराव पूनिया, कर्णसिंह श्योराण, अमरसिंह पूनिया, राजपाल पूनिया, भंवरलाल, सुबेदार राम प्रताप बुढ़ानिया, सु.मे. रामचंद्र, सुबे चन्द्रभान झंडु केप्टेन कुं.दलीप सैनिक कल्याण अधिकारी केप्टेन दिनेश शर्मा आदि ने शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इससे पूर्व शहीद का पार्थिव शरीर जब सेना की गाड़ी से शहीद स्मारक पहुंचा, तो माहौल गमगीन हो गया। सेना की गाड़ी को फूलों से सजाया गया और श्रद्धांजलि दी गई। शहीद सतीश स्वामी की याद में शहीद स्मारक से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पुष्प बरसाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। हर किसी की आंखें नम थीं और देशभक्ति के नारे गूंज रहे थे। इस मौके पर एसडीएम मीनू वर्मा, एएसपी किशोरी लाल,आईपीएस निश्चय प्रसाद एम, तहसीलदार आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। आईपीएस निश्चय प्रसाद ने शहीद के भाई रविंद्र से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। रविंद्र ने बताया कि दोनों भाई सेना की तैयारी साथ में करते थे। शहीद सतीश स्वामी माह जून 2024 में 3 माह की छुट्टी आए थे इस मौके पर सांसद राहुल कस्वा, देवेंद्र झाझडिया, जोगेंद्र झाझडिया, सुमित्रा पूनिया भाजपा युवा नेता कृष्ण भाकर विजयपुर के सरपंच प्रतिनिधि अनिल श्योराण, पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष जगत सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सहित थाना अधिकारी राजेश सिहाग तथा हमीरवास थाना अधिकारी जय भादू सहित ग्रामीण जनप्रतिनिधि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।गाँव ठिमाऊ बड़ी में बुधराज स्वामी के घर जन्मे शहीद सतीश कुमार स्वामी का जन्म 19 जून 1996 को हुआ था, शहीद सतीश कुमार स्वामी 5 गोरख राईफल रेजीमेंट (फ्रंटियर फोर्स में 17 जून 2019 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे।

# जिला स्तरीय स्किल एग्जिबिशन कम कंपटीशन कैंप का आयोजन

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ के विद्यार्थियों ने बाजी मारी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ के मेधावी विद्यार्थियों ने व्यावसायिक शिक्षा के जिला स्तरीय स्किल एग्जिबिशन कम कंपटीशन कैंप में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला स्तर पर ब्लॉक का नाम रोशन किया है प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने बताया कि कक्षा 11 की छात्रा रिया कंदोई के हेल्थ केयर विषय पर बनाए गए अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के मॉडल को जिला स्तर पर प्रथम स्थान मिला तथा कक्षा 10 के छात्र ऋषभ कुमार के सुरक्षा ट्रेड पर बनाए गए मॉडल अग्निशमन नियंत्रण कक्ष द्वितीय स्थान पर रहा पीएम श्री राजकीय बगला उच्च माध्यमिक विद्यालय चूरू में जिले भर की 88 स्कूलों के विद्यार्थी अपने ट्रेड से संबंधित विषय पर मॉडल बनाकर प्रदर्शनी में हिस्सा लिया था विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया उपप्राचार्य राजवीर सुड्डा स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को प्रार्थना सत्र में ट्रॉफी स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन व योगदान को दिया। विद्यार्थियों ने प्रभारी बीरबल कस्वा वोकेशनल ट्रेनर दिलीप कुमार के निर्देशन में उक्त मॉडल का निर्माण किया था इस मौके पर तैयब हुसैन वीरेंद्र कुमार थालौड़ संदीप जड़िया सुनील मील सरिता कुमारी सुनहरी देवी सीमा पूनिया सहित स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बसेड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव कक्ष का लक्ष्य मूल्यांकन संपन्न




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसेड़ी के प्रसव कक्ष का लक्ष्य मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर के असेसरों द्वारा सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। इस मूल्यांकन के परिणामस्वरूप, प्रसूताओं को गुणवत्ता पूर्वक स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त होगी। राष्ट्रीय असेसर डॉ प्रतीक्षा चौधरी और प्रतिमा ढांका द्वारा कुल 300 चेकपॉइंट पर मूल्यांकन किया गया। इस मूल्यांकन में प्रसव कक्ष की सुविधाओं, सेवाओं और गुणवत्ता की जांच की गई। सीएमएचओ डॉ धर्म सिंह मीणा ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसेड़ी का प्रसव कक्ष को लक्ष्य गाइडलाइन के अनुसार सभी मानकों के आधार पर तैयार कराया गया, जिसके लिए उन्होंने बसेड़ी टीम और यूएनएफपीए प्रतिनिधि रिपुंजय कुमार का विशेष सहयोग रहा। जिला प्रजनन शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सा संस्थान अगर मूल्यांकन में उत्तीर्ण हुआ तो संस्थान को भारत सरकार की ओर से आगामी तीन साल तक 2 लाख की राशि दी जाएगी और साथ ही लक्ष्य प्रमाणपत्र दिया जायेगा।

# जनसहयोग से 40 क्विंटल चारा श्री शंकर नाथ गौशाला को भेंट




**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के निकटवर्ती गांव राधा छोटी में ग्रामीण जन सहयोग से संचालित श्री शंकर नाथ गौशाला राधा छोटी में मकर संक्रांति के पावन पर्व से ही दान पुण्य का दौर जारी है दान पुण्य की कड़ी को महत्वपूर्ण समझते हुए उपखंड के नजदीकी गांव खैरु छोटी के समस्त ग्राम वासियों द्वारा गौ सेवा को महत्वपूर्ण समझते हुए 40 क्विंटल चारा श्री शंकर नाथ गौशाला राधा छोटी को गायों की सेवा हेतु भेंट किया गौशाला संचालक कमेटी अध्यक्ष संदीप पुनिया कोषाध्यक्ष मास्टर सोमबीर पूनिया ने बताया कि मकर संक्रांति के पावन पर्व पर भी खैरु छोटी गांव द्वारा 71000 का आर्थिक सहयोग किया गया था जो बहुत ही अपने आप में क्षेत्र में एक नेक मिसाल है तथा खैरु छोटी के समस्त ग्राम वासियों ने कहा कि क्षेत्र में श्री शंकर नाथ गौशाला एवं श्री श्याम गोवंश हॉस्पिटल राधा छोटी की टीम हमेशा लाचार बीमार बेसहारा जीव जंतुओं पक्षी परिंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहती है जो बहुत ही खुशी की बात है श्री शंकर नाथ गौशाला राधा छोटी कमेटी टीम के सदस्यों ने समस्त ग्राम वासियों खैरु छोटी के ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया एवं समस्त ग्राम वासियों ने आगे भी समय समय पर गौशाला में हर संभव आर्थिक जन सहयोग का आश्वासन दिया।

# श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा



**चूरू।** ढांढण धाम में अखिल भारतीय बसन्तोस्तव परिवार की ओर से रजत जयंती बसंतोत्सव के प्रथम दिन टीडा गेला दादी मां ढांढ़ण वाली की 47 दिवसीय दिव्य जोत रथ यात्रा के आगमन पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली। श्रीढांढण शक्ति भक्त मण्डल चूरू के पदाधिकारी ने बताया कि सातड़ा कॉलोनी स्थित श्रीधोली शक्ति दादीजी मंदिर से सुभाष चौक, सफेद घंटाघर, गढ चौराहा होते हुए शोभायात्रा श्रीराम मंदिर पहुंची। मण्डल की ओर से आयोजित शोभायात्रा में शहरवासियों व व्याापारियों ने पुष्प वर्षा की। शोभायात्रा में शिव दरबार, राम दरबार, वानर सेना, बालाजी, श्रीकृष्ण राधा, अध्योध्या धाम के राम दरबार, शिव ताण्डव आदि की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा में महिलाओं ने मंगल गीत गाएं। शिव ताण्डव झांकी में कलाकारों ने अग्निनृत्य की प्रस्तुति से सभी को अंचभित कर दिया। इस अवसर पर महिलाएं, पुरूष व युवाओं ने झूमते हुए शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा के दौरान कलाकारों ने झांकियों के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर दुकानदारों व शहरवासियों ने झांकियों पर पुष्प वर्षा की।

# रफीक मण्डेलिया तथा सांसद राहुल कस्वां के जन्मदिवस पर पाठ्य सामग्री वितरित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय स्थित वार्ड संख्या 55 व 56 में कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट सद्दाम हुसैन की ओर से राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मण्डेलिया एवं चूरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वां के जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया तथा कैक काटकर जन्म दिवस मनाया गया एवं रफीक मण्डेलिया एवं राहुल कस्वां के उज्जवल भविष्य स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशोर धांधू, युवा नेता योगेश ढाका, पीसीसी सचिव विकास बुडानिया, युवा नेता अजीज खान दिलावरखानी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शोयल खान डीके, युवा नेता हर्ष लाम्बा, पूर्व पार्षद विनोद खटीक, पूर्व अपर लोक अभियोजक अनिश खान, रामचंद्र सुंडा, महेंद्र चौधरी, अली मोहम्मद भाटी, असलम खान मोयल, मोहम्मद आसिफ निर्वाण, तौफीक खान, खालिद कुरैशी, सम्मी उल्लाह, रामेश्वर प्रसाद नायक, कमलेश महला, अजू लुहार, आसिफ गौड़, अब्दुल्ला कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# पीएम श्री रा.उ.मा. विद्यालय में बच्चों को निःशुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** निकटवर्ती ग्राम बोबास मे नव निर्माण एवं पर्यावरण केंद्र की ओर से पीएम.श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोबास मे मंगलवार को नि:शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। संस्था के मंत्री हीरालाल शास्त्री ने बताया कि भामाशाह महेंद्र कुमार गालव कृष्णा पब्लिक सिटी जयपुर श्याम तोतला कोहलापुर गणपत लाल वर्मा,ठाकुर उमेश सिंह ठिकाना करणसर, ठाकुर पुष्पेंद्र सिंह रघुनंदन सिंह ठिकाना करणसर, हेमेंद्र शर्मा जयपुर,दुष्यंत भारद्वाज जयपुर,जतिन इंटरप्राइजेज जयपुर पराशमी सॉफ्टवेयर एवं टेक्नोलॉजी जयपुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिन्होने समय-समय पर ऐसे सामाजिक पुण्य कार्यो के लिए सदैव योगदान दिया। इस अवसर पर निशुल्क स्वेटर वितरण किया गया जिससे सभी जरूरत मंदो को ठंड के मौसम में सुरक्षित रखा जा सकें। ग्राम पंचायत बोबास के सरपंच रूपनारायण रूडंला ने सभी आये हुए भामाशाहो का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया इसके पश्चात स्कूल के सभी जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए ओर साथ ही बच्चो के सामाजिक ज्ञान कि बढ़ोतरी के लिए प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया ओर विजेता बच्चो को सरपंच रूपनारायण रूडंला के द्वारा नगद पाँच-पाँच सो रूपये पुरस्कार स्वरूप दिये गए । तथा चार्टड अकाउंटेंट दुष्यंत भारद्वाज जयपुर के द्वारा स्कूल के बच्चो को लड्डू वितरण कर उनके उज्वल भविष्य कि कामना कि गई। अंत मे पराशमी सॉफ्टवेयर एवं टेक्नोलॉजी जयपुर के संस्थापक आशीष शर्मा व जतिन इंटरप्राइजेज जयपुर के डायरेक्टर जतिन ने नव निर्माण एवं पर्यावरण केन्द्र कैशा का बास आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके यह प्रयास सराहनीय है।

# अधिवक्ता राधेश्याम दर्जी का सम्मान



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्थानीय न्यायालय परिसर के पुस्तकालय भवन में नव नियुक्त अधिवक्ता श्रीराधेश्याम दर्जी का भाजपा के शहर मंडल अध्यक्ष बनने पर सभी अधिवक्तागण ने राधेश्याम दर्जी का स्वागत किया। अधिवक्ता पुखराज तेजी ने बताया कि कार्यक्रम की बार अध्यक्षता सत्यनारायण प्रजापत ने की। अपने उद्‌बोधन बार अध्यक्ष ने बताया कि हमारे अधिवक्ता गण को राजनीतिक उपलब्धि होने पर बार परिवार को गर्व हुआ है और यह हमारे परिवार के मान सम्मान का महत्व है अधिवक्ता राधेश्याम दर्जी मिलनसार व्यक्ति है जिसके राजनीतिक केरियर की शुरुआत की शुभकामनाएं बार परिवार प्रेषित करते हैं। कार्यक्रम में अधिवक्ता धर्मेंद्र सिंह शेखावत, ललित कुमार मारू, जयप्रकाश मीणा, के के पुरोहित, पंकज पंवार, सोहन सिद्ध, किशन स्वामी, सजंय बोहरा, जितेन्द्र स्वामी गणेशराम मेघवाल, अनिल धायल, गोपाल पारीक व मनमोहन पैरोकार आदि मौजूद रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने पालिका इओ को लिखा पत्र

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** पूर्व विधायक एवं भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी निर्मल कुमावत ने आयुर्वेदिक औषधालय को खाली पड़े पुराने सीएचसी भवन में शिफ्ट करने की मांग को लेकर पालिका इओ को पत्र लिखा है । पूर्व विधायक कुमावत ने पत्र में बताया कि लगातार स्थानीय लोगों की ओर से बार-बार आग्रह किया जा रहा था कि वर्तमान में संचालित औषधालय सार्वजनिक वाचनालय पर संचालित होने से बुजुर्गों,महिलाओं व बीमार व्यक्तियों को ऊपर चढ़ने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसके कारण संचालित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय का आमजन इसका लाभ नहीं ले पा रहे। आमजन की मांग को देखते हुए पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने राजकीय औषधालय को पुराने सीएचसी भवन में शिफ्ट करने की मांग की है ।

## स्वर्गीय तोलाराम माटोलिया की स्मृति में कम्बल वितरण



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** श्री परमार्थ सेवा संस्थान सुजानगढ़ के तत्वाधान में स्वर्गीय तोलाराम माटोलिया की 15 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर संस्थान मंत्री जय प्रकाश शर्मा द्वारा स्थानीय ठरडा रोड पर भोपा समाज की कच्ची बस्ती में कम्बल व फल वितरण का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर समाज सेवी यशोदा माटोलिया द्वारा भोपा समाज के बुजर्गो का शोल व श्री फल देकर सम्मान किया व समाज की सभी महिला व बच्चों को सम्बोधित करते हुए अपने परम्परागत कार्यो को छोड़ कर शिक्षा की तरफ ध्यान देने की बात कही। वैद्य भंवरलाल काछवाल ने राज्य व केंद्र की अनेक योजनाओ की जानकारी देते हुए इनसे लाभ उठा कर अपना जीवन स्तर सुधारने की अपील की कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री सुमन सामरिया, सुषमा रांकावत, सिमरन माटोलिया, मनसुख रूंथला सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। मंत्री जय प्रकाश शर्मा द्वारा कार्यक्रम में सभी शामिल लोगों का अभिवादन किया।

## ज्योति सिंह बनी अखिल भारतीय कांग्रेस महिला सेवा दल की चूरू जिला अध्यक्ष



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक जयपुर में संपन्न हुई जिसमें चूरू सेवा दल महिला जिला अध्यक्ष पद पर ज्योति सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल देसाई व ज्योति खन्ना, प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत, प्रतिभा सिंह, चूंरू जिला अध्यक्ष संजय दीक्षित ने नियुक्ति पत्र सौंपा ओर जिम्मेदारियो से अवगत करवाया। ज्योति सिंह ने जिला अध्यक्ष बनने पर कहा मैं निष्ठा और कर्तव्य के साथ ईमानदारी से कार्य करूंगी और संगठन को मजबूती प्रदान करूंगी व सभी का आभार प्रकट किया। चूरू जिला में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ में किया जाएगा बाल मेले का आयोजन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ में शीतकालीन बाल मेले का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य दीपक पुरोहित ने बताया कि सोमवार 27 जनवरी 2025 को विद्यालय में शीतकालीन बाल मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल के साथ- साथ संगीत, नृत्य, ऊंट की सवारी, घुड़सवारी, झूले तथा विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया जाएगा। मेले का मुख्य आकर्षण लक्की ड्रा रहेगा जिसमें ड्रा के द्वारा विभिन्न आकर्षक उपहार निकाले जाएंगे। इस तरह का शेखावाटी क्षेत्र का यह पहला आयोजन है जिसके कारण बच्चों और अभिभावकों में उत्साह है। इसके द्वारा विद्यार्थी व्यापार प्रबंधन का कौशल प्राप्त करेंगे। बाल मेले का समय दोपहर 12:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक का रहेगा। जिसमें बिसाऊ, चूरू एवं आसपास के क्षेत्रों से गणमान्य लोग शामिल होंगे।

## सातड़ा में महिलाओं ने सामूहिक रूप से घूंघट प्रथा बंद करने का संकल्प लिया : न्यौल

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष व कांग्रेस जा उपाध्यक्ष किसान नेता आसुराम न्यौल ने कहा कि महज सामूहिक रूप से घूंघट प्रथा बंद करने व समाज में व्याप्त विभान कुरीतियों को बंद करें। किसान कार्यालय न्यौल भवन सातड़ा के प्रांगण में महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान नेता आदूराम न्यौल ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की। न्यौल की अध्यक्षता में महिलाओं ने चूरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वा , पीसीसी के उपाध्यक्ष भामाशाह रफीक मंडलिया तथा आदूराम न्यौल के ज्येष्ठ पुत्र हरीराम न्यौल का सामूहिक रूप से जन्मदिन मनाया गया । सभी महिलाओं, युवतियों ने उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी व उज्वल भविष्य की कामना की, इस अवसर पर उपस्थित मानव ने घूंघट प्रथा ज्यागने का संकल्प लिया। महिलाओं ने एक दूसरे को मिघाई खिलाकर खुशियां मनाई। महिला प्रवक्ता निशा न्यौल ने बताया कि सात दिन तक समूचे गांव में घर घर जाकर घूंघट प्रथा व अन्य कुरीतियों को दूर करने की दिशा में संकल्प कराया जाएगा। इस मौके पर मणि जांगिड़, मघी मेभाल, सर्द, होता , पूजा, पूनम, मनीषा, आयना सहित सभी युवतियों ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का निर्णय किया, उपस्थित सभी महिलाओं को च्वयनप्राश , जरूरतमंद गरीब व बीमार महिलाओं को ओषधियां वितरित की।

# जैसलमेर : बर्ड फ्लू से 33 कुरजां की मौत

## ▶▶ तालाबों के पानी के उपयोग पर लगाई रोक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में शुक्रवार 17 जनवरी को बांकलसर गांव के खेत में हवा में उड़ते समय अचानक से नीचे गिरकर मरे 14 कुरजां (डेमोइसेल क्रेन) पक्षियों की मौत बर्ड फ्लू से हुई है। भोपाल स्थित निषाद लैब भेजी दो कुरजां पक्षी की रिपोर्ट आने से पक्षियों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इससे यह साफ हो गया है कि बांकलसर में 14 कुरजां की मौत का कारण बर्ड फ्लू ही था। भोपाल के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान (निषाद) की रिपोर्ट में डेमोइसेल क्रेन के शवों में H5N1 एवियन फ्लू की पुष्टि की है। इसके साथ ही जैसलमेर में अब तक बर्ड फ्लू से 33 कुरजां पक्षियों की मौत हो गई है।

इसके अलावा एक कोयल और एक यूरेशियन वल्चर (गिद्ध) की मौत भी हुई थी, मगर वो मौत सामान्य होने के कारण प्रशासन ने राहत की सांस ली है। वहीं प्रशासन ने जिले में प्रवासी पक्षियों के डेरा डालने वाले तालाबों के पानी के उपयोग नहीं करने की अपील जारी की है।

### प्रोटोकॉल के तहत दफनाए गए शव

गौरतलब है कि 11 जनवरी से जैसलमेर में बर्ड फ्लू से लगातार पक्षियों की मौत रही है। हालांकि बर्ड फ्लू से मरने वाले पक्षी सिर्फ देगराय ओरण व बांकलसर में ही मिले है। जिले में दूसरी जगह पर अभी तक बर्ड फ्लू से संक्रमित कोई पक्षी नहीं मिला है। देगराय ओरण क्षेत्र में तालाब के किनारे मिले पक्षियों के शव प्रोटोकॉल से दफनाने के बाद उस जगह पर केमकिल स्प्रे का छिड़काव किया गया है। ताकि अन्य पक्षियों में यह संक्रमित बीमारी नहीं फैले।

### 10 दिन में मिले कुरजां के शव

जैसलमेर से 55 किलोमीटर दूर देवी कोट कस्बे के देगराय ओरण इलाके में सबसे पहले 11 जनवरी को छह कुरजां पक्षी के शव मिले। इसके बाद 12 जनवरी को दो, 13 जनवरी को दो, 15 जनवरी को तीन और 16 जनवरी को एक कुरजां का शव मिला। 17 जनवरी को मोहनगढ़ के बांकलसर गांव में एक साथ 14 कुरजां के शव मिले। 18 जनवरी को चार और 20 जनवरी को एक कुरजां का शव मिला। इस तरह अब तक कुल 33 कुरजां के शव मिले है।

### सर्दी कम होने पर घटेगा संक्रमण

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डा. उमेश वरगंटीवार ने बताया कि आमतौर पर इंसानों की तरह पक्षियों में भी सर्दी के मौसम में इम्यूनिटी कम हो जाती है। जिससे पक्षियों में यह संक्रमित बीमारी ज्यादा फैल जाती है। उन्होंने बताया कि पक्षियों को उड़ान भरने से तो रोक नहीं सकते। ऐसे में इस संक्रमित बीमारी की रोकथाम के कोई उपाय नहीं है। लेकिन इस बीमारी से बचाव के लिए जहां मृत पक्षी मिलते है, उन्हें सरकारी निर्देशों के अनुसार दफनाने के बाद उस जगह स्प्रे कर दिया जाता है।

## बाबा रामदेव की समाधि पर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने चढ़ाई चादर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामदेवरा।** जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने मंगलवार को रामदेवरा पहुंचकर लोक देवता बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किए। राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक और जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने मंगलवार को रामदेवरा पहुंचकर लोक देवता बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किए। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने समाधि पर चादर चढ़ाई और प्रसाद अर्पित किया। समाधि समिति के मुख्य पुजारी ने उन्हें पवित्र जल का आचमन कराया। पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी, सांकड़ा प्रधान भगवतसिंह तंवर, मनोहर सिंह भाटी और कान सिंह तंवर ने विधायक का स्वागत किया। गर्ग ने 650 साल पुरानी परंपरा को याद करते हुए कहा कि बाबा रामदेव ने समाज से छुआछूत मिटाने का बीड़ा उठाया था, जिसकी राह पर आज भी लोग चल रहे हैं। विधायक जोगेश्वर गर्ग ने बताया कि हर साल लाखों श्रद्धालु यहां अपनी मन्नतें पूरी करने आते हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने अचानक समाधि समिति की भोजनशाला का निरीक्षण भी किया और वहां की व्यवस्थाओं को परखा।

# ढोल-नगाड़े बजाते हुए एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण

## ▶▶ एसडीएम से ओगणा को पंचायत समिति बनाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** उदयपुर की ओगणा उप तहसील को पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने झाड़ोल एसडीएम विजयेश पंड्या को ज्ञापन सौंपा। सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड पंच सहित सैकड़ों ग्रामीण ढोल-नगाड़े बजाते हुए जुलूस के रूप में झाड़ोल एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जुलूस के दौरान जमकर नारेबाजी की। आसपास की 20 से अधिक ग्राम पंचायत के ग्रामीण भी ओगणा पंचायत समिति में मिलने के लिए सहमती जताई है।



### ये इलाके शामिल होना चाह रहे

पूर्व ओगणा भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश जैन ने बताया कि झाड़ोल पंचायत समिति से ओगणा, अटाटीया, नेता का बारा, उचौखला बारा, पिलक, गेजवी, राणपुर, काड़ा, उपरेटा, थोबावाडा,ओडा, रोहिमाला,किताबतों ओगणा में जुड़ सकती है। वहीं फलासिया पंचायत समिति से बिरोठी, नेवज, आज़रोली खास, ग़ुराड आदि ओगणा के नजदीक है। साथ ही गोगुंदा पंचायत समिति के वाकल क्षेत्र से समिजा,वीरपुरा,वास, मादडा, कूकड़ा खेड़ा, पड़ावली आदि भी ओगणा पंचायत समिति में शामिल होना चाहती है।

### पंचायत समिति से दूरी बड़ी समस्या

जिसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि ओगणा में उप तहसील मुख्यालय है। यहां पुलिस थाना, क्षेत्रीय वन अधिकारी कार्यालय के साथ ही भू-अभिलेख निरीक्षक वृत कार्यालय भी है। वहीं, कई ऐसी पंचायतें हैं जो वर्तमान पंचायत समितियों से काफी दूर भी हैं। नई पंचायत समिति के पुनर्गठन के लिए ओगणा उप तहसील वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार मापदंड पूरे करती है। आसपास की 20 से अधिक ग्राम पंचायत के ग्रामीण भी ओगणा पंचायत समिति में मिलने के लिए सहमत हैं। इस प्रकार पुनर्गठन की प्रक्रिया पूर्ण कर ओगणा को पंचायत समिति बनाया जाए। ताकि ग्रामीणों को भी इसका फायदा मिले।

# राजसमंद : पांच करोड़ की स्कॉलरशिप मंजूर




## ▶▶ प्रोजेक्ट श्रम संबल के तहत बड़ी उपलब्धी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजसमंद कलेक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में नवाचार 'प्रोजेक्ट श्रम संबल' के तहत मिशन मोड पर कार्य किया गया। मिशन मोड पर 'निर्माण श्रमिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना' से श्रमिकों के बच्चों को जोड़ने का कार्य किया गया है। कलेक्टर के अभियान से 10 गुना प्रगति हुई है। जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 31 मार्च 2024 तक योजना के अंतर्गत सिर्फ 570 बच्चों के आवेदन स्वीकृत कर 52 लाख की छात्रवृति स्वीकृत की गई थी। वहीं कलेक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में शुरू किए गए प्रोजेक्ट श्रम संबल के तहत इस वर्ष 5436 आवेदन स्वीकृत कर पांच करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। अभियान की प्राथमिक तौर पर शुरुआत गांव एमडी व भाणा से की गई। बाद में इसे जिले के अंतिम छोर तक ले जाया गया। अब प्रशासन का लक्ष्य है कि इसी वर्ष इस प्रगति को और दोगुना कर हर वंचित श्रमिक के बच्चों को इसमें लाभान्वित किया जाए।

### यह है योजना

भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण मंडल राजस्थान द्वारा निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा सहायता प्रदान करने हेतु "निर्माण श्रमिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना" संचालित की जाती है। इस योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिक के अधिकतम दो बच्चों को पात्रता अनुसार कक्षा छह उत्तीर्ण करने के पश्चात स्नातकोत्तर तक छात्रवृति की राशि प्रदान की जाती है। योजना प्रारूप के अनुसार पात्र बच्चे 6वीं कक्षा से लेकर उच्च कक्षा (आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर) तक की पढ़ाई करने वाले बच्चे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करके योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना में वार्षिक प्रति पात्र बच्चे को वर्गीकरण अनुसार 8000 हजार से लेकर 17000 रुपए तक की स्कॉलरशिप का प्रावधान है।

# 45 मोबाइल बरामद

## 23 टीमों ने 55 स्थानों पर दबिश दी, मालिकों को किए सुपुर्द

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की पुलिस ने साइबर शील्ड अभियान के तहत 23 टीमें बनाकर 55 स्थानों पर दबिश देकर 45 मोबाइल बरामद किए है। जिनकी अनुमानित कीमत 14 लाख रुपए आंकी गई है। बरामद मोबाइल को एसपी ने वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किया। एसपी हरि शंकर ने बताया- पुलिस मुख्यालय की ओर से साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए गुमशुदा मोबाइल हैंडसेट की रिकवरी और साइबर जागरूकता के लिए स्पेशल अभियान साइबर शील्ड के तहत एएसपी गोपालसिंह भाटी एवं नोडल अधिकारी डीएसपी बालोतरा सुशील मान के सुपरविजन में



अलग-अलग 23 टीमें बनाई गई। टीमों ने 55 स्थानों पर दबिश देकर कुल 45 मोबाइल हैंडसेट बरामद किए। जिसकी कीमत 14 लाख रुपए आंकी गई है। एसपी हरिशंकर के अनुसार- साइबर अपराधों का ग्राफ प्रतिदिन बढ़ रहा है। पुलिस मुख्यालय भी साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए गंभीर है। साइबर जागरूकता के लिए दो जनवरी से स्पेशल अभियान साइबर शील्ड चलाया जा रहा है। साइबर सेल कर टीम के हेड कॉन्स्टेबल गोमाराम, कॉन्स्टेबल मोहनलाल, विनोद कुमार, छगनलाल, मिश्रे खा, मोडाराम और घनश्याम का विशेष योगदान रहा है।

# जैसलमेर : धूप खिलने से मिली सर्दी से राहत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमे।** जैसलमेर में सोमवार को घने कोहरे ने डराया, वहीं मंगलवार को मौसम साफ रहा। कल सुबह हल्का कोहरा रहा, मगर धूप निकलते ही कोहरा गायब हो गया। मौसम साफ होने और हवा चलने से लोगों को सर्दी का असर दिखा। वहीं धूप निकलने के बाद लोगों को ठंड से हल्की राहत भी मिली। मौसम विभाग की माने तो आने वाले चार दिनों में मौसम साफ रहेगा, लेकिन सर्दी का असर बना रहेगा। वहीं 21-22 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी व उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि इसका प्रभाव जैसलमेर में नहीं रहेगा। गौरतलब है की इस बीच राज्य के कुछ जिलों में मौसम विभाग ने घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। वहीं कई जिले ऐसे भी हैं जहां हल्का कोहरा छाया रहेगा। आईएमडी की मानें को एक्टिव हुए नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते अगले दो दिनों तक कई स्थानों पर हल्की बारिश और बूंदाबांदी की संभावना है।

### धूप निकलने पर कोहरा गायब

जैसलमेर शहर में सोमवार को एक ओर जहां घने कोहरे ने लोगों को डराया, वहीं ठंड से लोगों की कंपकंपी छूट गई। वहीं मंगलवार को अलसुबह हल्का कोहरा रहा मगर धूप निकलने के बाद ही कोहरा गायब हो गया। धूप निकलने पर लोगों को सर्दी से हल्की राहत मिली। जिले में सोमवार को अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री दर्ज किया गया। अलसुबह व रात को लोगों को ठंड का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है।

### चार दिन तक मौसम साफ

मौसम विभाग ने जिले में आगामी चार दिनों तक जिले में मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि जिले में 24 जनवरी तक मौसम साफ रहेगा। लेकिन सर्दी का असर इसी तरह बना रहेगा। उन्होंने बताया कि 21-22 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी व उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि इसका प्रभाव जैसलमेर में नहीं रहेगा।

महाकुंभ में राजस्थान मंडप

# राजस्थानियों के लिए नि :शुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में राजस्थान के श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं राज्य सरकार की ओर से की गई हैं। देवस्थान विभाग की ओर से वहां हेल्पडेस्क भी स्थापित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी में मदद की जा सके। देवस्थान विभाग के आयुक्त वासुदेव मालावत ने बताया- प्रयागराज में राज्य सरकार को आवंटित प्लॉट नंबर 97, सेक्टर सात कैलाशपुरी मार्ग पर राजस्थान मंडप में राजस्थान के श्रद्धालुओं के सुविधार्थ निःशुल्क आवास व्यवस्था की गई। इसमें श्रद्धालुओं की व्यवस्थार्थ 49 टेंट, डबल बैड, अटैच लेटबाथ, 30 बैड डोरमेट्री की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। राजस्थान मंडप में भोजन की भी निःशुल्क व्यवस्था है। चिकित्सा व्यवस्था के लिए दो चिकित्सक व दो पैरामेडिकल स्टाफ नियुक्त किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षात्मक दृष्टि से एक उपाधीक्षक पुलिस व एक सब इंसपेक्टर जाब्ता सहित नियुक्त किए गए हैं। देवस्थान विभाग ने राजस्थान मंडप में हेल्प डेस्क की स्थापना की है। इस पर सहायक देवस्थान आयुक्त गौरव सोनी (मोबाइल नंबर 9929637447), देवस्थान निरीक्षक पुष्पेंद्र चतुर्वेदी (मोबाइल नंबर 6367387261), प्रबंधक मनोज शर्मा (मोबाइल नंबर 9887812885) को नियुक्त किया हैं। इसके अलावा राजस्थान मंडप प्रयागराज का संपर्क सूत्र 0532-2977044 है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए देवस्थान विभाग राजस्थान (मुख्यालय) उदयपुर में भी एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिस पर श्रद्धालु सुबह आठ बजे से रात्रि 11 बजे तक संपर्क कर महाकुंभ में राजस्थान मंडप के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उदयपुर मुख्यालय का सम्पर्क सूत्र 0294-2426130, 0294-2426131, 0294-2426132 है।

# व्यापार जगत

## सोने-चांदी के दामों में उछाल

# सोना 104 रुपए बढ़कर 79,449 रुपए पहुंचा, चांदी 91,075 रुपए प्रति किलो

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 21 जनवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 104 रुपए बढ़कर 79,449 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले सोने का दाम 79,345 रुपए प्रति दस ग्राम था।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 875 रुपए बढ़कर होकर 91,075 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले ये 90,200 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23



अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

### चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,380 रुपए है।
**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,230 रुपए है।
**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 74,500 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 81,230 रुपए है।
**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,230 रुपए है।
**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,280 रुपए है।

2024 में गोल्ड ने 20% और सिल्वर ने 17% का रिटर्न दिया बीते साल सोने का भाव 20.22% बढ़ा। वहीं, चांदी की कीमत में 17.19% की बढ़ोतरी हुई।

एक जनवरी 2024 को सोना 63,352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,162 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया।

वहीं इस दौरान, एक किलो चांदी की कीमत 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

जोमैटो के शेयर में गिरावट जारी

# कमजोर तिमाही नतीजों का असर सोमवार को भी शेयर 7 .27% टूटा

**मुंबई।** कमजोर तिमाही नतीजों के बाद जोमैटो के शेयर में 21 जनवरी को 10.92% की गिरावट देखने को मिली। इससे पहले कल भी इसके शेयर में 7.27% की गिरावट रही थी। कल जारी नतीजों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 57% घटकर 59 करोड़ रुपए रह गया। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 138 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। दूसरी तिमाही के मुकाबले कंपनी का मुनाफा 66.47% कम हुआ है। जुलाई-सितंबर 2024 में कंपनी को 176 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। इस दौरान रेवेन्यू की बात करें तो इसमें 12.63% की तेजी रही। पिछली तिमाही में कंपनी ने 4799 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। कॉन्सोलिडेटेड मुनाफा मतलब पूरे ग्रुप का प्रदर्शन कंपनियों के रिजल्ट दो भाग में आते हैं- स्टैंडअलोन और कंसॉलिडेटेड। स्टैंडअलोन में केवल एक यूनिट का वित्तीय प्रदर्शन दिखाया जाता है, जबकि कंसॉलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी की रिपोर्ट दी जाती है। यहां, जोमैटो की ब्लिंकिट समेत 28 सब्सिडियरी, एक ट्रस्ट और एक एसोसिएट कंपनी हैं। इन सभी के फाइनेंशियल रिपोर्ट को मिलाकर कंसॉलिडेटेड कहा जाएगा। वहीं, अगर ब्लिंकिट के अलग रिजल्ट को स्टैंडअलोन कहा जाएगा।




एक महीने में 21% से ज्यादा गिरा जोमैटो का शेयर एक महीने में 21% और इस साल यानी एक जनवरी से अब तक 22% से ज्यादा गिर चुका है। जबकि बीते एक साल में कंपनी ने 65% का पॉजिटिव रिटर्न दिया है। कंपनी का मार्केट कैप 1.87 लाख करोड़ रुपए है। ब्लिंकिट को 103 करोड़ रुपए का लॉस, रेवेन्यू 117% बढ़ा जोमैटो के क्विक कॉमर्स बिजनेस ब्लिंकिट को तीसरी तिमाही में 103 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। हालांकि कंपनी का रेवेन्यू पिछले साल के मुकाबले 117% और जुलाई-सितंबर तिमाही के मुकाबले 21% बढ़ा है।

वहीं, ईबीआईटीडीए की बात करें तो, पिछले साल के 48 करोड़ पॉजिटिव ईबीआईटीडीए की तुलना में मौजूदा वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 30 करोड़ रुपए निगेटिव रहा है। नतीजों पर ब्लिंकिट ने बताया कि अक्टूबर-दिसंबर के दौरान कंपनी ने बिजनेस ग्रोथ के लिए इन्वेस्टमेंट किया है। कंपनी 2025 के आखिर तक 2000 स्टोर्स के मार्क को पार कर जाएगी।

इस तिमाही में ब्लिंकिट ने 1,000 स्टोर्स का आंकड़ा पार कर लिया।

पेटीएम के शेयर में 5% से ज्यादा की गिरावट

# क्यू 3 में कंपनी को 208 करोड़ का घाटा

**मुंबई।** तीसरी तिमाही के कमजोर नतीजों के चलते पेटीएम के शेयर में मंगलवार (21 जनवरी) को 5.57% की गिरावट रही और यह 848 के स्तर पर बंद हुआ। ट्रेड के दौरान तो इसमें करीब 8% की गिरावट देखने को मिली। कंपनी का शेयर सुबह 11:00 बजे यह 830 के निचले स्तर पर आ गया। कल तिमाही नतीजों के बाद पेटीएम के शेयर में 0.68% की मामूली गिरावट रही और यह 894 के स्तर पर बंद हुआ था। पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में नेट लॉस कम होकर 208 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी 220 करोड़ रुपए घाटे में थी। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 36% गिरकर 1,828 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही (Q3FY24) में यह 2,850 करोड़ रुपए था। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिलने वाला पैसा रेवेन्यू होता है। दूसरी तिमाही में पेटीएम को 930 करोड़ का नेट प्रॉफिट हुआ था, मूवी टिकटिंग बिजनेस की ब्रिक्री का कंपनी के नेट प्रॉफिट में 1,345 करोड़ का एकमुश्त योगदान रहा था। इस अमाउंट को छोड़कर पेटीएम को 415 करोड़ का घाटा हुआ था। नतीजों की घोषणा के बाद पेटीएम के शेयर में सोमवार को 0.68% की मामूली गिरावट रही और यह 894 के स्तर पर बंद हुआ। बीते छह महीने में 88.87% और एक साल में 13.05% चढ़ा है। वहीं, एक महीने में 11.55% और इस साल 13.47% गिरा है। कंपनी का मार्केट कैप 54,170 करोड़ रुपए है। 2009 में हुई थी पेटीएम की शुरुआत पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने अगस्त 2009 में पेटीएम पेमेंट ऐप को लॉन्च किया था। इसके फाउंडर विजय शेखर शर्मा है। अभी देश में पेटीएम के 30 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं। पेटीएम का मार्केट कैप करीब 28 हजार करोड़ रुपए है।

# सैमसंग कंपनी S25 स्मार्टफोन करेगी लॉन्च

## 1999 पेमेंट करके प्री-बुक कर सकते कस्टमर्स

**नई दिल्ली।** साउथ कोरियाई टेक कंपनी सैमसंग का कल रात 11:30 बजे गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट होगा। कंपनी एआई फीचर्स के साथ S25 स्मार्टफोन सीरीज लॉन्च करेगी, जिसमें तीन डिवाइस गैलेक्सी S25, गैलेक्सी S25 प्लस और गैलेक्सी 25 अल्ट्रा शामिल हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो कंपनी इस इवेंट में गैलेक्सी ट्राई-फोल्ड फोन भी लॉन्च कर सकती है।

वहीं, गैलेक्सी S25 और S25 प्लस मॉडल में पतले बेजेल्स और स्नैपड्रैगन आठ एलीट प्रोसेसर के साथ आ सकता है। बताया जा रहा है कि कंपनी गैलेक्सी S24 सीरीज की तुलना में तीनों गैलेक्सी S25 मॉडल्ड की कीमत में 5000-5000 रुपए की बढ़ोतरी कर सकती है। कंपनी कह चुकी है कि नए सैमसंग गैलेक्सी S25 सीरीज के सभी मॉडल एडवांस और नेक्स्ट जेनरेशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से लैस होंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इन फोन में जेमिनी नेनो वर्जन-2 एआई टेक्नोलॉजी देखने को मिल सकती है। इस तकनीक का इस्तेमाल फोटो खींचने, इमेज और वीडियो एडिट करने, यूजर इंटरफेस अपने अनुसार रेट करने तथा पर्सनलाइज्ड एक्टिविटी सहित कई टॉस्क में काम आएगा।

## आपका राशिफल 22 जनवरी

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें। शुभांक-3-6-9

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6

**मकर** — भो जा जी खी खू खे खो गा गी
सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-

# विश्व कप में वैष्णवी शर्मा ने हैट्रिक लेकर रचा इतिहास

## ▶▶ 17 गेंदों में जीता भारत



**कुआलालंपुर।** आईसीसी अंडर 19 विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2025 मलेशिया में खेला जा रहा है। भारतीय महिला टीम ने इस टूर्नामेंट में मलेशिया को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। टीम इंडिया ने दूसरे मुकाबले में विपक्षी टीम को 31 रन पर ढेर कर दिया। भारत के लिए वैष्णवी शर्मा ने पांच रन देखकर पांच विकेट लिए और इतिहास रच दिया, जिसमें हैट्रिक भी शामिल था। 32 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने बिना किसी विकेट खोए 2.5 ओवर में मैच जीत लिया। पहले मुकाबले में भी भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को 44 रन के स्कोर पर समेटकर मैच जीता था। भारत और मलेशिया के बीच खेले गए दूसरे मुकाबले के स्कोर पर एक नजर डालें, तो टीम इंडिया की कप्तान निक्की प्रसाद ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने के लिए मलेशिया को आमंत्रित किया। लेकिन, बैटिंग करने आई मलेशिया की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। 11 खिलाड़ियों में से किसी ने भी 10 रन का आंकड़ा भी पर नहीं किया। वहीं, गेंदबाजी में वैष्णवी शर्मा ने पांच रन देखकर पांच विकेट चटकाए। इसके अलावा आयुषी शुक्ला को तीन विकेट मिले। 14.3 ओवर खेलने के बाद मलेशिया ने 31 रन ही बनाया और ऑल आउट हो गई। जवाब में भारत की ओर से तृषा ने 12 गेंद पर 27 रन की पारी खेल कर मैच खत्म कर दिया।



### वैष्णवी विश्व की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज

- भारत के लिए खेलते हुए वैष्णवी शर्मा ने वह कर दिखाया, जो आज तक किसी भारतीय महिला ने नहीं किया था। अंडर-19 टी20 विश्व कप में सबसे घातक गेंदबाजी करने वाली गेंदबाज बन गईं। पांच रन देखकर पांच विकेट लेने वाली वैष्णवी शर्मा वर्ल्ड में सर्वश्रेष्ठ बॉलर बन चुकी हैं। इससे पहले साल 2023 इंग्लैंड के लिए खेलते हुए एली एंडरसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 12 रन देकर पांच विकेट लिए थे। वैष्णवी ने उनके रिकॉर्ड को धराशाई करते हुए टॉप पर कब्जा कर लिया।

रणजी ट्रॉफी

## 12 साल बाद कोहली की वापसी

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 2012 के बाद रणजी ट्रॉफी में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ होने वाले दिल्ली के मुकाबले के लिए खुद को उपलब्ध रखा है। बता दें कि, कोहली गर्दन में खिंचाव के कारण सौराष्ट्र के खिलाफ 23 जनवरी से शुरू होने वाले दिल्ली के आगामी मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे लेकिन उन्होंने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को सूचित कर दिया है कि वह टीम के रणजी ट्रॉफी के आखिरी लीग मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी मुकाबले में कोहली को गर्दन में हल्की चोट लगी थी। उनका हाल उस वक्त फिजियो ने जाना था। कोहली ने दिल्ली के लिए लाल गेंद के प्रारूप में मैच आखिरी बार 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था।



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025

## टीम इंडिया की जर्सी से पाक गायब

### ▶▶ टूर्नामेंट की शुरुआत 19 फरवरी से




**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मुकाबले 'हाइब्रिड मॉडल' के तहत पाकिस्तान के तीन शहरों (रावलपिंडी, कराची और लाहौर) और इसके इतर दुबई में होंगे। वहीं, इस टूर्नामेंट की शुरुआत 19 फरवरी से होनी है। लेकिन इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले एक नया बखेड़ा हो गया है। इस टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक पाकिस्तान का नाम इस बार भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी पर नहीं होगा। पाकिस्तान और दुबई में होने वाली आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से एक नया विवाद सामने आया है, जिसमें भारत ने कथित तौर पर टीम इंडयिा की जर्सी पर 'पाकिस्तान' (मेजबान देश का नाम) छपे होने पर आपत्ति जताई थी। भारत अपने चैंपियंस ट्रॉफी के मैच दुबई में खेलने के लिए तैयार है, हालांकि पाकिस्तान टूर्नामेंट का आधिकारिक मेजबान बना हुआ है।

### कुल 15 मैच खेले जाएंगे

- चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में आठ टीमों के बीच कुल 15 मुकाबले होंगे। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप-ए में हैं। उनके साथ बाकी दो टीमें न्यूजीलैंड और बांग्लादेश हैं। जबकि ग्रुप-बी में साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और इंग्लैंड को रखा गया है। सभी आठ टीमें अपने-अपने ग्रुप में तीन-तीन मुकाबले खेलेंगी। इसके बाद हर ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। पहला सेमीफाइनल दुबई, जबकि दूसरा लाहौर में होगा। इसके बाद फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। ऐसे में यदि कोई टीम फाइनल तक पहुंचती है, तो वो टूर्नामेंट में कुल पांच मैच खेलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी के ये सभी 15 मुकाबले चार वेन्यू पर खेले जाएंगे। इसमें तीन वेन्यू पाकिस्तान में होंगे। जबकि एक वेन्यू दुबई रहेगा। भारतीय टीम अपने सभी मुकाबले दुबई में ही खेलेगी। यदि भारतीय टीम क्वालिफाई करती है, तो फाइनल भी दुबई में होगा। वरना खिताबी मुकाबला नौ मार्च को लाहौर में खेला जाएगा। सेमीफाइनल मैचों और फाइनल के लिए एक रिजर्व डे भी रखा गया है। पहला सेमीफाइनल दुबई में होगा। दूसरा सेमीफाइनल लाहौर में खेला जाएगा। एक सेमीफाइनल समेत 10 मुकाबले पाकिस्तान के तीन वेन्यू पर होंगे। यह तीनों वेन्यू लाहौर, कराची और रावलपिंडी हैं।

टी 20 सीरीज आज से शुरू

## बटलर नहीं करेंगे ओपनिंग



▶▶ दोनों टीमों के बीच पहला मैच आज से



**मुंबई।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच के लिए प्लेइंग 11 का ऐलान कर दिया है। कोलकाता के ईडेन गार्डन में बुधवार (22 जनवरी) को होने वाले मैच में फिल साल्ट विकेटकीपिंग करने के साथ-साथ बेन डकेट के साथ ओपनिंग करेंगे। कप्तान जोस बटलर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। पिंडली की चोट से उबरकर वापसी करने के बाद से बटलर ने विकेटकीपिंग नहीं की है। इसके अलावा तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड को प्लेइंग 11 में जगह दी गई है।

### इंग्लैंड की टीम

- जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल रशीद, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

### भारत से पहले टी20 के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11

बेन डकेट, फिल साल्ट, जोस बटलर (कप्तान),हैरी ब्रूक, लियम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवर्टन, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, मार्क वुड।

### भारत की टीम

- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नितीश रेड्डी, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ध्रुव जुरेल, रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती और वाशिंगटन सुंदर।

### ब्रेंडन मैकुलम का व्हाइट बॉल क्रिकेट कोच के तौर पर पहली सीरीज

ब्रेंडन मैकुलम का इंग्लैंड के व्हाइट बॉल क्रिकेट कोच के तौर पर पहली सीरीज है। पिछले कुछ सालों में इंग्लैंड का सीमित ओवरों के क्रिकेट में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसे 2024 टी20 विश्व कप में भारत से सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद टी जॉनी बेयरस्टो, मोइन अली, रीस टॉपली, सैम करन और क्रिस जॉर्डन से आगे बढ़ गई है।

## एथलीट हिमा दास ने महाकुंभ में लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** प्रयागराज के संगम तट पर महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। भारत की महिला धाविका हिमा दास भी प्रयागराज पहुंची। सोलह महीने का निलंबन पूरा करने के बाद नए सत्र में वापसी की तैयारी कर रही स्टार हिमा दास ने महाकुंभ नगर आकर गंगा में डुबकी लगाई। उनके अध्यात्मिक गुरू ने यह जानकारी दी। जकार्ता एशियाई खेल 2018 की स्वर्ण पदक विजेता और धिंग एक्सप्रेस के नाम से मशहूर हिमा यहां अपने दोस्तों के साथ आई थी और अपने अध्यात्मिक गुरू केशव दास महाराज से आशीर्वाद लिया। महाराज निर्मोही अखाड़े से जुड़े हैं। महाराज ने कहा कि जब हिमा को महाकुंभ में पूर्वोत्तर शिविर के बारे में पता चला तो वह आए बिना रह नहीं सकी। वह अपने दोस्तों के साथ आई, गंगा में डुबकी लगाई और रविवार को चली गई।'' उन्होंने कहा कि वह इस अनुभव को लेकर काफी रोमांचित थी और नामघर (असम का पारंपरिक पूजा कक्ष) देखने भी आई। नामघर में एक 'मणिकूट' (आंतरिक गर्भगृह), एक 'कीर्तन घर' (प्रार्थना कक्ष) और एक 'रंगली सुहा' (प्रवेश द्वार) होता है। मणिकूट में भगवान नारायण की मूर्ति या भगवद् ग्रंथ रखे होते हैं।



राष्ट्रीय स्तर योगासन प्रतियोगिता

## निधि डोगरा ने जीता कांस्य, कोल्हापुर में आयोजन



**हमीरपुर।** निधि डोगरा ने राष्ट्रीय योगासन स्कूली खेल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर कलात्मक योगासन प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। वर्ष 2023-24 में निधि डोगरा ने हिमाचल प्रदेश को अंडर-19 योगासन खेल में पहला पदक दिलाया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन एबीपी शिक्षण संस्थान कोल्हापुर महाराष्ट्र में 15 जनवरी से 18 जनवरी तक आयोजन हुआ, जिसमें भारत के राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की टीमों ने भाग लिया। इस अंडर-19 लड़के और लड़कियों की योगासन खेल प्रतियोगिता में समूह प्रतियोगिता, कलात्मक और लयबद्ध योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कलात्मक प्रतियोगिता में निधि डोगरा ने हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश के लिए लगातार दूसरी बार स्कूली योगासन प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले रावमापा परमाणु में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के चीफ द मिशन डा. प्रेम शर्मा व अंडर-19 लड़कियों की टीम की प्रशिक्षक कुमारी मनीषा कटोच और मैनेजर डीपीई शशि कुमार थे। निधि डोगरा जिला हमीरपुर के गांव खियूंद की रहने वाली हैं। निधि डोगरा 11वीं कक्षा की छात्रा हैं और सुपर मैग्नेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रताप नगर हमीरपुर से अपनी पढ़ाई कर रही हैं। इससे पहले भी निधि डोगरा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर चुकी हैं। छह विश्व कीर्तिमान निधि डोगरा के नाम हैं। इसके अलावा विभिन्न मल्टी रियलिटी शो की विजेता भी रह चुकी हैं। निधि योग वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स सहित कई अन्य संस्थानों की ब्रांड एंबेसडर हैं। निधि डोगरा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने की खबर से घर और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# म नो रं ज न

## 'छावा' में लोगों को नहीं भाई रश्मिका

साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के करियर का ग्राफ बॉलीवुड में तेजी से बढ़ा है। 'एनिमल' और 'गुडबाय' जैसी फिल्मों के जरिए रश्मिका ने खुद को साबित किया है और अब उनके पास ऑफर्स की कोई कमी नहीं है। चाहे अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा-2' हो, या फिर 'मिशन मजनू' रश्मिका ने इंडस्ट्री को कई हिट्स दीं। अब वह जल्द ही विकी कौशल की अपकमिंग फिल्म 'छावा' में महारानी येसुबाई का किरदार निभाती नजर आएंगी। लेकिन दर्शकों ने शिवाजी के किरदार में जहां विकी कौशल को बेशुमार प्यार दिया, वहीं येसुबाई के किरदार में रश्मिका मंदाना को खास तारीफें नहीं मिलीं। हाल ही में जारी किए गए 'छावा' के इस नए पोस्टर में रश्मिका मंदाना माथे पर बड़ी सी गोल बिंदी, आंखों में काजल, भारी हार और सुंदर नथ पहने नजर आ रही हैं। सिर पर पल्लू लिए रश्मिका मंदाना का यह लुक दर्शकों के बीच कुछ खास पसंद नहीं किया गया। कमेंट सेक्शन में लोगों ने रश्मिका के लुक पर सवाल उठाए और कहा कि उन्हें इस फिल्म के लिए मिसकास्ट किया गया है। यानि दर्शकों के मुताबिक इस किरदार के लिए किसी और एक्ट्रेस को कास्ट किया जाना ज्यादा ठीक फैसला होता। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, "वो दिन गए जब वो किसी किरदार के लिए लुक टेस्ट किया करते थे। वह इस किरदार में जम नहीं रही है और मुझे नहीं लगता है कि वह मराठी एक्सेंट ठीक से पकड़ पाएंगी। जाहिर तौर पर उनकी कास्टिंग गलत हुई है।" वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा, "गलत कास्टिंग हुई है। उनका चेहरा पीरियॉडिक फिल्मों के लिहाज से ठीक नहीं है।" एक फैन ने रश्मिका मंदाना के लुक को लेकर लिखा, "यह थोड़ा विवादास्पद हो सकता है लेकिन यह कहना बहुत जल्दबाजी होगी कि वह मिसकास्ट हैं, वो भी एक पोस्टर के आधार पर।"रश्मिका मंदाना के वर्क फ्रंट की बात करें तो 'छावा' के अलावा उन्हें सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'सिकंदर' में भी अहम किरदार मिला है। वहीं वह जल्द ही फिल्म द गर्लफ्रेंड में भी लीड रोल प्ले करती नजर आएंगी। इसके अलावा 'कुबेरा' और आयुष्मान खुराना की 'थामा' में भी एक्ट्रेस लीड रोल में नजर आने वाली हैं। जाहिर तौर पर रश्मिका के पास प्रोजेक्ट्स की कमी नहीं है, लेकिन इनमें से कितनों में वह अपने काम से दर्शकों को संतुष्ट कर पाएंगी यह देखना होगा।






## 'बॉर्डर 2' की शूटिंग घने कोहरे के बीच शुरू

सनी देओल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। वहीं, फिल्म की रिलीज डेट आ चुकी है और फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। 'बॉर्डर 2' साल 1997 में आई बॉर्डर का सीक्वल है। लगभग 29 साल बाद सनी देओल एक भारतीय सेना के सैनिक के रूप में लौटने वाले हैं। बॉर्डर का पहला पार्ट ब्लॉकबस्टर साबित हुआ था। फिल्म का क्रेज ऐसा था कि फिल्म ने बड़ी-बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए थे। अब एक बार फिर 'बॉर्डर 2' जनता में देश भक्ति की भावना जगाने आ रही है। इस फिल्म में वरुण धवन भी सैनिक की अहम भूमिका निभाएंगे और उन्होंने ही अब फिल्म के सेट से शूटिंग पर जाते समय की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। मंगलवार सुबह-सुबह वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फोटो पोस्ट की हैं। जिसमें वह गाड़ी के अंदर बैठे हैं और शूटिंग लोकेशन पर जा रहे हैं। बाहर घना कोहरा है और जबरदस्त ठंड है। खेत के रास्तों से होते हुए 'बॉर्डर 2' टीम की गाड़ी आगे बढ़ती नजर आ रही है। इसे शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा है 'बॉर्डर 2' की शूटिंग का छठा दिन। वहीं उनकी गाड़ी के आगे भारतीय सेना के बड़े ट्रक चल रहे हैं। वरुण धवन ने सेट की ये फोटोज शेयर कर फैंस का दिन बना दिया है।





## बालाजी मंदिर पहुंची प्रियंका चोपड़ा

ग्लोबल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा महाकुंभ नहीं बल्कि हैदराबाद के चिलकुर बालाजी मंदिर पहुंची हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें उन्हें भगवान के दर्शन करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस मंदिर परिसर में भगवान बालाजी के सामने प्रार्थना करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस नीले रंग के सूट-सलवार में बेहद शांत और खूबसूरत दिखीं। एक्ट्रेस ने तस्वीरों के साथ कैप्शन लिखा है जिसमें साउथ सुपरस्टार राम चरण की पत्नी उपासना का जिक्र किया है। प्रियंका चोपड़ा ने चिलकुर बालाजी मंदिर की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'श्री बालाजी के आशीर्वाद से एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। हम सभी के दिलों में शांति, समृद्धि हो। भगवान की कृपा अनंत है। ।। ओं नमो नारायणाय ।।' प्रियंका ने अपने पोस्ट में उपासना कामिनेनी का शुक्रिया किया है। ऐसा माना जा रहा है कि उपासना ने प्रियंका को मंदिर तक पहुंचाने में मदद की है। प्रियंका चोपड़ा को पिछले गुरुवार को हैदराबाद में देखा गया था। ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि एक्ट्रेस 'बाहुबली' और 'आरआरआर' जैसी फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर एसएस राजामौली के साथ उनकी अगली तेलुगू फिल्म में काम कर रही हैं। फिल्म के एलान के लिए भारत आई हैं।



## नागा चैतन्य की अगली फिल्म के विलेन बनेंगे 'लापता लेडीज' के हीरो



फिल्म 'एनसी24' में नागा चैतन्य के साथ 'लापता लेडीज' के अभिनेता नजर आने वाले हैं। लेकिन इस बार वह किसी हीरो के किरदार में नहीं बल्कि एक विलेन के रोल में नजर आएंगे। आइए जानते हैं यहां किस अभिनेता की बात हो रही है। नवंबर 2024 में, आधिकारिक तौर पर घोषणा की गई कि 'थंडेल' अभिनेता नागा चैतन्य और विरुपाक्ष निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडू ने एक अखिल भारतीय रहस्यवादी थ्रिलर के लिए हाथ मिलाया है, जिसका शीर्षक अस्थायी रूप से 'एनसी 24' रखा गया है। फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन चरण में है। कथित तौर पर इस फिल्म में 'लापता लेडीज' में अपनी भूमिका के लिए मशहूर अभिनेता स्पर्श श्रीवास्तव को खलनायक की भूमिका के लिए चुना गया है। जल्द ही इस बात की आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। इस फिल्म में मीनाक्षी चौधरी नागा चैतन्य के साथ रोमांस करती नजर आएंगी, जिसका निर्माण 'थंडेल' पर काम पूरा होने के बाद शुरू होगा। 'एनसी 24' श्री वेंकटेश्वर सिने चित्रा और सुकुमार राइटिंग्स का प्रोडक्शन है, जिसमें अजनीश लोकनाथ ने संगीत दिया है।

## दिलजीत दोसांझ की 'पंजाब 95' फिर हुई पोस्टपोन

पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ चर्चा में हैं। अपने 'दिल-लुमिनाटी' इंडिया टूर के बाद, वो फिल्मों पर ध्यान देना शुरू कर चुके हैं। लेकिन इस बीच उनपर मुसीबतों का पहाड़ भी टूट पड़ा है। उनकी नई फिल्म 'पंजाब 95' जो सात फरवरी को रिलीज होनी थी, अब किन्हीं कारणों के चलते पोस्टपोन कर दी गई है। फिल्म 'पंजाब 95' पंजाबी मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा की बायोपिक है। इस किरदार के लिए दिलजीत ने कड़ी मेहनत भी की थी। जिसकी एक झलक उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर दिखाई थी। लेकिन अब उनकी इस मेहनत को उनके फैंस बड़े पर्दे पर नहीं देख पाएंगे। सिंगर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म से जुड़ी एक बड़ी अपडेट शेयर की। उन्होंने लिखा- हम आपसे माफी मांगते हैं और बड़े दुख के साथ आपको ये बता रहे हैं कि फिल्म 'पंजाब 95' किन्हीं कारणों से जो हमारे बस में नहीं है, सात फरवरी को रिलीज नहीं हो पाएगी। कुछ समय पहले फिल्म का एक टीजर भी जारी किया गया था, जिसमें फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म की गई थी। टीजर में पंजाब के अंदर हुए विवाद और खून खराबे को दिखाया गया जो पंजाब की पुलिस करती नजर आ रही है। इसका भांडाफोड़ जसवंत सिंह खालड़ा यानी दिलजीत करते दिखाई दे रहे हैं। लेकिन अब फिल्म से जुड़े विवादों के चलते इसकी रिलीज डेट टल गई है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ के अलावा अर्जुन रामपाल भी शामिल हैं। इसे रोनी स्क्रूवाला ने प्रोड्यूस किया है। दिलजीत की फिल्म पिछले तीन साल से विवादों में घिरी हुई है। 'पंजाब 95' जब साल 2022 में फिल्म सर्टिफिकेशन बोर्ड को सौंपी गई थी, तब उसका टाइटल घल्लूघारा हत्याकांड पर रखा गया था। लेकिन बोर्ड ने फिल्म के टाइटल पर आपत्ति जताई और फिल्म में 120 कट्स की मांग की। बाद में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने इस मामले में दखलअंदाजी की, जिसके बाद बोर्ड ने इसके कट्स में कटौती तो जरूर की लेकिन वो फिल्म का टाइटल बदलने की मांग पर अटल रहे। जिसके बाद फिल्म का टाइटल 'पंजाब 95' रखा गया। फिल्म का ट्रेलर यूट्यूब इंडिया पर कुछ समय पहले रिलीज किया गया था जिसे लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लेकिन ट्रेलर को कुछ ही घंटों के बाद हटा दिया गया जिससे इस फिल्म से जुड़ी कॉन्ट्रोवर्सी और भी ज्यादा बढ़ गई थी।




## आमिर खान की 'सितारे ज़मीन पर' को लेकर बड़ा अपडेट




बॉलीवुड के मिस्टर परफेशनिस्ट आमिर खान लंबे अरसे के बाद फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' से वापसी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि आमिर खान इस समय फिल्म सितारे जमीन पर की शूटिंग गुजरात के वडोदरा में कर रहे हैं। इस अपडेट ने आमिर के फैंस के उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। रिपोर्ट्स की माने तो आमिर खान इस समय गुजरात के वडोदरा में फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। शूटिंग 21-25 जनवरी तक चलने वाली है। ऐसे में फैंस आमिर को बड़े पर्दे पर वापस देखने के लिए बेकरार हैं। फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' में आमिर खान के साथ जेनेलिया देशमुख भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म क्रिसमस के अवसर पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सितारे ज़मीन पर का निर्देशन आरएस प्रसन्ना कर रहे हैं।

मारपीट कर किया घायल

# मामूली रंजिश के चलते युवक का किया अपहरण

## पीछा करते पुलिस पहुंची मौके पर तो आरोपी हुए फरार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** पुलिस ने करणवा के खेत से एक युवक के अपहरण के मामले का राजफाश कर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित के अनुसार करणवा गांव के पास एक बेरे (खेत) से कुछ लोग करणवा निवासी मांगीलाल देवासी पुत्र गोमाराम देवासी का अपहरण कर उसे बोलेरो गाड़ी में डाल कर नाडोल की ओर ले गए। सूचना मिलने पर हरकत में आई पुलिस ने आस पास थानों के क्षेत्र में नाकाबंदी करवाई। इस दौरान पता चला कि बदमाश अपहृत को वरकाणा की तरफ ले गए है।

## तकनीकी व मुखबीर सूचना पर छह आरोपियों को दबोचा

पुलिस तकनीकी आधार से पीछा करते हुए वरकाणा के लच्छाराम सीरवी के बेरे पर पहुंची एवं अपहृत मांगीलाल का दस्तियाब कर लिया। पीड़ित ने बताया कि सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी में 8-10 लोग उसके कुएं पर आए। एक व्यक्ति उसके घर के आगे आया एवं घी खरीदने का कहकर घर से बाहर बुलाया। जैसे ही वो घर से बाहर आया, बोलेरो में सवार बदमाशों ने लाठी के दम पर जबरदस्ती उठाकर बोलेरो में डाल रवाना हो गए। बदमाश उसे वरकाणा लेकर पहुंचे एवं लाठियों व सरियों से मारपीट की है। लच्छाराम सीरवी की पत्नी के पैर पकड़वा कर माफी मंगवाई। इतने में पुलिस पहुंच गई तो आरोपी उसे छोड़कर भाग गए। पुलिस पीड़ित मांगीलाल देवासी को सीएचसी देसूरी लेकर पहुंची एवं उपचार करवाया।

### खंगाले सीसीटीवी कैमरे

थानाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले एवं मुखबीर तंत्र को सक्रिय किया। मुखबीर व तकनीकी आधार के साथ पुलिस आरोपियों की तलाश में संभावित स्थानों पर पहुंची। लगातार पीछा करते हुए आरोपियों को धर दबोचा।

### इन्हें किया गिरफ्तार

पुलिस ने अपहरण के आरोप में देसूरी निवासी चंद्रप्रकाश पुत्र हीराराम, निखिल पुत्र सुरेशकुमार, कमलेश पुत्र रमेशकुमार, जितेन्द्र पुत्र खरताराम, अनिल पुत्र सोहनलाल एवं किशनपुरा निवासी नरेशकुमार पुत्र वगताराम को गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस टीम में यह थे शामिल

थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम में हैडकांस्टूबल सोहनलाल आसेरी, रघुवीर मीणा, कांस्टेबल रामचन्द्र, बंशीलाल, प्रकाशचंद, जगदीशकुमार, भवानीसिंह, आसूचना अधिकारी राकेशकुमार शामिल थे।

### विरोधी गुट का पक्ष लेने पर किया अपहरण

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि करणवा निवासी मांगीलाल देवासी बाइक की जरुरत होने पर वरकाणा निवासी (धर्मेला/राखी डोराबंध) रिश्तेदार पीथाराम सीरवी के कुएं पर गया था। जहां पीथाराम के परिवार का उनके भाई लच्छाराम के परिवार की औरतों का आपस में झगड़ा चल रहा था। वहां पहुंचे मांगीलाल द्वारा पीथाराम के परिवार का पक्ष लेने के कारण लच्छाराम के दामाद रमेशकुमार वगैरा ने मांगीलाल को सबब सिखाने के लिए अपने साथियों के साथ योजनाबद्ध तरीके से अपहरण कर वारदात को अंजाम दिया। फिलवक्त आरोपियों से पूछताछ के साथ अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

# मरू उड़ान कार्यक्रम को वित्तीय प्रबंधन कार्यशाला आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत चल रहे राजस्थान मरू उडान कार्य म के अंतर्गत महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार एवं आत्मरक्षा को बढावा देने के उद्देश्य से एसबीआइ आरसेटी मंडिया रोड पाली में वित्तीय प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपनिदेशक महिला अधिकारिता भागीरथ चौधरी ने बताया कि ये कार्यशाला घरेलु उद्यम प्रोत्साहन के तहत अल्प बचत की राजकीय योजनाओं में निवेश द्वारा लाभ प्राप्त करना तथा गृहणियों को अपने घरेलु कार्य से बचत समय में उद्यम संचालन के लिए, इसका आयोजन किया गया। जिसमें एसबीआइ आरसेटी निदेशक सवाराम मीना ने स्वरोजगार हेतु प्रेरित कर विभिन्न प्रकार के कौशल हुनर प्रशिक्षणों की जानकारी दी। उन्होने बताया कि महिलाएं घर के साथ स्वरोजगार में भी अच्छा कार्य कर महिला वर्ग को आगे लाने में बड़ी भूमिका निभा रही है। जिला रोजगार कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी करणसिंह ने मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना की जानकारी दी। जिला हब एम्पावरमेन्ट ऑफ वुमन जेण्डर स्पेशलिष्ट राजश्री ने बताया कि सभी महिलाओं को मोबाइल में पुलिस विभाग का राजकॉप सिटीजन एप डाउनलोड कर के रखना है। जिसमें नीड हेल्प बटन प्रेस करते ही आपकी लोकेशन पुलिस तक पहुंच जाएगी। इसके अलावा आप अपनी समस्या टाइप करके या बोल कर एप के जरिए पुलिस तक तुरंत पहुचा सकते है। पुलिस आपकी हेल्प के लिए मौके पर पहुंच जाएगी ताकि आपके साथ किसी तरह की अनहोनी न हो। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील उड़ान योजना एवं शिक्षा सेतु योजना की भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में 70 बालिकाओं ने भाग लिया। आरसेटी के विनोदकुमार, नेतराम, पुनीत त्रिवेदी, सोहेल इत्यादि मौजूद रहे।

# आवासीय प्रशिक्षण कल से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** आयुष मिशन एवं निदेशालय आयुर्वेद विभाग राजस्थान अजमेर के निर्देशानुसार जिले में तृतीय चरण में चयनित कुल 41 आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों एवं परिधीय क्षेत्रों में पदस्थापित आशा सहयोगिनियों, एएनएम एवं आयुर्वेद नर्स /कंपाउंडरों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्य म 23 से 25 जनवरी तक चलेगा। आयुर्वेद विभाग उप निदेशक डॉ बजरंगलाल शर्मा ने बताया कि प्रजापति विकास संस्थान (समाज भवन) इन्द्रा कॉलोनी पाली में आयोजित शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# सुरक्षित सफर को करवाएं यातायात नियमों की पालना : पंवार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** अतिरिक्त जिला कलक्टर भवानीसिंह पंवार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश देते हुए एक्सीडेंटल जोन के डार्क स्पोटस की जानकारी ली। बिना नंबर वाले डंपर एवं ओवरलोडेड व ओवर' उडेड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। 18 साल से कम आयु के बच्चों के स्कूटी/गाड़ी चलाने पर समझाइश करने एवं इसके बाद भी नहीं मानने पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा।



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

उन्होंने टोल प्लाजा संचालक को टोल वसूली वाले मार्गो पर सुविधाएं मुहैया करवाने, बेसहारा पशुओं को राजमार्गो से हटाने के निर्देश दिए। एडीएम ने हेलमेट के लिए जागरूकता व अनिवार्यता पर चर्चा की। क्षमता से अधिक बच्चों के बैठाने पर बाल वाहिनियों, सर्विस लेन के अतिरिक्त मार्गा पर खड़े रहने वाले ट्रक व अन्य वाहनों पर कार्रवाई करने, साइन बोर्ड पर लगे पोस्टर हटाने, चौपहिया वाहनों के चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए पाबंद करने, इंटरसेप्टर वाहनों को निर्धारित स्थानों पर खड़े रहने की बजाय अपनी लोकेशन को चेंज करते रहने के निर्देश दिए। यातायात माह में आयोजित गतिविधियों की जानकारी ली। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के रमेश परिहार, जिला परिवहन अधिकारी, एडीइओ प्रवीण जांगिड, पुलिस, यातायात, चिकित्सा विभाग सहित सभी संबधित विभागों के अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे।

# पंचायत कार्मिकों को डयूटी के दौरान रोज बतानी होगी ऑन लाइन लोकेशन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** विकास अधिकारी कुम्भसिंह भाटी ने पंचायत समिति क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायतों के कार्मिकों को डयूटी के दौरान रोजाना अपने पंचायत कार्यालय जाने के समय व आने के समय की ऑन लाइन लोकेशन भेजनी होगी। भाटी की ओर से जारी आदेश में बताया कि उनके विजिट के दौरान ध्यान में आया है कि कई ग्राम पंचायतों में कार्मिक अधिकारी को बिना बताए अनुपस्थित रहते है। कई ग्राम पंचायतों के कार्मिक पंचायत कार्यालय समय में नदारद रहते है जिससे ग्रामीणों के पंचायत संबंधित रोजमर्रा के कार्य बाधित हो रहे है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ग्राम पंचायतों के सभी कार्मिकों को आदेश जारी कर कार्यालय के समय में अपनी उपस्थिति की लोकेशन ऑन लाइन भेजनी होगी। सरकारी कार्य से कार्यालय से अनुपस्थित रहने पर पंचायत के नोटिस बोर्ड पर इस संबंध में सूचना अंकित करके जाएंगे।

बीडीओ कुम्भसिंह भाटी ने जारी किए आदेश

# मांगों को लेकर किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में मंगलवार को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी विवेक व्यास को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले किसानों ने बाइक व ट्रैक्टर के साथ रैली निकाली। रैली राठेलाव चौराहे से बस स्टैंड, पुलिस थाना, मुख्य बाजार, मीणों का वास होते हुए सेली माता कॉलोनी पहुंची। यहां से रैली उपखंड कार्यालय पहुंची। उपखंड अधिकारी को मांगों को लेर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जंगली जानवरों से खेतों में सुरक्षा को लेकर विशेष मदद दिलवाने की मांग की गई। इस दौरान हिम्मतराम, जसाराम सोलंकी, तेजाराम प्रजापत, शिवराम चौधरी, यशपालसिंह राठौड़, प अशोक दवे, अधिवक्ता सुरेश दवे समेत कई किसान मौजूद थे।

# डिजिटल बैंकिंग की दी जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंडारा।** समीपवर्ती धणी गांव में मनरेगा श्रमिकों को वित्तीय साक्षरता मनी वाइज फिसिल फाउंडेशन के फील्ड कोऑर्डिनेटर जितेंद्र गहलोत की ओर से वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गई। श्रमिकों को डिजिटल जागरूकता के महत्व और इसके सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया गया। साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव पर विशेष ध्यान देने, लेन-देन के तरीकों और वित्तीय फ्रॉड के साथ साइबर सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी। ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने को प्रेरित किया।

# मेधावी स्कूटी योजना में पायल को मिली स्कूटी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर के जवाई बांध रोड स्थित गुरुकुल संस्कार कन्या महाविद्यालय की स्नातक कला वर्ग की छात्रा पायल कुमारी पुत्री सरदारसिंह को मेधावी बालिका स्कूटी योजना के तहत स्कूटी प्रदान की गई है।

पायलकुमारी ने अपनी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है। अपने शैक्षणिक करियर में हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया। संस्थान अध्यक्ष महावीरसिंह सिसोदिया ने स्कूटी प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाती है, जिससे वे अपने शैक्षणिक संस्थानों तक आसानी से पहुंच सकें। गुरुकुल संस्कार कन्या महाविद्यालय सुमेरपुर की प्राचार्य एवं संस्थान निदेशक डॉ नारायण विश्नोई ने पायल कुमारी को बधाई दी और कहा कि हमें अपनी छात्रा पर गर्व है। उन्होंने कहा कि पायल कुमारी की यह उपलब्धि हमारे महाविद्यालय के लिए एक प्रेरणा है और हमें अपनी छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद करने के लिए प्रेरित करती है। पायल कुमारी ने अपनी उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता, शिक्षकों और महाविद्यालय के प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक बहुत ही गर्व का पल है और वे अपने शैक्षणिक करियर में और भी ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रयासरत रहेंगी।



# ठेका प्रथा के खिलाफ स्वास्थ्य मार्गदर्शकों में आक्रोश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** स्वास्थ्य मार्गदर्शक संघ की ओर से ठेका प्रथा को लेकर आक्रोश जताया गया है। संगठन की ओर से सरकार को ज्ञापन भेजकर ठेका प्रथा बंद करवाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया कि प्रदेश में लम्बे समय से स्वास्थ्यकर्मी स्वास्थ्य मार्गदर्शक पोस्ट पर कार्यरत है एवं ठेका प्रथा बंद करने की मांग कर रहे हैं। संविदा पर काम कर रहे कर्मचारियों को स्थाईकरण का लाभ मिलता है लेकिन सरकार की ओर इस से ध्यान नहीं देने पर इन कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। आज भी बेहद कम वेतन में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। स्वास्थ्य मार्गदर्शक संघ के अध्यक्ष हितेश राठौड़, महावीर मेवाड़ा ने बताया कि उन्हें इस महत्वपूर्ण आपात सेवा के लिए महज 5 से 9 हजार रुपए ही प्रति महीने मिलते है। जो आज की महंगाई के हिसाब से घर चलाने के लिए बहुत कम है। सरकारी कर्मचारियों के समान काम होने के बावजूद मानदेय में जमीन-आसमान का अंतर है। ठेका प्रथा में लगे लोगों के लिए रूल्स एवं नियम तो बने लेकिन अभी तक लागू नहीं किया गया। कोविड काल में भी स्वास्थ्य मार्गदर्शकों की ओर से इमरजेंसी सेवा में कार्य किया गया। ठेका कंपनी इनका लगातार शोषण कर रही है व सरकार अनदेखी। ऐसे में इनके पास कोई रास्ता नहीं बचा। स्वास्थ्य मार्गदर्शकों ने नियमित कर वेतन बढोत्तरी सहित अन्य सुविधाएं दिलवाने की मांग की।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर है। महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में मंगलवार को स्कूली बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ सामूहिक व्यायाम का पूर्वाभ्यास किया।



शारीरिक शिक्षक सुरेंद्रसिंह राठौड़ ने बच्चों की हौसला आफजाई की। उन्होंने बताया कि इस तरह के अभ्यास से बच्चों में अनुशासन और देशभक्ति की भावना का विकास होता है। इस दौरान सांडेराव के समस्त विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बालक बालिकाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

# बैठक 25 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** पंचायत समिति सुमेरपुर की साधारण सभा की बैठक 25 जनवरी को प्रधान उर्मिला कंवर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बीडीओ प्रमोद दवे ने बताया कि शनिवार को समय सुबह 11.30 बजे पं.स. सभागार में बैठक होगी। जिसमें एजेंडा अनुसार गत बैठक कार्यवाही पर चर्चा एवं अनुमोदन, जीपीडीपी, मनरेगा के वार्षिक प्लान 2025-26 पर चर्चा सहित अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

# संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2 को, 42 केन्द्रों पर होगी परीक्षा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा 2 फरवरी को दोपहर 12 से अपराह्न 3 बजे तक राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (प्रारंभिक) जिला मुख्यालय के 30, रोहट के 3, सोजत के 5 एवं उपखंड बाली के फालना शहर में 4 (कुल 42) केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंगसिंह को परीक्षा के लिए समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा कोषाधिकारी राकेश गोयल को कोषाधिकारी परीक्षा के रूप में नियुक्त किया है। इनके सहयोग के लिए सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी की नियुक्ति की गई है। परीक्षा उपखंड मुख्यालय पर आयोजित होने पर संबंधित उपखंड अधिकारी को अतिरिक्त समन्वयक अधिकारी नियुक्त कर निर्देशित किया गया है कि वे सोजत, रोहट, बाली में परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पादित कराएं। निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर सम्पूर्ण पुलिस व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पाली को नोडल अधिकारी नियुक्त कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के निर्देश दिए है।

### इन स्थानों पर होगी परीक्षा

जिला कलक्टर के अनुसार राजकीय बांगड़ पीजी कॉलेज पाली, राजकीय बांगड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली, सेठ मुकानचंद बालिया राजकीय उच्च माध्यमिक कन्या विद्यालय पाली, सुल्तान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन पाली, राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय डेयरी रोड शिवजी नगर पाली, श्रीमती चीमबाई संचेती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरदार पटेल नगर पाली, उमरावचंद अमोलकचंद डागा राजकीय माध्यमिक विद्यालय टैगोर नगर पाली, सेठ मुरलीधर बारदान वाले राजकीय माध्यमिक विद्यालय पुराना हाऊसिंग बोर्ड पाली, सेंट पॉल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय जोधपुर रोड पाली, वंदे मातरम शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय जय नगर रामदेव रोड पाली, सेंट्रल अकादमी उच्च माध्यमिक विद्यालय बीआर बिड़ला कैंपस नया गांव पाली, सेठ रतनचंद लोढ़ा बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय वीर दुर्गादास नगर पाली, सेंट्रल अकादमी उच्च माध्यमिक विद्यालय न्यू हाउसिंग बोर्ड पाली, इम्मानुअल मिशन उच्च माध्यमिक विद्यालय नया गांव पाली, रेनबो पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय नया गांव पाली, सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडिया रोड पाली, महावीर पब्लिक माध्यमिक विद्यालय विवेकानंद चौराहा पाली, कात्यायनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, नया गांव, पाली, एमएम कावड़ इंटरनेशनल माध्यमिक विद्यालय, नया गांव पाली, भारतीय विद्या मंदिर बालिका टी टी कॉलेज, चिमनपुरा पाली, एम शांतिलाल मेहता सरस्वती विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय टैगोर नगर पाली, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रामसिया सुमेरपुर रोड रामसिया पाली, हंस निर्वाण माध्यमिक विद्यालय सुभाष नगर पाली, सज्जन इंटरनेशनल कॉलेज मानपुरा भाकरी पाली, तारकेश्वर रामेश्वर सरस्वती गर्ल्स माध्यमिक एसइसी स्कूल सरस्वती नगर मंडिया रोड पाली, एडी डागा पब्लिक स्कूल टैगोर नगर पाली, कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग कॉलेज चिमनपुरा पाली, सरोज शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय नया गांव पाली, मधुरम विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय शेखावत नगर पाली, कनकराज सावंतराज लोढ़ा पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय फालना, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खुडाला बाली रोड फालना, नोबल उच्च माध्यमिक विद्यालय फालना, एसपीयू कॉलेज फालना, राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय काका चौराहा सोजत सिटी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोहट, स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल दलपतगढ़ रोहट, रोहट टीचर ट्रेनिंग कॉलेज रोहट, बिड़ला इंटरनेशनल स्कूल सोजत सिटी, राजकीय पीजी कॉलेज सोजत सिटी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोजत सिटी, मोतीचंद सेठिया आदर्श विद्या मंदिर सोजत सिटी, गुमानबाई भंसाली राजकीय कन्या महाविद्यालय टैगोर नगर पाली केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# रामधुन व भजन-कीर्तन के साथ निकली प्रभात फेरी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** कस्बे में सनातन धर्मप्रेमियों, प्रबुद्धजन, युवाओं, मातृशक्ति की ओर से अयोध्या में भव्य राम मंदिर मूर्ति प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पांच जनवरी से प्रभात फेरी का दौर जारी है। मुख्य बाजार स्थित गजानंद मंदिर से सुबह 5.30 बजे रामधुन व भजन कीर्तन के साथ रवाना हुई प्रभात फेरी गजानंद मंदिर, बाकलीवास सहित प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए अम्बिका मंदिर पहुंची। जहां मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज बंधुओं की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर कपुराराम, पुखराज, मांगूसिंह, प्रेमाराम, परबतसिंह राणावत, महावीर मेवाड़ा, इन्द्रसिंह राजपुरोहित, जगदीश, रेखा सेन, भावना खटीक, साऊकंवर सहित मंडली में सम्मिलित सदस्यों ने रामधुन के साथ मां अम्बे के भजन कीर्तन करते हुए मंगला आरती की। प्रसाद वितरण के साथ प्रभातफेरी आगे बढ़ी। सुबह बावड़ी चौक, गरबा चौक, बस स्टैंड व मुख्य बाजार के प्रमुख मार्गों से होते हुए करीब 6.30 बजे तक दुदेली माता मंदिर पहुंचकर विसर्जित हुई।



# धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** सिवेरा गोलिया विद्यालय का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। प्रबंधन की ओर से विद्यालय की बेहतर प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबूलाल मीणा एवं आतिथ्य जसवंतसिंह चौहान ने की। जगदीश कुमार, चंदा कुमावत, केशर मेघवाल, सहदेव गुर्जर प्रधानाध्यापक प्रभुराम एवं शम्भूसिंह देवड़ा मौजूद थे।





**जेकेपुरम।** राजकीय प्रथमिक विद्यालय लोडर कॉलोनी जेकेपुरम में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि लेडीज क्लब अध्यक्ष श्रीमति वर्षा केशवानी, विशिष्ट अतिथि पीईईओ गणेशराम मीणा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित कर बच्चों को पढ़ाई करने का ध्यान देने की बात कही। समारोह के बीच विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं देश भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी। इसके बाद विद्यालय की प्रतिभा एवं विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। संस्था प्रधान गोविंद मीणा, नरेन्द्र कुमार, रामकरण मीणा, रामराज, कमलसिंह, पत्रकार गोविंद मेघवाल, लेड़ीज क्लब सदस्य मोनिका तायल, शीतल काबरा, गरिमा रांका, रेशा छंगानी, अपर्णा चक्रवर्ती, चीनू भाटी, विक्रम, गुलाब, हीरालाल, सुमेरसिंह, भीमसिंह, राहुल पंवार एवं घनश्याम आदि मौजूद थे।



## 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। जिसके संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश राय सापेला ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिरोही, आबूरोड एवं रेवदर को निर्वाचन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अति. जिला कलक्टर) ने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी द्वारा 25 जनवरी को मतदान केन्द्र पर समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए बूथ लेवल अधिकारी चुनाव पाठशाला का आयोजन कर नव पंजीकृत मतदाताओं के नाम पढ़कर सुनाया जाएगा। समारोह में उपस्थित सभी मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलवाई जाए। जिला मुख्यालय पर यह कार्यक्रम अरविंद पेवेलियन में आयोजित किया जाएगा। जिला मुख्यालय समारोह आयोजन के नोडल अधिकारी उपखंड अधिकारी सिरोही एवं सहायक नोडल अधिकारी आयुक्त नगर परिषद सिरोही रहेंगे।

## साइकिल पाकर खिले बालिकाओं के चेहरे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पालड़ी एम में मंगलवार को 21 बालिकाओं को सरपंच हेमलता माली, एसडीएमसी विधायक प्रतिनिधि रूपाराम घांची प्रधानाचार्य बाबूलाल आदि ने साइकिल वितरित की।

## शांति स्तंभ पर अर्पित किए श्रद्धासुमन, की विश्वकल्याण की कामना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**माउंट आबू।** ब्रह्माकुमारी के संस्थापक ब्रह्माबाबा की 56वीं पुण्य तिथि मंगलवार को अंतिम दिन भी अखंड साधना का दौर जारी रहा। जिसके चलते देश विदेश से आए श्रद्धालूओं ने शांति स्तंभ पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विश्व कल्याण व मानवीय एकता की कामना की। मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके शशिप्रभा ने कहा कि ब्रह्माबाबा ने जन-जन को पुरातन भारतीय दैवी संस्कृति से जोड़ने की शिक्षा का मूलमंत्र देकर विश्व के पांचों खंडों में आध्यात्मिकता के बीज बोए थे। जो आज विशाल वटवृक्ष बनकर हर मानव के मन को शांति की शीतल छाया दे रहे हैं। संगठन की संयुक्त मुख्य प्रशासिका बीके सुदेश ने कहा कि ब्रह्माबाबा के संकल्पों की शक्ति अतुलनीय रही।संगठन के शिक्षा प्रभाग की उपाध्यक्षाए वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका बीके शीलू ने कहा कि ध्यान के लिए सत्य ज्ञान की आवश्यकता होती है। बिना ज्ञान के ध्यान करने से मन की मैल नहीं धुलती और न ही संस्कारों में परिवर्तन होता है। विश्व शांति की मनोकामना को लेकर सवेरे दो बजे से ही बड़ी संख्या में पांडव भवन के चारों धामों शांति स्तंभ, बाबा का कमरा, तपस्यास्थली कुटिया, हिस्ट्री हॉल में अखंड साधना चलती रही।



## राव बने जिलाध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** संयुक्त नैतिक मानव अधिकार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलेश जोशी के मार्गदर्शन में नेशनल जाइंट सेक्रेटरी तेजसिंह परमार ने सिरोही जिलाध्यक्ष के पद पर नरपतसिंह राव को नियुक्त किया गया।

## कस्बे में 20 दिन से नहीं हो रही जलापूर्ति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** कस्बे के वार्ड नंबर एक के रामदेव गली में 20 दिनों से पेयजल आपूर्ति नहीं होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि नई पाइप लाइन डालने की वजह से पिछले 20 दिनों से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। नई पाइप लाइन डालने का कार्य अभी तक पूरा नहीं होने के कारण जलापूर्ति को और विलंब हो सकता है। ऐसे में लोगों ने मजबूरन टैंकरों से पेयजल आपूर्ति करनी पड़ रही है। इसके कारण राजपूत, लोहार, कलावंत, वादी,भाट, कुम्हार, घांची व मुस्लिम समुदाय के लगभग ढाई सौ परिवार के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



## जिले के 16 स्काउट गाइड तमिलनाडु के लिए रवाना

**डायमंड जुबली जम्बूरी में लेंगे भाग**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में तमिलनाडु में 28 जनवरी से 3 फरवरी तक डायमंड जुबली जम्बूरी का आयोजन किया गया। जम्बूरी पूर्व तैयारी शिविर राज्य स्तरीय स्काउट गाइड ट्रेनिंग सेंटर जगतपुरा जयपुर में 22 से 24 जनवरी तक आयोजित होगी। सीओ स्काउट एमआर वर्मा ने बताया कि इस जम्बूरी में जिले से आठ गाइड राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही से श्रीमती चन्द्र किरण गाइड प्रभारी के नेतृत्व में और 8 स्काउट महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आबूरोड से स्काउट प्रभारी कालूसिंह देवडा के नेतृत्व में सम्मिलित होंगे। यह जम्बूरी भारत स्काउट गाइड के 75 वर्ष पूर्ण होने पर एक भव्य आयोजन किया जा रहा है। जम्बूरी में सम्मिलित होने वाले स्काउट गाइड 24 जनवरी शाम को स्पेशल ट्रेन से जगतपुरा रेलवे स्टेशन से तमिलनाडु जम्बूरी के लिए रवाना होंगे। वापसी तीन फरवरी को रवाना होकर 5 फरवरी 2025 को इस स्पेशल ट्रेन से ही जयपुर पहुंचेंगे। इस दौरान रास्ते में आने वाले विभिन्न दर्शनीय स्थलों का भ्रमण भी किया जाएगा। मंगलवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में उप प्रधानाचार्य नरेंद्रसिंह हाड़ा, स्काउटएमआर वर्मा, चंद्र किरण गाइड प्रभारी, इन्द्राखत्री, मोहित अग्रवाल ने सभी को रवाना किया।



## संस्कृति बोध परीक्षा आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक गांधीनगर में भारतीय संस्कृति बोध परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तृतीया से नवमीं तक के 331 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। प्रभारी व सह प्रभारी महेश बामणिया व रूपाराम के अनुसार कक्षा दशमीं तक 381 भैया-बहिनों में से 331 उपस्थित रहें। प्रधानाचार्य बलदेव कुमार प्रजापत ने बताया कि परीक्षा सफलता पूर्वक सम्पन्न करवानें में मगनलाल मीणा, महेश बामणिया, नीतू त्रिवेदी, रमा अरोड़ा, प्रताप कुमार, शैलेष गुर्जर, नितेश सैनी, शुभम झा, वीणा शर्मा, पूजा राठौड़, अर्चना राठौड, भूपेन्द्र राजपुरोहित, रूपाराम, प्रधानाचार्य, सह प्रधानाचार्य महेन्द्र राजपुरोहित का सहयोग रहा।

## विद्यार्थियों को वितरित किए जैकेट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनानी में जैकेट का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक वीरेंद्रपालसिंह ने बताया कि मां सेवा ट्रस्ट जेतावाड़ा के प्रवीन शाह ने विद्यालय के आर्थिक रूप से कमजोर 51 बच्चों के लिए जैकेट भेजे थे। जिनका विद्यालय प्रांगण में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष भलाराम चौधरी की अध्यक्षता में वितरण किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति ओर विद्यालय परिवार ने भामाशाह का आभार जताया। हरिराम, दिनेश गोचर, सुनील कुमार, अशोक शर्मा, चंद्रमोहन शर्मा, जया जोशी, राजाराम पुरोहित समेत अध्यापक ओर ग्रामीण उपस्थित थे ।

## अग्रवाल समाज का परिचय सम्मेलन 30 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** अग्रवाल समाज के तत्वावधान में 30 मार्च को एक दिवसीय परिचय सम्मेलन विष्णु धर्मशाला में आयाजित होगा। संयोजक कैलाश बंसल के अनुसार एक दिवसीय अविवाहित युवक-युवती, विधवा, विधुर व तलाकशुदा युवक. युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

# राजकीय चिकित्सालय में चिकित्सक पर किया हमला

**डॉ.का गिरेबान पड़कर की धक्का-मुक्की, गाली गलौज कर दी जान से मारने की धमकी**

**चिकित्सकों ने सदर थाने में दर्ज कराया मामला**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** आकराभटटा राजकीय चिकित्सालय में दुर्घटना के मामले में घायल के परिचितों ने चिकित्सक पर हमला बोल दिया। गिरेबान पड़कर धक्का-मुक्की कर जान से मारने की धमकी दी। मौके पर पहुंचे चिकित्सकों व नर्सिंग कर्मियों ने बीच बचाव कर थाने में मामला दर्ज करवाया।

पुलिस के अनुसार नेशनल हाईवे 27 पर किवरली के पास दो कारों की भिड़ंत हो गई। जिसमें विष्णु कंवर, संतोष पत्नी भगवान, भव्य उपाध्याय, छांया व आंनद कंवर पत्नी जालमसिंह घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय लाया गया। जहां मौके पर मौजूद डॉ. एमएल हिंडोनिया ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। इसी दौरान डॉ. गौरव मेवाड़ा ऑपरेशन थिएटर से बाहर निकले और परिचित से घटना के बारे में जानकारी लेकर अस्पताल से बाहर गए। इसी बीच घायल के परिचितों ने डॉ. मेवाड़ा पर संदेह व्यक्त किया। मेवाड़ा वापस ऑपरेशन थिएटर पहुंचे तो उद्वेलित भीड़ ने ऑपरेशन थिएटर के बाहर जमकर हंगामा किया।





चिकित्सक के बाहर निकलते ही लोगों ने उनके साथ बदसलूकी की। मौके पर पहुंचे चिकित्सकों व नर्सिंग कर्मियों ने बीच बचाव किया। चिकित्सक पर हमले से चिकित्सालय में मौजूद डॉक्टर व नर्सिंग कर्मियों आक्रोश व्याप्त हो गया। आक्रोशित चिकित्सक व नर्सिंग कर्मी सदर थाने पहुंचे। जहां पूरे मामले में सदर थानाधिकारी को रिपोर्ट दी गई।

### सीसीटीवी में कैद घटनाक्रम

उन्मादी भीड़ के चिकित्सक के साथ बदसलूकी करने का वाकया अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। ऑपरेशन थिएटर के बाहर उन्मादी लोग चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार करते हुए नजर आ रहे है। प्रकरण में सीसीटीवी फुटेज अहम रोल अदा करेंगे। आरोपियों की पहचान करने में मददगार साबित होंगे।

### आंदोलन की दी चेतावनी

चिकित्सकों ने सदर थानाधिकारी को पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। मामले में तहरीर देकर 24 घंटे में आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी करने की मांग की। चिकित्सालय प्रभारी डॉ. पीएन गुप्ता व चिकित्सकों की ओर से दी गई रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार करीब पौने दो बजे उपजिला चिकित्सालय में डॉ. गौरव मेवाडा ड्यूटी पर उपस्थित थे। इसी दौरान ऑपरेशन थियेटर के बाहर कुछ लोगों द्वारा उनके साथ हाथापाई, धक्का मुक्की व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। इस दौरान चिकित्सालय प्रभारी डॉ. सुकान्त अग्रवाल, डॉ. रौनक माथुर, नर्सिंग आफिसर पोपटलाल, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुरेन्द्रसिंह उपस्थित थे। सभी ने बीच बचाव किया। उन्होंने 24 घण्टें के भीतर आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी नहीं करने पर चिकित्सको व अस्पताल स्टाफ द्वारा कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी गई है।

# मूलभूत सुविधा से वंचित है बोरड़ के ग्रामीण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** कुम्भलगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत साथिया के बोरड़ गांव दो बस्तियों में विभाजित है। बोरड़ व उपरली बोरड़ इन दोनों बस्तियों के बीच की मुख्य सड़क बिपरजोय के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थी। ऐसे में ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस मुख्य सड़क से जुड़े हुए गांव के स्कूल तथा मुख्य चौराहा पर भी गंदे पानी की वजह से बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी की वजह से गांव में मौसमी बीमारियां फैल रही है। ग्रामीणों ने कई बार इस सड़क को दुरुस्त करने की मांग की, लेकिन आज दिन तक समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। इसी सड़क से के माध्यम से माता मंदिर का रास्ता है। सरपंच भारती राजपुरोहित को भी कई बार इस समस्या समाधान की मांग की।



ग्रामीणों का कहना है की विधायक ने भी चुनावी दौरे के समय में सड़क को दुरस्त करवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन, आज दिन तक सड़क को दुरस्त नहीं करवाया गया।

**विद्यार्थियों को होती है परेशानी**

क्षतिग्रस्त सड़क से दुपहिया वाहन चालकों के अलावा विद्यार्थियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश के समय में समस्या और विकराल होती है।

*हीरा बाई ग्रामीण*

**बीमारियों का बढ़ रहा अंदेशा**

विगत दो साल से गावं की मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। ऐसे में आवागमन के साथ साथ ग्रामीणों को कई बीमारी होने का अंदेशा बढ़ता जा रहा है।

*केशरसिह सोलंकी ग्रामीण*

**दुर्घटना का अंदेशा बना**

विद्यालय से गांव की तरफ जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। नालियों का पानी सड़क पर पड़ा रहने के कारण बड़े बड़े गड्ढे बन गए है। रोजाना स्कूल आने वाले बच्चों के पैरों में गंदगी लगती ह।


*वीरेंद्रसिंह चारण, कार्यवाहक प्रधानाचार्य*

**विधायक मद से सड़क बनाने की मांग**

बोरड़ की दो बस्तियों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क लम्बे समय से क्षतिग्रस्त है। पंचायत में बजट का अभाव है। ऐसे में विधायक मद से यह सड़क बनाने की मांग की है।

*भारती राजपुरोहित सरपंच बोरड़*

## सड़क सुरक्षा सप्ताह : गुलाब का फूल देकर किया यातायात नियमों की पालना का आह्वान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** माय भारत, नेहरू युवा केन्द्र, कॅरियर संस्थान राजसमंद द्वारा जिला पुलिस व परिवहन विभाग के निर्देशन में 17 से 23 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सहायक हनवंतसिंह चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सहायक उप निरीक्षक शंकरलाल के साथ मिलकर लोगों को जागरूक किया। सहायक उपनिरीक्षक ने बताया कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए वाहन को सड़क पर बाएं चलने की सलाह दी। इस अवसर पर आरक्षक विनोद कुमार, राष्ट्रीय युवा अवार्डी शंकर गाडरी, प्रशासनिक सहायक रामेश्वर शर्मा, राष्ट्रीय युवा व कॅरियर संस्थान सचिव नीलेश पालीवाल, अम्बालाल माली, दिनेश कुमावत, राकेश माली, कार्तिक बापडोत, शंकर भील, विष्णु धोबी, मदन भील आदि उपस्थित थे।

## युवा और खेल क्षेत्र के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व चर्चा

# युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़ें, राज्य सरकार उन्हें मंच उपलब्ध करवाएगीः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### मुख्यमंत्री ने खो-खो वर्ल्ड कप विजेता भारतीय टीम को दी बधाई




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा युवाओं का है। युवा प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के इंजन है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को उनके सपनों को पूरा करने के लिए पर्याप्त अवसर दे रही है जिससे वे देश एवं प्रदेश की प्रगति में भी अपना अहम योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि सरकार युवा एवं खेल प्रतिनिधियों के सभी सुझावों पर विचार कर उन्हें बजट में यथासंभव शामिल करेगी ताकि आपणो अग्रणी राजस्थान का सपना साकार किया जा सके। मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में युवा और खेल क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा अपार ऊर्जा, नवाचार और सृजनशीलता के स्रोत हैं। स्वामी विवेकानंद जी का कहना था कि 21वीं सदी भारत की है तथा युवा पीढ़ी में हर समस्या का समाधान करने का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़े तथा हम उन्हें हर संभव मंच उपलब्ध करवाएंगे।

खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं के समग्र विकास पर ध्यान दे रही हैं। राजस्थान में प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं तथा राज्य सरकार उन्हें आगे बढ़ने के समुचित अवसर देगी। बैठक में युवा एवं खेल से जुड़े प्रतिनिधियों ने सिंथेटिक ट्रैक की संख्या बढ़ाने, दिव्यागों के लिए गाइडलाइन, युवा संवाद केन्द्र, खेल विभाग में भर्ती, महिला सुरक्षा, कौशल विकास, महिलाओं के लिए आत्मरक्षा शिविर, खेल के कोचों की संख्या बढ़ाने, स्कूल ओलम्पियाड का आयोजन सहित विभिन्न विषयों पर सुझाव दिए। बैठक में इन्टरनेशनल ओलम्पियन, द्रोणाचार्य एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता, क्रीड़ा भारती, यूथ आईकन अवॉर्ड सहित विभिन्न खेलों एवं युवा संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर खेल एवं युवा मामलात राज्य मंत्री के.के. बिश्नोई, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख शासन सचिव खेल एवं युवा भवानी सिंह देथा सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

#### » प्रधानमंत्री खेल परिदृश्य में लाए अभूतपूर्व बदलाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के खेल परिदृश्य में अभूतपूर्व बदलाव आया है। खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसे मूवमेंट से देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ ने 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी को लेटर ऑफ इंटेंट भी भेजा है। भारत के खिलाड़ी अब विश्व भर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं तथा आज भारत एक खेल शक्ति बनकर उभर रहा है।

#### » राज्य को खेलों में अग्रणी बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता

सीएम शर्मा ने कहा कि राजस्थान खेलों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा हमारी प्राथमिकता है कि प्रदेश खेलों में अग्रणी राज्य बने। उन्होंने कहा कि नई खेल नीति, खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन, राजस्थान टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम, मिशन ओलंपिक 2028, सेंटर ऑफएक्सीलेंस फोर स्पोर्ट्स जैसे निर्णयों से प्रदेश में खिलाड़ियों को तैयारियों के लिए समुचित अवसर मिल रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य के हर जिले में खेल से संबंधित सुविधाओं का विकास करने के लिए एक जिला-एक खेल, की योजना शुरू की गई हैं जिससे जिले में अन्य खेलों के साथ एक विशेष खेल को भी बढ़ावा मिलेगा।

#### राज्य के खिलाड़ी दुनिया में बना रहे पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवा खिलाड़ी दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं। इस बार पेरिस पैरालिंपिक में प्रदेश के आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा स्वर्ण, कांस्य सहित कुल 3 पदक जीते। राज्य सरकार ने मेडल जीतने वाले तीनों खिलाड़ियों को पांच-पांच करोड़ रुपये की राशि प्रदान कर उनका सम्मान और उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि यह बेहद गर्व का विषय है भारत सरकार द्वारा दिव्यकृति सिंह राठौड़ को अर्जुन पुरस्कार और पैरा-एथलेटिक्स प्रशिक्षक महावीर सैनी को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री ने खो-खो वर्ल्ड कप में विजेता भारतीय टीम को तथा उस टीम में शामिल राजस्थान की बेटी निर्मला भाटी को जीत की बधाई दी।

#### युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए नई युवा नीति

सीएम शर्मा ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए नई युवा नीति तैयार की जा रही हैं। हमने हाल में राजस्थान युवा महोत्सव 2024-25 आयोजित किया है, जिसमें करीब 2 लाख युवा जुड़े। इस महोत्सव से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपनी क्षमता को पहचानने का बेहतरीन मंच मिला। उन्होंने कहा कि युवाओं को काउंसलिंग और मार्गदर्शन के लिए संभाग मुख्यालयों पर युवा साथी केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं।

# इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर भूस्खलन और बाढ़

### 17 लोगों की मौत, आठ लोग अभी भी लापता



**जकार्ता।** इंडोनेशियाई बचावकर्मियों ने कम से कम 17 लोगों के शव बरामद किए हैं जो देश के मुख्य द्वीप जावा के पहाड़ी गांवों में अचानक आई बाढ़ में बह गए थे या भारी कीचड़ और चट्टानों के नीचे दब गए थे। इस घटना की जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी। वहीं, आठ लोग अभी भी लापता हैं। स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख बर्गास कैटुरसासी ने बताया कि सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण नदियां उफान पर आ गईं और मध्य जावा प्रांत के पेकलोंगान क्षेत्र के नौ गांवों में बाढ़ आ गई, तथा पहाड़ी इलाकों के गांवों पर कीचड़, चट्टानें और पेड़ गिर पड़े।

#### 17 शवों को निकाला गया बाहर

उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने मंगलवार तक सबसे ज़्यादा प्रभावित पेटुंगक्रीयोनो गांव से कम से कम 17 शवों को बाहर निकाला है और बचावकर्मी आठ ग्रामीणों की तलाश कर रहे हैं जो कथित तौर पर अभी भी लापता हैं। कैटुरसरी ने बताया कि ग्यारह घायल लोग भागने में सफल रहे और उन्हें नज़दीकी अस्पतालों में ले जाया गया। कैटुरसरी ने कहा, खराब मौसम, भूस्खलन और ऊबड़-खाबड़ इलाके के कारण बचाव अभियान में बाधा उत्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि नदी में मछली पकड़ रहे लोग और बारिश से बचने के लिए आश्रय ले रहे लोग अचानक आई बाढ़ में बह गए।

#### » दो मुख्य पुल भी हुए नष्ट

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बताया कि अचानक आई बाढ़ ने तबाह हुए गांवों से गुजर रहे ग्रामीणों और वाहनों को बहा दिया और भूस्खलन के कारण दो घर दब गए। इस आपदा ने पेकलोंगन जिले के गांवों को जोड़ने वाले दो मुख्य पुलों को भी नष्ट कर दिया। पिछले महीने पश्चिमी जावा प्रांत के सुकाबुमी जिले में भूस्खलन, बाढ़ और तेज हवाओं के कारण 12 लोगों की मौत हो गई थी।

## सोपोर में आतंकवादियों से मुठभेड़ जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर में सुरक्षा बलों की आतंकियों से मुठभेड़ तीसरे दिन भी जारी है। अधिकारियों के मुताबिक आतंकवादियों की तलाश के लिए जालोरा गुज्जरपति इलाके में सर्चिंग की जा रही है। इलाका ऊबड़-खाबड़ है, जिससे अभियान मुश्किल हो रहा है। सोमवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में घायल एक सैनिक शहीद हो गया। शहीद सैनिक की ड्रोन फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसके बाद पुलिस ने लोगों से ऐसे वीडियो शेयर न करने की सलाह दी है।

### आंध्र प्रदेश सरकार की घोषणा

## 'वाट्सऐप' पर मिलेंगे जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश में जल्द ही जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र लोगों को 'वाट्सऐप' के जरिए मिलने की सुविधा शुरू होने वाली है। आंध्र प्रदेश की सरकार अपनी 'व्हाट्सएप गवर्नेंस सर्विस' के हिस्से के रूप में वाट्सऐप के जरिए जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र मुहैया कराएगी। इस बात की जानकारी सोमवार को चीफ सेक्रेटरी के विजयानंद ने दी। उन्होंने कहा कि इस सर्विस के लिए पायलट प्रोजेक्ट इस महीने आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के तेनाली शहर में आयोजित किया जाएगा, जिससे कि सर्विस के प्रोसेस का पता लग सके। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के उद्देश्यों के मुताबिक राज्य सरकार जल्द ही लोगों को वाट्सऐप गवर्नेंस सर्विस देना शुरू कर देगी। इसके चलते लोग जल्द ही वाट्सऐप के जरिए जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र ले सकेंगे। रियल टाइम गवर्नेंस सोसायटी (आरटीजीएस) ऑफिस में कई विभागों के अधिकारियों के साथ इस सर्विस के प्रोसेस को लेकर रिव्यू मीटिंग की गई।

### न्यूज ब्रीफ

#### सामाजिक कार्यकर्ता की हत्या, 4 लोग गिरफ्तार

**पुदुकोइई।** तमिलनाडु के पुदुकोइई जिले में अवैध खनन का पर्दाफाश करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता जगबर अली की हत्या कर दी गई। इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने मौत से कुछ ही दिन पहले थिरुमायम तालुक में अवैध खनन को लेकर आरआर ग्रुप पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने 70 हजार ट्रकों से खनन के सबूत भी सामने लाए थे।

#### जम्मू में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू के ज्वेल चौक इलाके में मंगलवार दोपहर को बाइक सवार अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाशों ने थार गाड़ी पर फायरिंग की। जिसमें विजयपुर निवासी सुमित जंडियाल (36) को गोली लगी। सुमित को जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल से बुलेट बरामद की है। जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने कहा कि घटना में सुमित जंडियाल नामक व्यक्ति पर गोली चली है। यह आतंकी हमला नहीं बल्कि आपसी रंजिश का मामला है।

#### 'एक देश-एक चुनाव': जेपीसी की दूसरी बैठक 31 को

**नई दिल्ली।** एक देश-एक चुनाव से जुड़े संविधान संशोधन बिल पर चर्चा के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की दूसरी बैठक 31 जनवरी को होगी। इससे पहले 8 जनवरी को जेपीसी की पहली बैठक हुई थी। जिसमें कांग्रेस ने ड्राफ्ट को संविधान विरोधी बताया था। सभी सांसदों को 18 हजार से ज्यादा पेज वाली रिपोर्ट दी गई थी। संसद के शीतकालीन सत्र में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 17 दिसंबर को लोकसभा में 129वां संविधान संशोधन बिल पेश किया था।

#### डिजिटल अरेस्ट स्कैम में तीन गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने नवंबर 2023 में डिजिटल अरेस्ट के जरिए सॉफ्टवेयर इंजीनियर से 11.8 करोड़ रुपए की ठगी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी धवल भाई शाह (34) को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया गया। जबकि तरुण नटानी (24) और करण शमदासानी (28) को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्लासनगर से 10 जनवरी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरोह का संदिग्ध सरगना दुबई में हो सकता है, जहां से वह काम करता है।

## कोयला सेक्टर में पांच लाख नई नौकरियां जल्द : किशन रेड्डी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने देश के युवाओं को नौकरी को लेकर खुशखबरी शेयर की है। उन्होंने कहा कि कोयला क्षेत्र में अगले कुछ सालों में पांच लाख नई नौकरियों का सृजन होने वाला है। उन्होंने बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर बदलाव के चलते यह मौका मिलने वाला है। किशन रेड्डी ने ओडिशा के कोणार्क में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, कोयला क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में दो प्रतिशत का योगदान देता है। हालांकि बिजली उत्पादन में कोयले का उपयोग अब काफी कम हो गया है। लिहाजा इस बाबत किशन रेड्डी ने राज्यों को कौशल विकास और क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी कहा है। देश को प्रति वर्ष दो अरब टन कोयले की जरूरत है और मांग 2040 तक अपने चरम पर पहुंच जाएगी।

#### 76 प्रतिशत बढ़ा कोयला उत्पादन

थर्मल पावर की 72 प्रतिशत मांग पूरी हो चुकी है। 2014 की तुलना में कोयला उत्पादन 76 प्रतिशत बढ़ गया है और 2024 तक 997 मिलियन टन तक पहुंच जाएगा। सरकार का लक्ष्य 2030 तक 1.5 बिलियन टन कोयला उत्पादन करने का है।

## स्कूल गिराने की कोशिश, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**ईस्ट खासी हिल्स।** मेघालय में के ईस्ट खासी हिल्स जिले के मावकिनरेव गांव में एक निर्माणाधीन रामकृष्ण मिशन के स्कूल को गिराने की कोशिश की गई। पुलिस ने बताया कि 250 लोगों भीड़ इस स्कूल को गिराना चाहती थी। उन्हें रोकने के लिए लाठीचार्ज किया गया। स्थिति काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे गए। स्थिति तब भी कंट्रोल में नहीं आई तो गांव में कर्फ्यू लगाना पड़ा। पुलिस ने बताया कि रामकृष्ण मिशन स्कूल की स्थापना 2022 में तत्कालीन सरदार (गांव प्रमुख) ने नौ ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी करवाने के बाद की थी, लेकिन मौजूदा गांव प्रमुख ने इस फैसले का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस जमीन पर यह स्कूल अवैध है। पुलिस के साथ हुई झड़प में कुल 8 लोग घायल हुए। इनमें 4 गांव वाले और 4 पुलिस वाले थे।

# '2047 तक स्वर्ण आंध्र' : आंध्रा सीएम ने की प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ

### मुझे पूरा विश्वास है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएगा



**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत को सही समय पर सही नेता मिला है, जो देश को विभिन्न आर्थिक और सामाजिक मानदंडों पर शीर्ष पर ले जाने की क्षमता रखते हैं। नायडू ने यह बयान '2047 तक स्वर्ण आंध्र' पर एक आर्थिक कार्यबल की शुरुआत के मौके पर दिया, जिसमें राज्य के विकास और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई।

#### » राज्य में विकास की अपार संभावनाएं

सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नायडू ने कहा कि उनके राज्य आंध्र प्रदेश में विकास की अपार संभावनाएं हैं और राज्य सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भारतीय समाज की वैश्विक स्वीकार्यता का भी जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय दुनिया भर में सबसे अधिक स्वीकार्य समुदाय हैं, और यह रुझान भविष्य में भी जारी रहेगा।

#### » पीएम का नेतृत्व सही दिशा में

नायडू ने पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि हमारे पास सही समय पर सही नेता हैं। मोदी जी के पास देश के लिए सुधारों और नीतिगत दिशा के बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा और विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया के शीर्ष स्थानों पर पहुंचेगा।

#### » टाटा समूह के प्रमुख ने की नायडू की तारीफ

कार्यक्रम में उपस्थित टाटा समूह के प्रमुख एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि '2047 तक स्वर्ण आंध्र' पर आर्थिक कार्यबल का सह-अध्यक्ष बनना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने नायडू के नेतृत्व में एकीकृत आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर की गई आर्थिक दूरदर्शिता की सराहना की। चंद्रशेखरन ने कहा, हम 2047 के लिए एक रोडमैप तैयार कर रहे हैं, और इसके लिए जरूरी योजनाओं को जल्द ही लागू किया जाएगा। चंद्रशेखरन ने इस बात पर भी जोर दिया कि योजना में कई महत्वपूर्ण घटक होंगे, जिनमें शैक्षिक क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में आंध्र प्रदेश में वैश्विक स्तर के शैक्षिक संस्थान स्थापित किए जाएंगे, जो राज्य के विकास को और भी गति देंगे।

## वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 : पैनल की बैठक 24-25 को

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 पर संसद की संयुक्त समिति विचार-विमर्श के अंतिम दौर में प्रवेश कर चुकी है। समिति के सदस्यों को कानून में अपने संशोधन प्रस्तुत करने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया है। पैनल विधेयक के 44 संशोधनों पर खंडवार विचार करने में 24 और 25 जनवरी को दो दिन बिताएगा। केंद्र सरकार द्वारा बजट सत्र में इस बिल को पास करवाने की तैयारी है। सदस्यों को संशोधन प्रस्तुत करने के लिए दो दिन का समय दिया गया है और 24 और 25 जनवरी को क्लॉज-दर-क्लॉज चर्चा होगी। सूत्रों के मुताबिक, वक्फ संशोधन विधेयक-2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट संसद के बजट सत्र के पहले भाग में पेश किए जाने की उम्मीद है। केंद्र सरकार बजट सत्र में वक्फ संशोधन बिल लाने की मुकम्मल तैयारी कर चुकी है। पिछले साल अगस्त में गठित इस पैनल की दिल्ली में 34 बैठकें हो चुकी हैं। अब तक समिति ने 13 से अधिक राज्यों के वक्फ बोर्ड प्रतिनिधियों से मुलाकात की है।

# एमपी के बाद अब राजस्थान में भी कुलपति कहलाएंगे 'कुलगुरु'

### आगामी विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा बिल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मध्यप्रदेश के बाद अब राजस्थान में भी विश्वविद्यालय के कुलपति कुलगुरु कहलाएंगे। भजनलाल सरकार की बजट घोषणा के अनुसार ये बदलाव किया जाएगा। आने वाले विधानसभा सत्र में राजस्थान यूनिवर्सिटीज अमेंडमेंट बिल-2024 में कुलपति पदनाम में ये बदलाव किया जाएगा।

कुलगुरु की अधिकतम आयु सीमा भी घटाकर 65 साल की जा सकती है। देश में पुरातन काल में गुरुकुल परंपरा कायम रही थी। इसी का अनुसरण कर केंद्र सरकार ने पदनामों में बदलावों की मंशा जताई थी, जिसके बाद में मध्य प्रदेश सरकार ने पहल कर विश्वविद्यालयों में कुलपति का पदनाम बदलकर कुलगुरु किया था। इसके बाद अब दूसरे राज्यों में भी बदलाव किए जा रहे हैं। इस क्रम में राजस्थान के विश्वविद्यालयों में अब कुलपति का पदनाम बदला जाएगा। कुलपति को अब कुलगुरु नाम से संबोधित किया जाएगा।

#### कुलगुरु की अधिकतम आयु भी घट सकती है

सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप अगले महीने फरवरी में विधानसभा में राजस्थान यूनिवर्सिटीज अमेंडमेंट बिल-2024 पेश किया जाएगा, जिसके साथ ही सभी विश्वविद्यालयों में कुलपति पदनाम कुलगुरु हो जाएगा। वहीं, कुलगुरु की अधिकतम आयु सीमा भी 70 साल से घटाकर 65 साल किए जाने की कवायद की जा रही है। इसके लिए भी बिल पेश किए जाने किए जाने की संभावना है। भजनलाल सरकार के पहले बजट में प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के पदनाम बदलने की घोषणा की गई थी। वहीं, बताया जा रहा है कि राजस्थान यूनिवर्सिटीज अमेंडमेंट बिल-2024 सरकारी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ प्राइवेट यूनिवर्सिटीज पर भी लागू होगा। ऐसे में निजी विश्वविद्यालय के कुलपति भी कुलगुरु ही कहलाएंगे। विधानसभा में बिल पास होने के बाद एक गजट नोटिफिकेशन के माध्यम से इस संशोधन को लागू कर दिया जाएगा। राजस्थान की भजनलाल सरकार की ओर से पेश किए गए पहले पूर्ण कालिक बजट में वित्त मंत्री दीया कुमारी ने शिक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की थी। इसी दौरान शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए घोषणा की गई थी कि अब विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को कुलपति नहीं बल्कि कुलगुरु कहा जाएगा, जिसे अब धरातल पर उतारने की कवायद तेज हो चली है।

### राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान

# आम आदमी की एंट्री दो से, छह से नौ मार्च तक अमृत महोत्सव का आयोजन





**नई दिल्ली।** दिल्ली में राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान दो फरवरी से 30 मार्च तक जनता के भ्रमण के लिए खुला रहेगा। लोग हफ्ते में 6 दिन यहां जा सकते हैं और सैकड़ों प्रकार के फूलों के नजारे का आनंद उठा सकते हैं। केवल एक दिन सोमवार को अवकाश के चलते अमृत उद्यान बंद रहेगा। अमृत उद्यान में फूलों का नजारा सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक देखा जा सकता है। अमृत उद्यान पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने की वजह से बंद रहेगा। वहीं राष्ट्रपति भवन में आगंतुकों के सम्मेलन होने की वजह से 20 और 21 फरवरी तथा होली के कारण 14 मार्च को भी बंद रहेगा। अमृत उद्यान में सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास गेट नंबर 35 से होगा। जोकि नॉर्थ एवेन्यू राष्ट्रपति भवन से मिलता है। आगंतुकों की सुविधा के लिए, केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा सुबह 9.30 बजे से शाम 6.00 बजे के बीच हर 30 मिनट में उपलब्ध होगी।

अमृत उद्यान में प्रवेश के लिए नीचे दिए गए लिंक पर जा सकते हैं। बुकिंग के लिए क्लिक यहां करें। https://visit.rashtrapatibhavan.gov.in/ हालांकि अमृत उद्यान में यहां सीधा भी पहुंचा जा सकता है। लेकिन पहले बुकिंग से सुविधा रहती है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति भवन छह से नौ मार्च तक अमृत उद्यान विविधा का अमृत महोत्सव भी आयोजित करने जा रहा है। इस वर्ष के महोत्सव में दक्षिणी भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अनूठी परंपराओं का प्रदर्शन होगा।

#### पांच, 20, 21 फरवरी और 14 मार्च को बंद रहेगा उद्यान

#### विशेष श्रेणियों के लिए खुला रहेगा अमृत उद्यान

- **26 मार्च**- दिव्यांग व्यक्तियों के लिए
- **27 मार्च**- रक्षा, अर्धसैनिक और पुलिस बलों के कर्मियों के लिए
- **28 मार्च**- महिलाओं और आदिवासी महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए
- **29 मार्च**- वरिष्ठ नागरिकों के लिए

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.